फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 325 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 27 जून, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Crows make tools, hold grudges and solve puzzles**

Crows in Japan, for instance, place walnuts on roads so that cars will crush the shells, wait for the traffic light to change, and then safely collect the opened nuts

**Language evolves, but at what cost?**

**Potshard Inscriptions of Keeladi**

# अक्टूबर-नवम्बर में प्रस्तावित हैं, बिहार एसैम्बली के चुनाव

## 243 सीटों पर होने वाले इस चुनाव में भाजपा को घटते हुए ''वोट शेयर'' का सामना करना पड़ेगा

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 अक्टूबर-नवंबर में होने जा रहे हैं, जहाँ 243 सीटों पर मुकाबला होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) घटते वोट शेयर के संकट का सामना कर रही है।

- 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी तथा बारह सीटें जीती थी, पर, भाजपा का ''वोट शेयर'' 2019 के चुनाव के मुकाबले घटा था तथा सीटें भी कम आयी थीं।
- पर, फरवरी 2025 ''मूड ऑफ नैशन'' सर्वे में यह संभावना सामने आई थी कि एनडीए बिहार की 40 लोकसभा सीटों में से 33-35 सीटों पर विजयी हो सकता है तथा एनडीए का वोट शेयर 52 प्रतिशत तक पहुँच सकता है।
- भाजपा बड़े आक्रामक तरीके से 2025 के विधानसभा चुनावों की तैयारी कर रही है। अपना संगठनात्मक ढाँचा मजबूत कर रही है तथा जातिगत समीकरणों को सुदृढ़ करने की दृष्टि से जातिगत नेतृत्व ढूंढ-ढूंढ कर, जातिगत नेताओं को चयनित करके उन्हें पनपा रही है। उदाहरण के लिए, सम्राट चौधरी (ओबीसी नेता) को भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया है।
- पर, प्र.मंत्री के, जून माह के मध्य में बिहार के किये गये सघन दौरे व बिहार को लगभग 10,000 करोड़ की सौगातें देने के बावजूद भी पार्टी के गठबंधन में आतंरिक मतभेदों के कारण भय है कि पार्टी का वोट शेयर घटेगा। शायद इसीलिए भाजपा ने नीतीश की पार्टी से सीटों के बंटवारे पर समझौता सा कर लिया है, पर, चिराग पासवान और जीतनराम मांझी से बात नहीं की है।

भाजपा ने बिहार में चुनावी रणनीति के तहत रोहन गुप्ता के नेतृत्व में एक वॉर रूम बनाया है और विशेष ज़िला टीमें गठित की हैं, जो दिवाली-छठ के समय घर लौटने वाले प्रवासियों के साथ संवाद करेंगी।

एनडीए ने सीटों के बंटवारे की रणनीति को अंतिम रूप दे दिया है, लेकिन रिपोर्टों के अनुसार, लोक जनशक्ति पार्टी के चिराग पासवान और हम पार्टी के जीतन राम मांझी से इस पर सलाह-मशविरा नहीं किया गया।

ओबीसी नेता सम्राट चौधरी को भाजपा का बिहार प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है, ताकि जदयू के नीतीश कुमार को काउन्टर किया जा सके और प्रमुख जातिगत वोट बैंक को साधा जा सके।

26 फरवरी को, नीतीश कुमार की कैबिनेट में भाजपा के 7 विधायकों को शामिल किया गया, जिससे भाजपा को चुनाव से पहले राज्य में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिली।

2024 के आम चुनावों में भाजपा ने बिहार की 17 में से 12 सीटें जीतीं, लेकिन 2019 की तुलना में सीटें और वोट शेयर दोनों में गिरावट दर्ज की गई। एनडीए का लक्ष्य विधानसभा चुनावों में 220-225 सीटें जीतना है।

फरवरी 2025 के ''मूड ऑफ़ द नेशन'' सर्वे के अनुसार, एनडीए को बिहार की 40 में से 33-35 लोकसभा सीटें मिलने की संभावना जताई गई है, और वोट शेयर लगभग 52 प्रतिशत तक पहुँच सकता है।

मोदी ने जून के मध्य में सीवान और जसौली का दौरा किया, जहाँ 9,519

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# संविधान सर्वोच्च है, संसद नहीं-सीजेआई गवई

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई ने कहा है कि हालांकि कुछ लोग कहते हैं कि संसद सर्वोच्च है, लेकिन उनके अनुसार संविधान सर्वोपरि है। मुख्य न्यायाधीश बुधवार को महाराष्ट्र के अमरावती में आयोजित अपने सम्मान समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारत का संविधान सर्वोच्च है और लोकतंत्र के तीनों स्तंभ (कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका) उसके अधीन काम करते हैं।

- चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बी आर गवई ने अमरावती में एक सम्मान समारोह में कहा कि संसद संविधान में संशोधन कर सकती है, पर, मूल स्वरूप को नहीं बदल सकती।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय का हवाला देते हुए कहा, जो बुनियादी ढांचे के सिद्धांत पर आधारित था। उन्होंने कहा कि संसद को संविधान में संशोधन करने का अधिकार है, लेकिन वह संविधान की मूल संरचना को नहीं बदल सकती।

उन्होंने यह भी कहा कि केवल सरकार के खिलाफ फैसले देने से कोई न्यायाधीश स्वतंत्र नहीं बन जाता।

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई ने डिजिटल मैसेजों की झड़ी लगाई

## जैसा कि विदित ही है, अयातुल्ला लगभग एक सप्ताह से जनता की आँखों से ओझल हैं

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने अपनी अचानक और अस्पष्ट गुमशुदगी की अफवाहों पर ''एक्स'' के जरिए विराम लगाया है, जिससे एक नई बहस शुरु हो गई है।

ईरान, जिसने अमेरिकी और इज़रायली हवाई हमलों का सफलतापूर्वक जवाब देते हुए तेल अवीव की सर्वोच्चता को चुनौती दी थी, अब अभूतपूर्व सैन्य वृद्धि और आंतरिक अशांति से जूझ रहा है। लेकिन तेहरान शासन को सबसे ज्यादा परेशान किया, पश्चिमी मीडिया द्वारा अली खामनेई की अचानक और अस्पष्टीकृत गुमशुदगी के बारे में चल रही अटकलों ने।

86-वर्षीय नेता, जो इस्लामिक गणराज्य में सर्वोच्च अधिकार रखते हैं, पिछले एक हफ्ते से सार्वजनिक रूप से न तो कहीं दिखाई दिए और न उनकी आवाज़ सुनाई दी। हालांकि तेहरान स्थित सूत्रों का कहना है कि यह सब उनके जीवन की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है, क्योंकि अमेरिका और इज़रायल दोनों ही ईरान में शासन परिवर्तन के लिए लालायित थे।

- हालाँकि, ईरान सरकार उनकी अनुपस्थिति का कारण सुरक्षा के लिए किये गये कड़े बंदोबस्त को बता रहे हैं। इन सूत्रों का कहना है कि इज़रायल के प्रधानमंत्री बैंजामिन नेतन्याहू ने, न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, सार्वजनिक रूप से कहा है कि इज़रायल, अयातुल्ला को ''टारगैट'' कर सकता है, हालाँकि, अमेरिका ने इस संभावना को अंजाम नहीं देने की सलाह दी है।
- दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि अयातुल्ला ने स्वयम् दो वर्ष पहले उच्चस्तरीय धार्मिक नेताओं की एक समिति गठित की थी, जो उनके उत्तराधिकारी का चयन करे तथा उस समिति ने जोर-शोर से अपना काम शुरु कर दिया है।
- ईरान की सुरक्षा से सम्बद्ध एक टॉप अफसर ने ईरान की समाचार एजेंसी को बताया कि अयातुल्ला इस्लामिक गार्ड की विशेष टुकड़ी ''वली-ये-अम्र'' की सुरक्षा में हैं तथा उनसे व उनके परिवार से ईरान के वरिष्ठतम अधिकारी भी सीधा सम्पर्क नहीं कर सकते हैं। इज़रायल के 13 जून के अटैक, जिसमें ईरान के शीर्षस्थ आर्मी कमांडर व न्यूक्लियर साइंटिस्ट टारगैट करके मारे गये थे, को देखते हुए ईरान अब अपने सुप्रीम कमांडर के बारे में कुछ रिस्क लेने को तैयार नहीं है।

उनकी चुप्पी ने अफवाहों, चिंताओं और बेचैनी को जन्म दिया है, जो न केवल ईरान में, बल्कि बाहर भी महसूस हो रही है, जैसा कि पश्चिमी मीडिया लगातार कह रहा है।

खामनेई सबकी पहुँच और नज़र से

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'अगले सप्ताह ईरान से वार्ता करेगा अमेरिका, पर वार्ता में समझौता हो यह जरुरी नहीं'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने यह संकेत दिया कि ईरान को परमाणु महत्वाकांक्षा से पीछे हटने को राजी करना अब अमेरिका की प्राथमिकता नहीं है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि वे अगले सप्ताह ईरान से बातचीत करेंगे, जबकि ईरान और इज़रायल के बीच संघर्षविराम दूसरे दिन में प्रवेश कर गया है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस बातचीत का प्रारूप क्या होगा तथा क्या यह बातचीत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर किसी प्रकार की रोक लगाने या उसकी सीमा तय करने के बारे में होगी।

- ट्रंप ने जोरदार अंदाज में यह दावा दोहराया कि अमेरिकन हमलों में ईरान की परमाणु सुविधाएँ नष्ट हो गई हैं, खासकर यूरेनियम संवर्धन की सुविधा।
- अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबिओ ने सैटलाइट तस्वीरें जारी कीं, जिनमें ईरान के परमाणु केन्द्रों में भारी तबाही दिख रही थी।

'नाटो' सम्मेलन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ईरान के साथ वार्ताओं का किसी भी समझौते पर पहुंचना जरुरी है। ट्रंप यह संकेत दे रहे थे कि ईरान को परमाणु महत्वाकांक्षा त्यागने के लिए राजी करना अब प्राथमिकता नहीं रही।

ट्रंप ने उस प्रारंभिक अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट को भी खारिज किया, जो मंगलवार को जारी हुई थी। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु ठिकानों पर किए गए हमलों ने सिर्फ कुछ महीनों के लिए ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को पीछे धकेला है।

ट्रंप ने दोहराया कि इन हमलों ने

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'जनता जानती है, कुछ लोग कुर्सी के लिए कितना गिर सकते हैं'

जोधपुर/जयपुर, 26 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि ''जिसकी कभी फटी ना बिवाई, वो क्या जाने पीर पराई।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग जनता के दुख-दर्द से कभी जुड़े ही नहीं, उन्हें आम जन की पीड़ा का वास्तविक अनुभव कैसे हो सकता है? मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सलाह दी कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को स्वयं को आईने में देखना चाहिए और जनता से भी ईमानदारी से यह प्रश्न करना चाहिए कि उनके शासनकाल में जनता के साथ कितना कुठाराघात और अन्याय हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश की जागरूक जनता भली-भांति जानती है कि कुछ लोग सत्ता की कुर्सी के लिए किस स्तर तक जा सकते हैं। कुर्सी के मोह में वे कितने गिर सकते हैं,यह अब किसी से छुपा नहीं है।

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने अशोक गहलोत पर तीखा प्रहार किया।

# 'नैशनल टैस्टिंग एजेंसी असल में नैशनल करप्शन एजेंसी बन गई है'

## कांग्रेस ने नीट परीक्षा के फर्जीवाड़े का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, एन.एस.यू.आई. के प्रभारी तथा एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष ने गुरुवार को नीट परीक्षा के आयोजन पर सवाल उठाए और परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन.टी.ए.) को ''नेशनल करप्शन एजेंसी'' करार दिया।

- कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य और एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार ने महाराष्ट्र में सीबीआई द्वारा दर्ज एफआईआर और आरोपी को जमानत मिलने का मुद्दा उठाया।
- कन्हैया कुमार ने कहा कि गत वर्ष भी नीट परीक्षा में फर्जीवाड़े के आरोप लगे थे। एनटीए के अधिकारियों पर इसके लिए कार्यवाही होनी चाहिए थी, पर, सरकार इन्हें बचा रही है।

ए.आई.सी.सी. के नए मुख्यालय, इंदिरा भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने महाराष्ट्र में सी.बी.आई. द्वारा दर्ज की गई एक नई एफ.आई.आर. का हवाला दिया, जिसमें आरोपी को जमानत पर छोड़ दिया गया।

उन्होंने कहा कि एन.टी.ए. पर पिछले साल भी डेटा लीक के मामले में अनियमितताओं का आरोप लगा था। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को संरक्षण देने के बजाय एन.टी.ए. के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए और एन.टी.ए. के कामकाज की गहराई से जांच होनी चाहिए।

एन.एस.यू.आई. के ए.आई.सी.सी. इन्चार्ज कन्हैया कुमार ने कहा कि नीट परीक्षा की पारदर्शिता पर उनकी पार्टी ने नहीं, बल्कि सी.बी.आई. ने सवाल उठाया है। दो लोगों को जमानत मिल गई है जबकि तीन अभी भी फरार हैं।

सी.बी.आई. ने महाराष्ट्र में एफ.आई.आर. दर्ज की है, जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और तीन लोग फरार हैं। जिन दो लोगों को गिरफ्तार किया गया, उन्हें जमानत मिल गई है और ये गिरफ्तारियां भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत की गई हैं। इससे तीन अहम सवाल उठते हैं:

पहला, सी.बी.आई. कह रही है कि इसमें किसी भी एन.टी.ए. अधिकारी के लिप्त होने की संभावना नहीं है। सवाल यह है कि अगर कोई सरकारी अधिकारी लिप्त नहीं है, तो फिर एफ.आई.आर. भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत क्यों दर्ज की गई?

दूसरा, जब तीन लोग फरार हैं तो दो लोगों को जमानत कैसे मिल गई? और तीसरा, छात्रों के माता-पिता द्वारा दिए गए विवरण, जो मीडिया रिपोर्ट्स में आए हैं, उन्हें देखकर क्या यह संभव है कि इतनी बड़ी अनियमितता किसी वरिष्ठ अधिकारी की संलिप्तता के बिना हो सकती है?

उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री परीक्षाओं पर चर्चा करते हैं, लेकिन देश में शायद ही कोई ऐसी परीक्षा हो जिस पर सवालिया निशान न हो। ऐसा कोई साल नहीं जाता, ऐसा कोई राज्य नहीं है, जहाँ प्रश्नपत्र लीक नहीं हो रहे हैं।

कन्हैया कुमार ने कहा, सवाल यह है कि सरकार की प्राथमिकता क्या है। सरकार की प्राथमिकता सिर्फ और सिर्फ वीडियो बनाना है। चाहे वह परीक्षा के नाम पर वीडियो बनाना हो या हादसा होने पर वीडियो बनाना, उन्हें सिर्फ रील्स बनाने में दिलचस्पी है।

# एक्सिओम -4 अन्तर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से कनैक्ट हुआ

फ्लोरिडा, 26 जून। एक्सिओम-4 मिशन का स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गया और इसके साथ ही,भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने इतिहास रच दिया। वह आईएसएस में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गये।

- इसी के साथ भारतीय वायु सेना के कैप्टन शुभांशु अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

भारतीय अंतरिक्ष आकांक्षाओं के लिए एक बड़ी छलांग लगाते हुए भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज इतिहास में तब दर्ज हो गए जब ड्रैगन कैप्सूल आईएसएस पर

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भारत व अमेरिका में ताबड़तोड़ बातचीत चल रही है, ''ट्रेड-डील'' फाइनल करने के लिए

## सबसे बड़ी रुकावट आ रही है, ''फार्म प्रोडक्ट्स'' (कृषि उत्पाद) के व्यापार में

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। जैसा कि पहले तय हुआ था, एक ट्रेड टीम वर्तमान में अमेरिका का दौरा कर रही है, ताकि दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक समझौते के विवरण को 5 जुलाई की समयसीमा से पहले अंतिम रूप दिया जा सके, जब तथाकथित पारस्परिक शुल्क लागू हो जाएंगे।

हालाँकि वार्ताएँ कई क्षेत्रों में आगे बढ़ी हैं, लेकिन कुछ संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर कृषि उत्पादों के व्यापार में, गंभीर मतभेद उभर कर आए हैं।

किसी भी व्यापार वार्ता में कृषि क्षेत्र सबसे बड़ी बाधा रहा है, भले ही राष्ट्रीय आय में इसका बहुत बड़ा योगदान न हो। इसका कारण यह है कि कृषि से जुड़े मुद्दे अत्यंत संवेदनशील और राजनीतिक रूप से बहुत ही नाज़ुक होते हैं।

भारत और अमेरिका के बीच चल रही बातचीत में, अमेरिका की भारतीय कृषि बाजार में पहुँच की माँग ही सबसे बड़ी अड़चन बन रही है। अमेरिका मक्का, सोया, गेहूं जैसे उत्पादों का एक विशाल उत्पादक है। भारत भी इन उत्पादों का बड़ा उत्पादक है, लेकिन देश में माँग भी बहुत अधिक है।

दो प्रमुख मुद्दे हैं, पहला है, कृषि सब्सिडी। अमेरिका अपने किसानों को इतनी भारी सब्सिडी देता है, जिसका मुकाबला भारत नहीं कर सकता। उदाहरण के लिए, अमेरिका के कपास उत्पादकों को 100 अरब डॉलर की सब्सिडी मिल रही है, जो अमेरिकी कृषि का एक छोटा सा हिस्सा हैं। इसी वजह से डब्ल्यु.टी.ओ. में अमेरिका और अफ्रीकी देशों के बीच बातचीत रुक गई थी। पर्यावरण संरक्षण और अन्य उपायों के नाम पर किसानों को अरबों डॉलर की आर्थिक मदद दी जाती है, जिससे वस्तुतः लागत से कम कीमत पर माल बेचकर अमेरिकी उत्पादक बाज़ार पर कब्ज़ा कर सकते हैं।

- अमेरिका, अपने किसानों को अरबों डॉलर की सब्सिडी देता है। ''एनवायरमैंट प्रोटैक्शन'' (पर्यावरणीय सुरक्षा) आदि के नाम पर। इस सब्सिडी के कारण, अमेरिका के किसान अपना माल बहुत ही सस्ते दामों पर बेचता है। भारत इस सब्सिडी का मुकाबला नहीं कर सकता और उसे बाजार से उखड़ने का डर है, अमेरिकी माल के सामने।
- इसके अलावा, अमेरिका, अन्य देशों में उसके द्वारा विकसित जैनैटिकली मॉडिफाइड (जी.एम.) फसलें बेचना चाहता है, जिसे अन्य देशों के किसान सावधानी से परीक्षण किये बगैर स्वीकार नहीं करना चाहते।
- जापान ने तो व्यापार पर बातचीत करने से इंकार कर दिया था, जब अमेरिका ने अपना चावल उन पर थोपना चाहा था। जापान का तर्क था कि जापानवासी जापान में पैदा हुए ''स्टिकी'' चावल ही खाते हैं, उन्हें दूसरा चावल भाता ही नहीं।
- हालाँकि, 5 जुलाई से पहले भारत, अमेरिका से व्यापारिक समझौता कर लेना चाहता है, क्योंकि नहीं तो भारत पर भारी ''टैरिफ'' लगने की धमकी है।
- हालाँकि, कोई भी देश, कनपटी पर बंदूक लगाकर व्यापारिक सौदेबाजी बर्दाश्त करके अपना आत्मसम्मान नहीं खोना चाहेगा।

दूसरा मसला है, अमेरिका में बड़ी संख्या में जेनेटिकली मॉडिफाइड फसलें उगाई जाती हैं। ऐसे बीजों का प्रसार और सामान्य खेती में उनका घुसपैठ करना भारत की पारंपरिक फसलों के लिए विनाशकारी हो सकता है। इससे देश की स्थानीय किस्मों की जैव विविधता को खतरा हो सकता है। इसलिए ऐसे बीजों को किसी नए पर्यावरण में अपनाने और उपभोग से पहले उचित सावधानी बरतनी आवश्यक है। इस संदर्भ में संरक्षण

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 345 राजनैतिक दलों का रजिस्ट्रेशन रद्द

नयी दिल्ली, 26 जून। चुनाव आयोग ने ऐसे 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की पहचान कर उनको सूची से हटाने का काम शुरु कर दिया है जो पिछले छह वर्षों में एक भी चुनाव लड़ने की आवश्यक शर्त को पूरा करने में विफल रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने मिलकर 345 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस दायरे में वे सभी राजनीतिक दल होंगे, जो 2019 से कहीं भी सक्रिय नहीं हैं। ये सभी पंजीकृत गैर-मान्यताप्राप्त दल देश के विभिन्न राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मौजूद हैं। आयोग ने कहा है कि उसके संज्ञान में आया है कि वर्तमान में आयोग के पास 2,800 से अधिक पंजीकृत गैर मान्यताप्राप्त दल हैं।

- चुनाव आयोग ने कहा कि इन दलों ने 6 साल से कोई चुनाव नहीं लड़ा है।

## विचार बिन्दु

''जीवन के अच्छे दिनों में कभी भी उन लोगों को ना भूले जो जीवन के बुरे दिनों में आपके साथ थे।''

- अरविन्द कटोच

# राजनैतिक पार्टियां कब तक संविधान की अवज्ञा करती रहेंगी

देश की राजनैतिक पार्टियां कब तक संविधान की अवज्ञा करती रहेंगी।

देश की राजनीतिक पार्टियां चाहे वे पक्ष की हों अथवा विपक्ष की एक दूसरे पर दोषारोपण कर रही हैं कि वे देश के संविधान को खत्म करने पर आमादा हैं। कांग्रेस हो अथवा भाजपा जब भी वे शासन में रहे, उन्होंने संविधान के अमल में चूक की है।

भारत का वर्तमान संविधान भारत के लोगों ने बनाया है। उन्होंने स्वयं को ही इसे अंगीकृत, अधिनियमित कर आत्म अर्पित किया है। संविधान 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ। इस प्रकार हम भारत के लोगों ने भारत को एक सम्पूर्ण, प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य दिया।

प्राचीन काल में भारत में शासक धर्म से बंधे हुये थे। अत: धर्म की पालना होती थी। वर्तमान में यहां संविधान विधान वाद है। संविधान के अधीन जो कानून संसद द्वारा बनाये जाते हैं, लोकतंत्र उससे शासित होता है। इसका अर्थ है, देश धर्म से नहीं रूल ऑफ लॉ से चलता है। हम लोगों ने देश को धर्म निरपेक्ष माना और शासक के धर्म से अलग कर दिया। सभी नागरिकों को लोक व्यवस्था, सदाचार और संविधान में दिये गये अधिकारों व दायित्वों के अधीन अन्त:करण की और धर्म के अबाध रूप से मानने, आचरण और प्रचार की स्वतंत्रता दी। संविधान निर्माताओं ने हमें सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक न्याय देने की प्रतिबद्धता अभिव्यक्त की है।

संविधान में देश धर्म निरपेक्ष है, किन्तु आज धर्म के नाम पर ही वोट मांगे जा रहे हैं। संविधान ने धर्म, जाति, लिंग के आधार पर भेद का निषेध किया है; किन्तु राजनीतिक पार्टियों ने जाति के आधार पर ही चुनावों में अपने अपने उम्मीदवार खडे.किये। संविधान ने कहा शक्ति का केन्द्र साधारण मतदाता है; किन्तु नेताओं ने मतदाता को शक्तिहीन कर दिया उसे जाति धर्म के नाम पर विभाजित कर दिया। गांधी के समय आन्दोलन अहिंसक थे, वर्तमान में हिंसक होते हैं तोडफोड की जाती है। संविधान ने बाद हमने जागीरदारी वंशवाद को समाप्त किया। राजाओं के राज्य को छीना और जनता को शासक बना दिया; किन्तु राजनेता ही स्वयं तानाशाह होकर शासन चला रहे हैं। राज्यों में ही नहीं राजनैतिक पार्टियां भी वंशवाद में डूबी हुई हैं। वर्षों से देख रहे हैं, कम पढे.लिखे लोग कानून बनाने वाली संसद में आते हैं, जहां आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की संख्या बढ़ रही है। आचरण की शुद्धता कहीं खो चुकी है। संविधान ने समानता का अधिकार दिया, हमने आरक्षण का विष उसमें डालकर भेदभाव का भूत खड़ा कर दिया। साधरण भाषा में अल्पसख्यंक अभिप्राय मेजोरिटी के विपरीत है। अल्पसंख्यक शब्द का प्रयोग संविधान में अनुच्छेद 29/30 में धार्मिक व भाषायी ग्रुप के रूप में आता है। हमने राजनीतिक अल्पसंख्यक पैदा कर दिये। नेशनल माइनोरिटी अधिनियम, 1992 के माध्यम से हमने अल्पसंख्यक को यह कहकर परिभाषित किया कि अल्पसंख्यक वह ग्रुप है, जिसे केन्द्र सरकार अपनी विज्ञप्ति में अल्पसंख्यक घोषित कर दे। कानून जानने वालों इस ।तइपजतंतल परिभाषा को अवैध घोषित कराना चाहिये। टीएमए पाई के केस में सुप्रीम कोर्ट की वृहद पीठ ने अपने 2002 के निर्णय (2002 (8) एससीसी 481) में स्पष्ट कहा है कि धार्मिक व भाषायी अल्पसंख्यक अनुच्छेद 30 के अन्तर्गत आते हैं और इसका निर्णय राज्यों की इकाई के आधार पर होना चाहिये। यह सच है धर्म और भाषा के आधार पर अल्पसंख्यकों को अपने अपने शिक्षण संस्थानों को संचालित करने का अधिकार है।

> **भारत का वर्तमान संविधान भारत के लोगों ने बनाया है। उन्होंने स्वयं को ही इसे अंगीकृत, अधिनियमित कर आत्म अर्पित किया है। संविधान 26 जनवरी, 1950 से लागू हुआ। इस प्रकार हम भारत के लोगों ने भारत को एक सम्पूर्ण, प्रभुत्व सम्पन्न लोकतंत्रात्मक गणराज्य दिया।**

लोकतंत्र में मतदान सबसे अधिक मूल्यवान अधिकार है; किन्तु वह भी आज उपभोक्ता वाद में फंस चुका है। मतदाता को आसानी से लुभाया जा सकता है। फ्रीबीज भी तो मतदाता को दिया गया प्रलोभन ही है। जो निष्पक्ष भाव से मतदान करते हैं, अपने को ठगा मान रहे हैं। सबके सामने वोट बैंक का प्रश्न है।

सभी राजनैतिक पार्टियां चुनाव घोषणा पत्र जारी करती हैं; किन्तु क्या 5 वर्षों में उन्होंने वायदों की पालना की, कोई पूछने वाला नहीं है। संविधान से शायद वे ऊपर हैं।

क्या उपरोक्त कुछ घटनायें यह साबित नहीं करती कि राजनीतिक पार्टियां नियमित रूप से संविधान की अवज्ञा कर रही हैं।

आइये हम संविधान में शिक्षा, आरक्षण, भाषा, दलीय प्रणाली, लोकतंत्र में व्हिप का प्रयोग नीति निदेशक तत्व, मूल अधिकार व मूल कर्त्तव्यों आदि के बाबत भी चर्चा करें कि क्या देश की राजीनीतिक पार्टियां संविधान के संबंधित प्रावधानों की अवज्ञा तो नहीं कर रही हैं?

संविधान निर्माताओं ने संविधान के लागू होते समय अनुच्छेद 45 में शिक्षा के हेतु निर्देश दिया था कि देश के 14 वर्ष तक के बालकों/ बालिकाओं को संविधान के लागू होने से 10 वर्ष की अवधि में अनिवार्य व नि:शुल्क शिक्षा पूरी की जावेगी। किन्तु 10 वर्ष की अवधि में अपने दायित्व को नहीं निभाया, अवज्ञा की। 10 वर्ष की अवधि का यह प्रावधान बाध्यकारी था। संविधान के मूल ढांचे का अभिन्न भाग था। इसकी असमर्थता को छिपाने के हेतु संविधान का 86वां संशोधन अधिनियम, 2002 लाया गया। इसके अनुसार अनुच्छेद 45 में दिये गये 6 वर्ष तक के बालकों के मौलिक अधिकार छीन लिये गये। एक नया अनुच्छेद 21क संविधान में जोड़ दिया गया और उसमें 6 से 14 वर्ष के बालकों को ही शिक्षा का मूल अधिकार दिया गया। जिन्हें आरटीआई एक्ट 2009 के शिक्षा देने की व्यवस्था की। इसका यह असर है कि आज भी करोडों बच्चे जिनकी उम्र 6 वर्ष से कम है, शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाये हैं और अनिवार्य शिक्षा की धज्जियां उडाते हुये चौराहों पर भीख मांगते हुये या ढाबों में काम करते हुये नजर आते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में माना है कि यदि 14 वर्ष से कम आयु का लडका जेल में है तो भी उसकी शिक्षा की व्यवस्था जेल में की जावेगी।

नीति निदेशक तत्वों में अनुच्छेद 37 है, जिसमें कहा गया है कि नीति निदेशक तत्व कोर्ट में प्रवर्तनशील नहीं हैं; किन्तु वे भूल जाते हैं कि अनुच्छेद 41 स्पष्ट करता है कि देश के आर्थिक उत्थान और आर्थिक समृद्धि के हेतु, नीति निदेशक तत्वों के निर्देशों की पालना राज्य करेगा अर्थात् संविधान निर्माताओं ने देश की आर्थिक उन्नति पर भरोसा था कि देश की सरकार अपना यह ध्येय 10 वर्षों में प्राप्त कर लेगी। यों भी भाग 3 व भाग 4 के अधिकार मानव अधिकार हैं जो प्रवर्तनीय हैं। अनुच्छेद 21 की व्याख्या करते हुये माननीय सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में घोषणा की है कि देश के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा का अधिकार है चाहे वह तकनीकी हो अथवा उच्च शिक्षा। देश अब तो विश्व की तीसरी आर्थिक इकाई बन चुका है। राजस्थान में 12वीं क्लास तक की शिक्षा अनिवार्य व नि:शुल्क है। कृपया कानून पढ़ें। संविधान में राजनीतिक आरक्षण का प्रावधान चुनाव में अनुसूचित जातियों व जनजाति के लोगो को खडे. होने का अधिकार अनुच्छेद 334 में दिया है। यह व्यवस्था केवल 10 वर्षों की थी और 10 वर्ष पश्चात वह स्वत: ही समाप्त हो चुका है। यह व्यवस्था संविधान के मूल ढांचे का भाग है; किन्तु प्रत्येक दस वर्ष के बाद इस अवधि 10 वर्ष और बढ़ा दिया जाता है। इस प्राकर की व्यवस्था को किये जाने वाले प्रावधान यानी संविधान संशोधन अधिनियम भी अवैध हैं। राज्य का यह कृत्य संविधान की घोर अवज्ञा है। संविधान संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली रिट् याचिकाये सन 2002 से लम्बित हैं। समता आन्दोलन समिति, जयपुर की भी एक याचिका है।

नेता लोग आज कल संसद व संसद के बाहर संविधान की पुस्तक लिये दिखाई देते हैं। आरोप लगाते हैं शासन के व्यक्ति संविधान को ही समाप्त करना चाहते हैं, पर वे शायद यह नहीं जानते उन्होंने स्वयं संविधान को शायद पढ़ा ही नहीं है। उनके अनुसार 35ए तथा अनुच्छेद 370 कश्मीर के लोगों को विशेष अधिकार देते हैं, उनके ये अधिकार छीन लिये गये हैं। अनुच्छेद 35ए को संविधान की किसी भी पुस्तक में आप ढूंढते ही रह जाओगे, क्योंकि वह संविधान का भाग है ही नहीं।

व्हिप का प्रयोग एक प्रक्रिया मात्र है इसके पीछे कानून की शक्ति (ैदबजपवद) नहीं है। इसका प्रयोग वहां संभवत: हो सकता है जहां पार्टी के गिरने का प्रश्न पैदा हो रहा हो; किन्तु संविधान संशोधन के हेतु इसका प्रयोग डेमोक्रेसी की हत्या करना है। मतदान का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता व मतदाता का विशेषाधिकार है। गोपनीय मतदान के दर्शन के विपरीत है।

अंग्रेजी के मोह व भाषा विवाद के कारण संविधान निर्मात्री सभा ने संविधान का मूल प्रारूप अंग्रेजी में बनाया; किन्तु यह भी स्पष्ट कर दिया कि राजभाषा तो हिन्दी ही होगी। संविधान को जीम ब्वदेजपजनजपवद व ्पदकपं नाम दिया और देश का नाम प्दकपं जींज पे ठींतंज रखा। जबकि देश का नाम भगवान ऋषभदेव के पुत्र भरत के नाम से पुकारा जाता रहा है।

इसके प्रमाण पुराणों महाभारत अनेक धर्मग्रन्थों में मिलते हैं। भारत शब्द का अर्थ है, धर्म में लीन (भा रत)। अंग्रेजी भारत देश में बोलने वाली भाषाओं में (मातृ भाषाओं) में नहीं है। संविधान की आठवीं अनुसूची में देश की 22 भाषायें हैं। हाँ, यहां हजारों बोलियां बोली जाती हैं। हमने कभी विचार नहीं किया कि प्दकपं शब्द का क्या अर्थ है। अंग्रेजी-हिन्दी शब्दकोश (भाई, भोर्या) में इंडिया का अर्थ भारत है व प्दकपंद शब्द का अर्थ है अमेरिकन आदिवासी। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में एक समय इंडिया उस देश को कहा है जहां अनपढ़ चोर उच्चके आदिवासी रहते थे। संभवत: संविधान निर्माताओं से कहीं चूक हुई है, अत: संविधान संशोधन आवश्यक है। इस हेतु एक प्रतिवेदन भारत सरकार के समक्ष विचार हेतु लम्बित है।

**सबको सन्मति दे भगवान!**

**-अतिथि सम्पादक**
**पानाचन्द जैन**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# युद्ध दो देशों में संघर्ष ही नहीं पारिस्थितिकी तंत्र पर भी डालता है असर

## युद्ध के कारण जनहानि के साथ ही करोडों की संपत्ति और युद्ध सामग्री का नष्ट होना भी एक बात है। युद्ध आयुधों के प्रयोग के कारण प्रकृति पर प्रतिकूल असर पड़ता है




डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

युद्ध केवल जन-धन हानि तक ही सीमित नहीं रहकर इसके साईड इफेक्ट जन-धन हानि से भी अति गंभीर होते हैं। युद्ध के चलते जिस तरह के गोला-बारुद और केमिकल युक्त बम, मिसाइलें और ना जाने क्या क्या का उपयोग होता है जो प्रकृति पर दूरगामी नकारात्मक असर छोड़ते हैं। आज भले ही इजरायल-ईरान युद्ध के बीच युद्धविराम हो गया हो और भारत पाक युद्धविराम की तरह इसका श्रेय भी डोनाल्ड ट्रम्प ले रहे हो पर युद्ध के दूरगामी दुष्परिणामों से आने वाली पाढ़ी और प्रकृति किसी को माफ करने वाली नहीं है। हांलाकि इजरायल-युद्ध में दोनों देशों द्वारा ही अपनी अपनी जीत के दावें किये जा रहे हैं पर यह नहीं भूलना चाहिए कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता तो दूसरी और आज के समय में युद्ध किसी निर्णायक स्तर पर पहुंच ही जाये यह भी कहा जाना बेमानी होगा। इजरायल-ईरान युद्ध से पहले इजरायल-हमास युद्ध, भारत पाकिस्तान के बीच ऑपरेशन सिन्दूर और लंबे समय से लगातार चला आ रहा रुस-यूक्रेन युद्ध हमारे सामने हैं। आज चल रहे इन युद्धों में से किसी को भी निर्णायक स्तर पर पहुंचते हुए नहीं देखा जा सकता और आज के समय के इन युद्धों को निर्णायक स्तर पर ले जाने की बात करना भी बुद्धिमानी नहीं मानी जा सकती। आज का युद्ध कोई बच्चों का खेल नहीं है। यूक्रेन जैसा छोटा सा देश रुस जैसे बिग गन का पूरे साहस के साथ मुकाबला कर रहा है। देखा जाए तो आज दुनिया के हालात अच्छे नहीं कहे जा सकते। एक और युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं तो दूसरी और दुनिया के देश आंतकवादी गतिविधियों से दोचार हो रहे हैं। बांग्लादेश का तक्ता पलट हमारे सामने है तो पाकिस्तान में औपचारिक रुप से सेना द्वारा सत्ता पर काबिज होने के समाचार देर सबेर आने ही है। अमेरिका में दूसरे देशों से शरणार्थी के रुप में आये लोग आये दिन नाक में दम कर रहे हैं। योरोपीय देश खासतौर से फ्रांस इसका भुक्तभोगी रह चुका है। देखा जाए तो दुनिया के अधिकांश देश अशांति के हालात से दो चार हो रहे हैं। युद्ध चाहे आज के जमाने का हो या पुराने जमाने का अपने निशान धरती पर लंबे समय तक के लिए छोड़.जाते हैं। यह कहना कि युद्ध इतिहास की बात रह जाता है, गलत होगा। यह विश्लेषण में युक्तिसंगत नहीं कहा जा सकता कि युद्ध के दौरान अमुख देश के इतने करोड रुपए प्रतिदिन खर्च हो रहे थे या युद्ध के कारण जनहानि के साथ ही करोडों की संपत्ति और युद्ध सामग्री का नष्ट होना भी एक बात है। इसके साथ ही युद्ध में प्रयुक्त सामग्री खासतौर से युद्ध आयुधों के प्रयोग के कारण प्रकृति पर कितना प्रतिकूल असर पड़ता है वह अकल्पनिय होता है। हालिया युद्धों में किस तरह से मिसाईलों का इस्तेमाल किया गया है और दूसरी और उन्हें नष्ट करने के प्रयास हुए हैं। इससे केवल क्षेत्र विशेष ही नहीं अपितु वायु मण्डल, पारिस्थिति तंत्र सहित प्रकृति पर गंभीर दूरगाामी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बम, गोलाबारी, धुंआ, रासायनिक तत्वों के उपयोग से ग्रीन हाउस गैसों में बढ़ोतरी हुई है। ग्लोबल वार्मिंग पर इसका सीधा सीधा असर पड़ेगा। यह तो वायुमण्डल के प्रदूषित होने और ग्लोबल वार्मिंग की बात है दूसरी तरफ रासायनिक बमों के अवशेष और युद्ध के कारण बारुदी सुरंगों या बारुद आदि सामग्री के उपयोग के कारण भूजल, मिट्टी आदि भी प्रदूषित होती है और पानी के प्रदूषित होने और मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। इसके साथ ही जल, थल और नभ तीनों ही स्थानों पर जैव विविधता प्रभावित होती है। वन्य जीवों के साथ ही पशु-पक्षियों सहित अन्य प्रजातियों की विलुप्ति सहित अनेक दुष्प्रभाव सामने आते हैं। युद्ध के कारण जीवाश्म ईंधन के अत्यधिक उपयोग से प्रदूषण के साथ ही प्राकृतिक संसाधनों पर विपरीत प्रभाव आता है। पारिस्थितिकी तंत्र के प्रभावित होने के साथ ही युद्ध के कारण जिस तरह से जन-धन हानि और प्रकृति पर विपरीत प्रभाव के साथ ही युद्ध के कारण संसाधनों के नष्ट होने, उन्हें वापिस दुरुस्त करने, आधारभूत संरचना विकसित करने और कुछ कार्य तत्काल दुरुस्त करने के होते हैं तो कुछ सुधार कार्यों में लंबा समय लगना होता है। इस तरह से युद्ध के कारण केवल दो देशों के बीच तात्कालीक संघर्ष और संघर्ष विराम मात्र नहीं होता और युद्ध का असर केवल जन-धन हानि तक ही सीमित नहीं होता यहां तक कि युद्ध का असर युद्धरत देशों तक ही नहीं होता अपितु युद्ध के कारण प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रुप से अधिकांश देश प्रभावित होते हैं और प्राकृतिक संसाधनों पर सीधा असर पड़ता है। आज जिस तरह से विश्व गांव की बात की जाती है ग्लोबल की बात की जाती तो है यह साफ है कि युद्ध केवल युद्धरत देशों ही नहीं अपितु समूचे विश्व को युद्ध की आंच से दो चार होना पड़ता है। ऐसे में साम्राज्यवादी सोच और अहम् को त्याग कर उसके स्थान पर आपसी समझ और बातचीत से ही समस्या का समाधान महत्वपूर्ण हो जाता है।

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**कवरिष्ठ लेखक**

# भारत की पुलिस-का मनोविज्ञान



राम निवास बैरवा

राजस्थान के डी.जी.पी. (डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस) रहे थे डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया। उनका एक लेख उनकी सेवानिवृति के 15 वर्ष बाद और उन्हें भारतीय जनता पार्टी की तरफ से राज्यसभा का सदस्य बनाये जाने के तत्काल पहले मार्च 2004 में छपा था। 1978-79 में प्रशिक्षण के लिय वे इंगलैण्ड गये थे। वहां की पुलिस व्यवस्था की चर्चा अपने उस लेख में की थी। ाहां लंदन, स्कॉटलैण्ड यार्ड एवं अन्य महानगरों के पुलिस अधिकारियों से हुई बातचीत एवं जानकारी से दो सदाचरण- सत्यनिष्ठा (ईमानदारी) और कार्यकुशलता तथा दो मूल्य जिनके प्रति प्रतिबद्धता है- राजनीतिक तटस्थता एवं जाति-धर्म निरपेक्षता का उल्लेख करते हुए एक संस्मरण भी बताया था-

''-- मैंने मेनचेस्टर के तत्कालीन चीफ पुलिस कमीश्नर एच. एंडरसन से पूछा कि यदि इंगलैण्ड का होम सेक्रेटरी (गृहमंत्री) उन्हें किसी अपराधी, जिसके विरूद्ध चालान करने के पुख्ता सबूत हों, अदालत में चालान न करने की फोन पर सिफारिश करे तो आप क्या करेंगे? उन्होंने आश्चर्य से कहा कि ऐसी परिस्थिति कल्पनीय नहीं है। मैंने कहा, 'मान लीजिए ऐसा हो जाए?' उन्होंने बेहिचक जवाब दिया, 'मैं फोरन प्रेस कांफ्रेस कर यह दुराचरण जग-जाहिर कर दूंगा, जिसके कारण सरकार को इस्तीफा देने को बाध्य होना पडेगा उन्होंने यह भी कहा कि उनको उनके पद से केवल दो परिस्थितियों में ही हटाया जा सकता है; रिश्वत लेने या पागलपन के कारण। डॉ. पिलानिया जैसे कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी है जो रिटायर होने के बाद पुलिस व्यवस्था के बारे में बहुत लिखा है। पुलिस व्यवस्था में सुधार के लिए कई समितियों, आयोगों ने कई सिफारिशें भी की हैं, लेकिन उनका मकसद सिर्फ नये थाने खोलना, संचार व्यवस्थाओं में सुधार और पदोन्नति आदि सेवा शर्तों में सुधार तक ही सीमित रहा है। हालांकि, पुलिस की ड्यूटी की अवस्थाओं, उसका उन पर पड़ने वाले मानसिक असर की बातें भी की हैं- परन्तु किसी भी रिपोर्ट में पुलिस के कांस्टेबल से लेकर उच्चतम पदों पर बैठे आई.पी.एस. अधिकारियों तक के आमजनता के प्रति व्यवहार, अपराधों और अपराधियों के प्रति मनोदशा, मानसिकता के बारे में कभी कुछ नहीं कहा गया। नतीजा, यह है कि अच्छे वेतन, सुविधाओं के बावजूद पुलिस की मानसिकता में कोई बदलाव नहीं हो पाया है। इस प्रकार की मानसिकता के कारणों की पड़ताल आवश्यक है।

1970 के दशक में एक फिल्म आइ थी ''निशान्त''। सामन्तवादी समाज के परिवेश के साथ वर्तमान को भी जोडा गया था उस फिल्म में। उसके कथानक में जमींदार के परिवार के कुछ युवक एक अध्यापक की पत्नी को अपहरण करके ले जाते हैं और उसे निरन्तर बलात्कार का शिकार बनाते हैं, जबकि वे प्रतिदिन अपने खेतों में काम करने वाली औरतों, लड़कियों का नियमित उपभोग तो करते ही हैं। अध्यापक की पत्नी के अपहरण को क्यों केंद्र में रखा गया है? इसलिए कि वह समाज को, प्रशासन को आन्दोलित करता है। इसी से पुलिस के व्यवहारिक मनोविज्ञान को समझा जा सकता है। खेतों में काम करने वाली औरतों, लड़कियों से बलात्कार समाज को, प्रशासन को आन्दोलित नहीं करता। दरअसल, हमारा भारतीय समाज सामन्तवादी समाज व्यवस्था में जी रहा है। उसमें, नीची, पिछडी, आदिवासी, वनवासी लोगों के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार, उनका शोषण, उनकी औरतों-युवतियों, लडकियों का शारीरिक शोषण सामान्य बात है। पुलिस और प्रशासन उसे अपराध नहीं मानता, उनका कोई संज्ञान नहीं लिया जाता। इसके उलट, उन्हें इन सबका आदि या हेबिच्यूअल मानकर उनकी अवहेलना कर दी जाती है, क्योंकि उनके साथ ऐसा व्यवहार करने वाले हमारे सभ्य समाज के वे ही लोग हैं जो किसी न किसी आर्थिक-राजनीतिक या प्रशासनिक प्रयोजन से उनके सम्पर्क में आते हैं।

इनमें उनके साथ सुरक्षा के नाम पर साथ चलने वाले पुलिस अधिकारी और कर्मचारी भी होते हैं। अत: उनके प्रति होने वाला प्रत्येक दुर्व्यवहार नेताओं, प्रशासनिक अधिकारियों और स्वयं पुलिस को ही अपराधी बनाते हैं, अत: आमतौर पर उन लोगों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार नेताओं, प्रशासनिक के गलियारों को आंदोलित नहीं करता है। ऐसा इसलिए कि प्रशासन और पुलिस की सम्पूर्ण व्यवस्था भी उसी सामंती समाज की प्रतिछाया है, रेप्लिका है, अत: समाज के विभिन्न वर्गों, विभिन्न जातियों के प्रति पुलिस का व्यवहार भी उसी के अनुरूप होता है। अगर आप पुलिस थाने में कोई शिकायत लेकर जाते हैं तो अनकहे ही वे आपकी जाति, धर्म, आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक तथा राजनैतिक हैसियत का आंकलन कर लेते हैं तथा उसी अनुरूप आपके प्रति व्यवहार तय कर लेते हैं। दूसरे, पुलिस का एक और मनोवैज्ञानिक सोच है। वह है, देश का हरेक नागरिक, नागरिक होने के पहले एक अपराधी है। यह सोच लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा संवैधानिक मान्यताओं के अनुरूप नहीं है। वैसे तो भारत के विद्यमान सभी कानूनों में ''चूककर्त्ता-डिफॉल्टर'' बनाये जाने के प्रावधानों लिखे गये हैं, जिनके लिए प्रशासनिक अधिकारी सजा देने को तत्पर रहता है और बचने-बचाने के लिए रिश्वतों का लेन-देन किया जाता है। लेकिन पुलिस ाी नजर में आप हर कदम पर अपराधी है, चाहे आप सड़क पर चल रहे हों या किसी सार्वजनिक स्थान पर अपनी मानसिक शान्ति के कुछ पल ढूंढ रहे हों, और कुछ नहीं तो आवारागर्दी की धाराएं बताना शुरू कर देंगे, ट्रैफिक पुलिस किसी तरह से आपको चालान की धमकी देकर और आपका ड्राइविंग लाइसेंस जब्त कर लेने की धमकी से आपको अपराधी बना ही देंगे। यदि आप किसी पुलिस के कांस्टेबल से भी नियम-कानून की बात कहेंगे तो उसका सीधा सा रोबीला जवाब होता हैं-''हमें कानून सिखा रहे हो क्या?'' ऊपर के अधिकारी तो जजों से भी ज्यादा कानून के ज्ञाता मानते हैं अपने आपको- आप अपनी बात कहने की कोशिश करेंगे तो आप ''शान्ति भंग'' के लिए नहीं तो राजकार्य में दखल देने के अपराधी बना दिये जायेंगे।

आप अगर अपनी शिकायत की कोई अन्य प्रकार की जानकारी लेना चाहेंगे तो मौखिक तरीके से ही बताया जायेगा- लिखित में आपको कुछ नहीं देंगे। लिखित में आपको सिर्फ ''थान में हाजिर होने'' का नोटिस ही मिलता है। और सबसे बडी बात, पुलिस में दर्ज आपके किसी भी अपराध को न्यायालय तक नहीं बदल सकता है? आपको अदालतों के चक्कर लगाने ही पड़ेंगे और जेल में बंद रहना पड़ा तो वो भाग्य। राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा बाकी लोगों को यही सब भुगतना पड़ताा है। पुलिस यह भी जानती है कि उनके चंगुल में फंसा हरेक आदमी सुप्रीम कोर्ट, हाई-कोर्ट तो दूर, सेशन कोर्ट तक भी जाने की फीस नहीं जुटा पाता है। यह भी पुलिस की मानसिकता का एक तत्व है। इसी तरह के व्यवहार-व्यवस्था के चलते आज भारत में - दिसंबर 2022 तक- कुल 5,73,220 कैदियों में 4,34,302 यानि कि 75.8 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं। इनमें 1,63,000 ओबीसी से, 1,00,000 अनुसूचित जातियों, 54,000 अनुसूचित जनजातियों के तथा 1,26,000 अन्य वर्गों, जातियों से संबंधित विचाराधीन कैदी थे। यह पुलिस की उसी मनोदशा को दर्शाता है। आई ए एस, आई पी एस अधिकारियों से विवके का इस्तेमाल करके, जिसे एप्लीकेशन ऑफ माइंड कहा जाता है, निर्णय लेने की, व्यवहार करने की बात होनी चाहिए जो यहां तो कहीं भी देखने को नहीं मिलती।


इंगलैंड में मेट्रोपोलिटन पुलिस एक्ट-1829 में बनाया गया था, लेकिन भारत का पुलिस एक्ट, 1861 ऐसा नहीं बनाया गया क्योंकि भारत में इंगलिश कानून जैसा कानून अंग्रेजों के लिए सुविधाजनक नहीं था।

वैसा कानून बनाना आज भी सरकारों के लिए बहुत ही मुश्किल काम है। 1861 के पुलिस कानून को बदलना सरकारों के लिए सुविधाजनक नहीं है, बेशक, 1860 की भारतीय दंड संहिता, 1872 के साक्ष्य अधिनियम और 1973 के क्रीमिनल प्रोसीजर कोड, इन तीनों को 2023 में बदलकर नये नामों से जारी कर दिया गया है, उक्त तीनों कानूनों के लिए काम करने वाली पुलिस का 1861 का कानून नहीं बदला जा सकता है और न ही बदला जायेगा। क्यों नहीं बदला जा सकता? स्वयं पिलानिया जी ने ही स्पष्ट किया है- ''.......ब्रिटिश राज में बने 1861 के पुलिस एक्ट का जिक्र करना प्रासंगिक होगा जिसमें लिखा है- पुलिस सरकार की नौकर है, कानून की नहीं। इसका सीधा सा अर्थ यह है कि पुलिस सत्तारूढ़ पार्टी की नौकर है। यह एक अत्यंत भयानक एवं अलोकतान्त्रिक अवधारणा है कि पुलिस कानून की नहीं सरकार की नौकर है। क्या सरकार कानून से ऊपर होती है? सरकार की इच्छानुसार, लाचार पुलिस कानून तोड़ती-मरोड़ती रहती है। पुलिस कर्मचारियों के सिर पर हर समय ट्रांसफर की तलवार लटकती रहती है। जब भी नई सरकार सत्ता में आती है, थोक में ट्रांसफर किये जाते हैं।

कोई राज्य हो, हर जगह यही होता है। पुलिस प्रशिक्षण में दिये जाने वाले तटस्थता, निस्पष्टता जवाबदेही, गरिमा, मानवीय अधिकार, संविधान के प्रति प्रतिबद्धता संबंधी प्रवर्चन निरर्थक हो जाते हैं।''और डॉ. ज्ञान प्रकाश पिलानिया, पुलिस महानिदेश के सेवानिवृति के बाद की स्वीकारोक्ति पुलिस प्रशासन के धरातल पर तो कोई बदलाव नहीं ला सकती, लेकिन बुद्धिजीवियों को दिल बहलाने का अच्छा मसला तो दे ही देती है।

**-राम निवास बैरवा, पूर्व क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त।**

## राशिफल शुक्रवार 27 जून, 2025



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, शुक्रवार, विक्रम सम्वत 2082, पुर्नवसु नक्षत्र प्रात: 7.22 तक, व्याघात योग रात्रि 9.10 तक, कौलव करण दिन 11.20 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-सिंह, बुध-कर्क, गुरु-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में संचार करेगा।

आज सवार्थ सिद्धि योग प्रात: 7.22 तक है। राजयोग प्रात: 7.22 से सूर्योदय तक है। आज रथ यात्रा उत्सव, मेला आषाढी दशहरा श्रीजगदीश जी रथयात्रा जगन्नाथपुरी है। आज मुर्हरम मु.मास 1 हिजरी सन् 1447 आरम्भ होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चट सूर्योदय से 7.22 तक, लाभ-अमृत 7.22 से 10.47 तक, शुभ 12.29 से 2.12 तक, चट 5.37 से सूर्यास्त तक

राहूकाल: 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:20




### मेष

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




### वृष

मित्रों-रिश्तेदारों के कारण समय खराब हो सकता है। व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। मन में असंतोष बना रहेगा।



### मिथुन

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।



### कर्क

व्यावसायिक कार्यों में आ रही परेशानियां दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### सिंह

व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### कन्या

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में दुर्घटना का भय है।



### तुला

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है।



### धनु

परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।




### मकर

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### कुंभ

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



### मीन

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# जयपुर के ई.एस.आई.सी. हॉस्पिटल को बम से उडाने की धमकी

## अजमल कसाब के नाम से ई-मेल आया तो हड़कंप मचा

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के ईएसआईसी हॉस्पिटल को गुरुवार को बम से उडाने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। सूचना पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, बम स्क्वॉड, सिविल डिफेंस और अन्य टीमें मौके पर पहुंच गईं। पूरे अस्पताल परिसर में तलाशी अभियान चलाया गया, लेकिन संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद हॉस्पिटल में सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया। मेल की जांच साइबर सेल को सौंपी गई है।

सुरक्षा दस्तों ने ईएसआई अस्पताल परिसर में करीब दो घंटे से ज्यादा समय तक सर्च अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार हॉस्पिटल को अजमल कसाब के नाम से मेल आया था। मेल मिलते ही अस्पताल प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई। साइबर सेल टीम मेल करने वाले व्यक्ति को ट्रेस कर रही है।

पुलिस के अनुसार ई-मेल में लिखा था कि तमिलनाडु के आईपीएस डेविडसन देवश्री बाथम ने अपनी पत्नी की ट्रैवल एजेंसी के जरिए पूर्व लिट्टे सदस्यों को फर्जी पासपोर्ट जारी किए हैं। उन्हें पाकिस्तान द्वारा भर्ती किया गया था। उनके पास मोबाइल फोन, रासायनिक खतरे को ट्रिगर करने वाले फ्यूज हैं। फिलहाल जिस कार में वे यात्रा कर

- ई-मेल में लिखा था कि ''तमिलनाडु के आईपीएस ने पूर्व लिट्टे सदस्यों को फर्जी पासपोर्ट जारी किए हैं, जिन्हें पाकिस्तान ने भर्ती किया था।''

रहे हैं, वह एक बायो बबल है। वे चाहते हैं कि अस्पताल में अधिकतम लोगों पर इसका प्रभाव पड़े। अगर उन्हें संदेह हुआ कि योजना काम नहीं करेगी तो वे फ्यूज से विस्फोट कर देंगे। अस्पताल में सीधे नर्व गैस आईईडी को छोड़ देंगे। कृपया एटीएस को सूचित करें। क्योंकि मैं साजिश में शामिल था। डेविडसन देवश्री बाथम आईपीएस को फोन करें, उन्हें पता है कि नकली पासपोर्ट किसने जारी किए थे। कृपया इसे पिछली धोखाधड़ी न समझें। मदुरै के असिस्टेंट कमिश्नर इंटेलिजेंस के ठिकानों से फर्जी पासपोर्ट का पता आसानी से लगाया जा सकता है। कुछ ही मिनटों में इसकी पुष्टि की जा सकती है। फिर, जब आप नाम देखें, तो कृपया जल्दी से लेकिन सावधानी से काम करें।





राजधानी जयपुर के ईएसआईसी हॉस्पिटल को बम से उडाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस, डॉग स्कवॉड और बम निरोधक दस्ते ने अस्पताल परिसर में संदिग्ध वस्तुओं की जांच की।

ईएसआईसी अस्पताल के डीन डॉक्टर राजेश चेतीवाल ने बताया कि गुरुवार सुबह लगभग साढ़े 7 बजे हमें ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें अस्पताल को बम से उडाने की धमकी दी गई थी। यह मेल हॉस्पिटल को अजमल कसाब के नाम से आया है। इस बारे में हमने तुरंत संबंधित पुलिस थाने में सूचना दी और मरीजों को बाहर निकाला गया।

लगातार मिल रही इन धमकियों ने शहर में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। पुलिस और प्रशासन हर बार की तरह इस मामले में भी पूरी सतर्कता बरत रहे हैं। साइबर सेल इन धमकी भरे ई-मेल्स के स्त्रोत का पता लगाने में जुटी है। स्थानीय लोगों से अपील की गई है कि वे किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

गौरतलब है कि 8, 12 और 13 मई को सवाई मानसिंह स्टेडियम को उडाने की धमकी दी गई थी। गत 9 मई को जयपुर मेट्रो को बम से उड़ने की धमकी मिली थी। लेकिन जांच में कुछ नहीं मिला था।

# देवनानी ने की संसदीय पद्धतियों की अध्ययन यात्रा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी फ्रांस और जर्मनी की संसदीय परंपराओं और पद्धतियों की सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के बाद गुरुवार तड़के 3 बजे दिल्ली पहुंचे, जहां से वे वायुयान से जयपुर लौटे। जयपुर हवाई अड्डे पर देवनानी की विशिष्ट सहायक के.के.शर्मा के साथ विधानसभा के अधिकारियों ने अगवानी की। देवनानी ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वाधान में फ्रांस और जर्मनी की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के अध्ययन के लिए यह यात्रा की। इस यात्रा के तहत देवनानी ने दोनों देशों के सदनों के अवलोकन के साथ वहां के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा भी किया।

इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान देवनानी ने न केवल संसदीय संरचनाओं का अध्ययन किया, बल्कि भारतीय दृष्टिकोण से लोकतंत्र, सांस्कृतिक बोध और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

देवनानी ने कहा कि इस अध्ययन यात्रा मैं उन्होंने भारत की चेतना को यूरोप की संसदों में स्पंदित होते अनुभव किया और राजस्थान की मिट्टी की महक वहाँ के लोकतंत्र में घुलती दिखी। राजस्थान केवल भौगोलिक इकाई नहीं बल्कि एक वैश्विक संस्कृति का वाहक है। उन्होंने लोकतंत्र के

- फ्रांस और जर्मनी की सात दिवसीय यात्रा से लौटे देवनानी
- विधानसभा अधिकारियों ने देवनानी की जयपुर पहुंचने पर की अगवानी

आधुनिक स्वरूप को भारत की परंपरा, सहिष्णुता, और सहभागिता के साथ जोड़ते हुए यूरोप में एक नया विमर्श आरंभ किया।

देवनानी ने फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक संस्थानों का दौरा कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसदीय कार्यप्रणालियों और सामाजिक विकास के विविध पहलुओं का अध्ययन किया। इस दौरान उन्होंने जर्मनी तथा फ्रांस की लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवलोकन किया और वरिष्ठ सांसदों, नीति-निर्माताओं तथा भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

देवनानी ने प्रवासी भारतीयों के सुझावों को सुना और संबंधित मंत्रीगण से उनके समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया। यह यात्रा 'राजस्थान-2047: वैश्विक नेतृत्व की ओर' दृष्टिकोण के तहत राज्य के युवाओं, नीति-निर्माताओं और नागरिक समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उत्तराखंड बस दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में मिनी बस के नदी में गिरने से हुए हादसे पर गहरा दुःख जताते हुए दुर्घटना में हताहत होने वाले लोगों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने संवेदनशीलता के साथ उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से फोन पर वार्ता की और राहत-बचाव कार्यों को लेकर विस्तृत जानकारी ली। धामी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि सरकार राहत कार्यों में तत्परता के साथ जुटी हुई है तथा स्थानीय प्रशासन को इन राहत कार्यों में कोई भी कमी नहीं रखने के निर्देश दिए गए है।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि इस हृदय विदारक हादसे में राजस्थान के भी

- मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के सीएम से की फोन पर वार्ता
- धामी ने मुख्यमंत्री को किया आश्वस्त, राहत कार्यों के लिए स्थानीय प्रशासन को दिए है निर्देश
- उत्तराखंड की सरकार से निरंतर संपर्क में है राज्य सरकार

यात्री हताहत हुए है। राजस्थान और उत्तराखंड की सरकारें निरंतर संपर्क एवं समन्वय बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हमारी सरकार प्रभावितों के परिजनों के साथ खड़ी है। शर्मा ने दिवंगत आत्मा की शांति, लापता नागरिकों की सकुशल वापसी और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने भी उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में बस के नदी में गिरने से हुए हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। उन्होंने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है।

# स्पा सेन्टर पर पुलिस की रेड

**जयपुर।** चित्रकूट थाना पुलिस ने स्पा सेन्टर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पांच पुरुषों सहित पांच महिलाओं को डिटेन कर स्पा सेंटर संचालक को गिरफ्तार किया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम आलोक सिंघल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि चित्रकूट इलाके के एवरशाइन टावर में स्थित रिचुयल सैलून व स्पा में स्पा सेंटर व मसाज की आड़ में अवैध गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिस पर पुलिस टीम का गठन कर चित्रकूट में संचालित रिचुयल सैलून एण्ड स्पा सेंटर में छापेमारी की गई तो स्पा एवं मसाज केन्द्र,निर्धारित मापदण्डों पर खरा नही उतरा तथा उसमे नियमों का पालन सम्पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा था। जिस पर स्पा सेंटर के मालिक अमन व संचालक राहुल यादव के कार्रवाई की गई।

# देश में 345 पंजीकृत अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को डी-लिस्ट करने की प्रक्रिया प्रारम्भ

**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में तथा निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में 345 पंजीकृत अमान्यताप्राप्त राजनीतिक दलों को डी-लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये वे दल हैं जो वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़े हैं और जिनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कोई पता नहीं चल पाया है। ये 345 राजनीतिक दल देश के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से हैं।

निर्वाचन आयोग के संज्ञान में यह बात आई है कि वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक में से कई दल ऐसे हैं जो कि आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं। इसी के मद्देनज़र आयोग ने राष्ट्रव्यापी स्तर पर ऐसे दलों की पहचान के लिए एक विशेष अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत अब तक 345 ऐसे दल चिन्हित किए जा चुके है।

- राजस्थान में ऐसे 9 दल हटाए जाएंगे, इनमें राजस्थान जनता पार्टी, राष्ट्रीय जन सागर पार्टी, खुशहाल किसान पार्टी, भारत वाहिनी पार्टी, भारतीय जन हितकारी पार्टी, नेशनल जनसत्ता पार्टी, नेशनलिस्ट पीपलस फ्रंट, स्वच्छ भारत पार्टी एवं महाराणा क्रांति पार्टी शामिल है।
- डी-लिस्ट में शामिल दल वे हैं, जिन्होंने वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में कोई भी चुनाव नहीं लड़ा हैं और जिनके कार्यालयों का भौतिक रूप से कोई पता नहीं चल पाया है।

राजस्थान में आयोग ने डिलिस्ट करने के लिए प्रारम्भिक रूप में राजस्थान जनता पार्टी, राष्ट्रीय जन सागर पार्टी, खुशहाल किसान पार्टी, भारत वाहिनी पार्टी, भारतीय जन हितकारी पार्टी, नेशनल जनसत्ता पार्टी, नेशनलिस्ट पीपलस फ्रंट, स्वच्छ भारत पार्टी एवं महाराणा क्रांति पार्टी का चयन किया है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी दल अनुचित रूप से डीलिस्ट न हो, संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इन दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसके बाद संबंधित द्वारा इन दलों को व्यक्तिगत सुनवाई का अवसर दिया जाएगा।

# पूर्व मंत्री महेश जोशी की जमानत अर्जी पर सुनवाई से इनकार

**जयपुर ।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जल जीवन मिशन घोटाले से जुडे ईडी प्रकरण में आरोपी पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की जमानत याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया है। जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ ने प्रकरण को दूसरी एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने को कहा है।

मामला गुरुवार को जस्टिस अनिल कुमार उपमन की एकलपीठ के समक्ष सूचीबद्ध हुआ था। प्रकरण का सुनवाई के लिए नंबर आने पर अदालत ने कहा कि वह प्रकरण में सुनवाई नहीं कर रहे हैं और उसे अन्य एकलपीठ में भेजा जाए। अब हाईकोर्ट की दूसरी एकलपीठ जमानत याचिका पर जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में सुनवाई करेगी।

जमानत याचिका में अधिवक्ता स्नेहदीप ने अदालत को बताया कि प्रकरण में उसे फंसाया गया है। प्रकरण को लेकर एसीबी में दर्ज मूल केस में याचिकाकर्ता का नाम नहीं है। याचिकाकर्ता को एक साल पहले नोटिस दिया गया। इसके बाद बिना कोई परिस्थिति बदले याचिकाकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा ईडी याचिकाकर्ता पर 2.01 करोड रुपए का आरोप लगा रही है। जबकि इसे लेकर ईडी के पास कोई साक्ष्य नहीं है और परिवादी यह राशि कहां से लाया, उसका भी उल्लेख नहीं है। इसके अलावा ईडी ने अपनी रिपोर्ट में बेटे की फर्म में 50 लाख रुपए का लेनदेन बता रही है। यह राशि बेटे की कंपनी ने लोन के तौर पर ली थी और उसे लौटाया भी जा चुका है। वहीं इस राशि को लेकर सिविल केस भी लंबित चल रही है।

ऐसे में उसे जमानत का लाभ दिया जाए। गौरतलब है कि ईडी ने मार्च, 2024 में महेश जोशी को समन जारी किया था। वहीं बीते दिनों ईडी ने जोशी को गिरफ्तार किया था। ईडी कोर्ट ने गत दिनों जोशी को जमानत देने से इनकार कर दिया था और उसके बाद ईडी ने जोशी, बेटे रोहित सहित डेढ दर्जन आरोपियों के खिलाफ ईडी कोर्ट में आरोप पत्र पेश किया था। इस दौरान जोशी की पत्नी का निधन होने पर कोर्ट ने उन्हें दो बार अंतरिम जमानत का लाभ दिया था।

# केबल्स चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

**जयपुर।** लालकोठी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए भूमिगत बीएसएनएल तांबे की केबल की चोरी वाले गिरोह के दो शातिर बदमाशों को धर-दबोचा है और उनके पास से खुदाई कर चोरी किये गये केबिल के 10 मीटर टुकड़े भी जब्त किए गए है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि लाल कोठी थाना पुलिस ने भूमिगत बीएसएनएल तांबे की केबल की चोरी वाले इब्राहिम शेख (30) और अलाउद्दीन शेख (35) को गिरफ्तार किया है और दोनो ही आरोपित मोथा बाड़ी जिला मालदा (पश्चिम बंगाल) विधाधर नगर जयपुर के रहने वाले है। गौरतलब है कि 25 जून को कनिष्ठ दूरसंचार अधिकारी बीएसएनएल कार्यालय सागानेरी गेट के राजेश सक्सेना ने मामला दर्ज करवाया था कि बीएसएनएल द्वारा सांगानेरी गेट एवं घाटगेट के मध्य समस्त क्षेत्र में बीएसएनएल तांबे की केबल भूमिगत ली हुई है। जिसके द्वारा बीएसएनएल इन्टरनेट एवं अन्य सेवायें प्रदान करता है जहां उन्हे प्राप्त सूचना मिली की अग्रवाल कॉलेज के आसपास संचार सेवाएं ठप है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विद्याधर नगर और भांकरोटा में जलभराव की स्थिति देखी

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने गुरूवार को विद्याधर नगर क्षेत्र स्थित सीकर रोड नंबर 14 इलाके का दौरा किया। यहां नाले के पानी की निकासी में आ रही समस्याओं को लेकर उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों के साथ हालतो की समीक्षा की और स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

पानी निकासी की वर्षों पुरानी समस्या के स्थायी

- उन्होंने अफसरों को दो टूक शब्दों में कहा है ''विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, जनता हित सर्वोपरि है''

समाधान में हो रही देरी को लेकर उपमुख्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। मीडिया से बातचीत में उपमुख्यमंत्री ने कहा, बजट घोषणाओं और विकास कार्यों की नियमित समीक्षा के लिए अब हर महीने दो बैठकें की जा रही हैं, जिनमें संबंधित विभागों को भी शामिल किया जाता है। कई बार जमीनी स्तर की दिक्कतें सामने आती हैं, इसलिए हम जनता से भी सहयोग की अपील करते हैं। विद्याधर नगर निरीक्षण के बाद



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जे.डी.ए. और एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों के साथ सीकर रोड और भांकरोटा क्षेत्र में जलभराव व विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

उपमुख्यमंत्री भांकरोटा क्षेत्र के लिए रवाना हुईं, जहां उन्होंने रिंग रोड और एनएचएआई द्वारा चल रहे निर्माण कार्य का जायजा लिया। अजमेर रोड के समीप जलभराव और ट्रैफिक जाम की स्थिति पर चिंता जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिंग रोड का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसीएस प्रवीण गुप्ता, एनएचएआई के रीजनल अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# घट स्थापना के साथ नवरात्र शुरू

**जयपुर।** तांत्रिक साधना, शक्ति आराधना और आत्मबल संवर्धन का नौ दिवसीय पर्व गुप्त नवरात्र गुरुवार को आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को शुभ मुहूर्त में घट स्थापना के साथ शुरू हुआ। गोविंद देवजी मंदिर में अखंड रामायण पाठ शुरू हुए। आमेर के शिला माता , दुर्गापुरा के दुर्गा माता, झालाना के कालक्या माता, घाटगेट श्मशान स्थित काली माता मंदिर में घट स्थापना के बाद दुर्गा सप्तशती पाठ, दुर्गा चालीसा, बीज मंत्रों की साधना शुरू की गई। प्रारंभ में मातारानी का शृंगार कर पूजन किया गया। गुप्त नवरात्र में इस बार कई ज्योतिषीय संयोग देखने को मिलेंगे। 28 जून को गुरु आद्रा नक्षत्र में रहेंगे। 29 जून को शुक्र वृषभ राशि में, 30 जून को मंगल पूर्वा फाल्गुनी में रहेंगे। चार जुलाई, नवमी तिथि को गुप्त नवरात्र का समापन होगा। ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा के अनुसार मां दुर्गा का पालकी आगमन हुआ है। इससे तेज बारिश, महामारी और प्राकृतिक परिवर्तन के संकेत मिल रहे हैं। ऋतु पुष्पों से किया मां गीता गायत्री का श्रृंगार: गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गई।

# पाक हैंडलर से 2 लाख रु. ले चुका था नौ-सेना कर्मचारी

## जासूसी के आरोप में नौसेना भवन का यू.डी.सी. की गिरफ्तारी का मामला

**जयपुर।** पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसियों द्वारा की जाने वाली जासूसी गतिविधियों पर सीआईडी इंटेलिजेंस की ओर से जासूसी के आरोप में गिरफ्तार नौसेना भवन दिल्ली में तैनात अपर डिवीजन क्लर्क (यूडीसी) विशाल यादव से पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए है।

ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के बदले आरोपी पाकिस्तानी हैंडलर से दो लाख रुपए चुका था। आरोपी विशाल पैसों के लालच में पाकिस्तानी हैंडलर को सूचनाएं दे रहा था। उसने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी के बदले उसे आखिर में 50 हजार रुपए मिले थे। आरोपी विशाल यादव को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के रिमांड पर सौंप दिया गया।

सीआईडी इंटेलिजेंस के सूत्रों ने





आरोपी क्लर्क विशाल यादव

बताया कि विशाल यादव की फेसबुक के जरिए पाकिस्तानी हैंडलर से दोस्ती हुई थी। आरोपी विशाल यादव को पाक हैंडलर ने प्रिया शर्मा बनकर दोस्ती की रिक्वेस्ट भेजी थी। दोनों में बातचीत

- आरोपी ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' से जुड़ी जानकारी साझा की थी
- नौसेना-कर्मचारी से प्रिया शर्मा बनकर बात करती थी पाकिस्तानी हैंडलर

होने लगी। दोनों ने वॉट्सऐप नंबर भी शेयर कर लिए थे। फिर टेलीग्राम का इस्तेमाल शुरू कर दिया। महीनों तक पाकिस्तानी हैंडलर प्रिया शर्मा बनकर विशाल यादव से बात करती रही। फिर खुद का असली नाम विशाल को बता दिया था। विशाल को पैसे का लालच दिया। इसमें वह फंसता चला गया।

अब तक की पूछताछ में विशाल यादव ने बताया कि इन्फॉर्मेशन देने के लिए प्रिया से पहले 5 से 6 हजार रुपए मिलते थे। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ। प्रिया ने कहा कि तुम्हारी दी गई खबर सी ग्रेड की है, अगर अच्छी खबर दो तो मैं ज्यादा पैसा दूंगी। इस पर विशाल ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी नेवी और अन्य रक्षा संबंधी सूचनाएं महिला पाक हैंडलर को दी थी। इसके बदले उसे एक बार 50 हजार रुपए मिले। विशाल ने डेढ़ से 2 लाख रुपए खुद के खाते में मंगाए। कुछ पैसा क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग अकाउंट में यूएसडीटी के रूप में भी लिया था।

राजस्थान के आईजी सीआईडी (सुरक्षा) विष्णु कांत गुप्ता ने बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां सेना से जुड़ी जानकारी लेने के लिए कुछ भी कर सकती हैं। ऐसे में हमारी टीम उनकी हर हरकत पर नजर रखती है।

इसी दौरान जानकारी सामने आई कि विशाल यादव (निवासी पुनसिका, रेवाड़ी, हरियाणा) दिल्ली स्थित नौसेना भवन दिल्ली में डायरेक्टेरेट ऑफ डॉकयार्ड में यूडीसी के पद पर कार्यरत था। वह सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की महिला हैंडलर से लगातार कॉन्टैक्ट में था। आरोपी विशाल पैसों के लालच में आकर नौसेना भवन की सामरिक महत्व की गोपनीय सूचनाएं महिला पाक हैंडलर को दे रहा था। इसके बाद सभी टीमें एक्टिव की गई थी।

लगातार विशाल और उसके सोशल मीडिया अकाउंट्स पर नजर रखी गई थी। पुष्टि होने पर विशाल यादव को बुधवार जयपुर लाया गया था। यहां करीब सभी एजेंसियों ने विशाल से पूछताछ की और इसके बाद गिरफ्तार कर लिया।



राजधानी जयपुर में पिछले तीन दिनों से पड़ रही तेज धूप और उमस के बाद गुरूवार शाम को झमाझम बारिश हुई। बारिश की बूंदों के बीच जब ठण्डी हवाएं चली तो लोगों को राहत का अहसास हुआ। हालांकि बारिश की वजह से शहर में कई जगहों पर सड़क धंसने और मिट्टी कटाव के कारण बड़े-बड़े गड्ढों की समस्या भी सामने आई। सीकर रोड स्थित खेतान हॉस्पिटल के सामने मिट्टी कटाव के कारण बड़ा गड्ढा बन गया। फोटो-राष्ट्रदूत

# रेजिडेंट चिकित्सकों की हड़ताल जारी

## लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही व मुआवजे की मांग



डॉ. रवि शर्मा की करंट लगने से हुई मौत के बाद मुआवजे की मांग को लेकर डाक्टरों ने हड़ताल की।

- हड़ताल का दिखने लगा असर
- छोटे ऑपरेशन टले, वार्ड हुए खाली

**अजमेर**, 26 जून (कासं)। गत दिनों उदयपुर के राजकीय अस्पताल में रेजिडेंट चिकित्सक डॉ. रवि शर्मा की करंट लगने से हुई मौत के बाद से लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही व मुआवजे की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार पर चल रहे रेजिडेंट चिकित्सक गुरुवार को पेनडाउन हड़ताल पर रहे। संभाग के सबसे बड़ जवाहर लाल नेहरू अस्पताल में हड़ताल का असर दिखने लगा है। मेडिसिन ओपीडी में मरीजों की लाइन लगी है। सीनियर चिकित्सकों ने व्यवस्थाओं को संभाला है। अस्पताल प्रशासन द्वारा कार्मिकों की छुट्टी रद्द कर दी है। गड़बड़ाई व्यस्था के चलते अस्पताल के वार्ड भी खाली होने लगे हैं। अस्पताल आने वाले मरीजों को प्राथमिक उपचार नहीं मिल पा रहा है। छोटे ऑपरेशन नहीं किए जा रहे।

जेएलएन अस्पताल के रेजिडेंट चिकित्सकों की पेन डाउन हड़ताल के कारण गुरुवार को अस्पताल की ओपीडी सामान्य दिनों के मुकाबले कम रही। प्रतिदिन अस्पताल की ओपीडी में साढ़े चार हजार से अधिक की ओपीडी में रहती है, लेकिन दो दिनों में संख्या कम हो चुकी है। कई विभागों में एचओडी ने व्यवस्था संभाल रखी थी, जबकि छोटा ऑपरेशन नहीं किए जा रहे। रेजिडेंट डॉक्टर के अध्यक्ष डॉ. दिलराज मीणा ने कहा कि रेजिडेंट की अस्पताल प्रशासन से वार्ता हुई थी, लेकिन मुआवजे पर कोई सहमति नहीं बनी। मृतक डॉक्टर के परिजन को उसकी हैसियत के हिसाब से मुआवजा देने के साथ ही सरकार से यही मांगे की दोषियों के खिलाफ तुरंत उचित कार्रवाई की जाए। परिवार को न्याय दिलवाया जाए, जब तक मांग पूरी नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी रेजिडेंट चिकित्सक आपातकालीन ईकाई के बाहर गार्डन में एकत्रित हुए और अस्पताल प्रशासन व सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

**वार्ड होने लगी खाली :** रेजिडेंट डॉक्टर की हड़ताल को देखते हुए अधिकांश वार्ड खाली हो गए है। भर्ती मरीजों का डिस्चार्ज किया जा रहा है। ऐसे में उनकी परेशानियां बढ़ गई है। सूत्रों का कहना है कि रेजिडेंट डॉक्टर की हड़ताल के चलते मरीजों की देखभाव प्रभावित हो रही हैं।

## पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने वाले गिरोह को पकड़ा

**सीकर**। "डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है" का दावा कर पूरे भारत में अवैध रूप से पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने वाले गिरोह का राजस्थान की पीसीपीएनडीटी टीम ने पर्दाफाश किया है। चीन निर्मित इस पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन को बेचने का यह धंधा लंबे अर्से से चलने की जानकारी सामने आने के साथ ही इस मामले में कई अन्य लोगों के लिप्त होने की आशंका है, जिस पर टीम गंभीरता से आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव के निर्देशन में हुई इस कार्रवाई के तहत पश्चिम बंगाल से जयपुर में मशीन बेचने आए गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को टीम ने पकड़ा है, वहीं कोलकाता में गिरोह के मुखिया और कंपनी पर कार्रवाई के लिए वहां के स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दी गई है। पीबीआई थाना के एएसपी डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक गिरोह राज्य में पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने का धंधा कर रहा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद टीम गठित कर करीब दो माह तक मामले में रैकी कर गहनता से पड़ताल की गई। गिरोह से संपर्क होने के बाद सामने आया कि पोर्टेबल मशीन सात से दस लाख रुपए के बीच देश के विभिन्न राज्यों में बेचा जा रहा है। इसके बाद टीम ने पश्चिम बंगाल के हुगली जिला निवासी 45 वर्षीय अमिताभ भादुरी से संपर्क साधा और पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का सौदा सवा छह लाख रुपए में तय किया।

# राजसमंद में हाइवे पर दिनदहाड़े युवक की हत्या का पर्दाफाश



कांकरोली थाना पुलिस ने हत्या काण्ड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया ।

**राजसमंद**। कांकरोली थाना पुलिस ने दो दिन पहले मंगलवार दोपहर में प्रतापपुरा ब्रिज पर दिन दहाडे हुई शेरसिंह की हत्या काण्ड का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कांकरोली सीआई हंसाराम सीरवी ने बताया कि 24 जून खाखरमाला निवासी खेमसिंह ने कांकरोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके भतीजे शेरसिंह पुत्र जोधसिंह को कांकरोली-भीलवाडा फोरलने स्थित प्रतापपुरा ब्रिज पर कार सवार लोगों ने मोटरसाईकिल को टक्कर मारकर उसे निचे गिरा दिया और उसपर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस पर कांकरोली पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। मामले की गंभीरता व आरोपियों की धरपकड को लेकर एसपी मनीष त्रिपाटी ने एएसपी महेन्द्र पारीक, डीएसपी विवेकसिंह राव के निर्देशन तथा कांकरोली सीआई हंसाराम सीरवी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया। इस टीम ने आधुनिक तकनीक और मानवीय सूचनाओं का प्रभावी उपयोग करते हुए युद्धस्तर पर जांच शुरू की। पुलिस ने राजसमंद, उदयपुर और चित्तौडगढ में 200॰से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। जांच में सामने आया कि निवासी गोदेला जिला उदयपुर का रामसिंह पुत्र हरिसिंह द्वारा अपने साथी शौकिन कुमार (32) पुत्र रामलाल भील एवं दुर्गाप्रसाद पिता राधेश्याम मेघवाल निवासी कारूण्डा थाना छोटी सादडी जिला प्रतापगढ के साथ मिलकर कार में सवार होकर आए और मौका पाकर प्रतापपुरा ब्रिज पर मृतक शेरसिंह पर धारदार हथियार से हमला किया। हमले में शेरसिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। उसके बाद आरोपी पुनः उसी कार में बैठकर फरार हो गए। यह कार्यवाही राजसमंद पुलिस के अथक प्रयासों का प्रमाण है। इस महत्वपूर्ण सफलता में थानाधिकारी काकरोली के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल और कांस्टेबलों की टीम ने दिन-रात एक कर दिया। पुलिस ने शौकिन कुमार (32) पुत्र रामलाल भील एवं दुर्गाप्रसाद पिता राधेश्याम मेघवाल निवासी कारूण्डा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से दोनों को पाचं के पुलिस रिमाण्ड पर भेजने के आदेश दिए।

## लूट करने का आरोपी पकड़ा

**उदयपुर**। सूरजपोल थाना पुलिस ने पीडित के साथ मारपीट कर लूट की वारदात करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार पीडित मोईन खान पुत्र इदरीस खान निवासी जरीनानगर कच्चीबस्ती किशनपोल ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि 22 जून को मैं व पत्नी नादीरा के साथ बाइक पर भाई के ससुराल मल्लातलाई जा रहा था।

सिटी रेल्वे स्टेशन पर कालु उर्फ नवाब व सलमान ने रोक मारपीट की वरूपये मांगे। मना करने व इसका करने पर प्राणघातक हमला कर जेब से नकदी लेकर फरार हो गए।

मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सूरजपोल थानाधिकारी रतनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करते हुए नवाब खान उर्फ कालु खान पुत्र हबीब खान निवासी इन्द्रानगर बीडा सूरजपोल हाल 80 फीट मल्लातलाई को गिरफ्तार किया है।

# नदबई में खाद्य सुरक्षा टीम का छापा, बिस्किट, आटे के सैंपल लिए



भरतपुर में खाद्य सुरक्षा टीम की कार्रवाई, बिस्किट, आटा, रस्क व ऑयल के सैंपल लिए ।

**नदबई भरतपुर** (निस)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा टीम ने नदबई क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए चार जांच सैम्पल लिए। विभागीय सूत्रों की मानें तो कुलदीप किराना स्टोर से बिस्किट, अनिल आटा मैसर्स से आटा व सुनील फ्रूड प्रोडक्टस से रस्क व ऑयल का नमूना लिया। इस दौरान विभागीय टीम ने दुकानदारों को शुद्व व गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ रखने व समीपवर्ती क्षेत्र में स्वच्छता रखने की नसीहत दी। कार्रवाई दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी महेश शर्मा व रोशनलाल आदि मौजूद रहे।

## हत्या का आरोपी प्रेमी गिरफ्तार

**उदयपुर**। हिरणमगरी थाना पुलिस ने होटल में प्रेमिका की हत्या कर आत्महत्या का प्रयास करने वाले प्रेमी को चिकित्सालय से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

प्रकरण के अनुसार 24 जून को परशुराम चौराहे पर स्थित होटल कांसा गोल्ड के कमरे में एक युवती की लाश पडी हुई थी।

इस पर पुलिस उपाधीक्षक छगन पुरोहित, हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने मौके पर पहुंच मृतका की शिनाख्त कर उसका पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा कर आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था।

मामले में अनुसंधान अधिकारी भरत योगी ने युवती की हत्या के आरोपी प्रेमी विजय पुत्र ओकर निवासी भोपामगरी सेक्टर 3 को गिरफ्तार किया। आरोपी युवती की हत्या करने के बाद आत्महत्या करने के लिए हाथ की नस काट कर चिकित्सालय पहुंच कर भर्ती हुआ था। जो पुलिस की निगरानी में उपचाररत था। प्रेमिका की सगाई होने से आरोपी नाराज होकर हत्या करना कबूल किया।

# 'गांव-गरीब के उत्थान का माध्यम बन रहा 'अन्त्योदय संबल पखवाड़ा'

## 'अन्त्योदय संबल पखवाड़ा' हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक -मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




सीएम शर्मा ने अन्त्योदय संबल पखवाड़े के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिये।

- पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा-
- अन्त्योदय का संकल्प राज्य सरकार का मूल मंत्र
- मुख्यमंत्री ने जोधपुर के दईजर में किया शिविर का अवलोकन, लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

**जोधपुर/जयपुर** । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों से प्रेरित अन्त्योदय का संकल्प हमारी सरकार का मूल मंत्र है। इसी संकल्प की दिशा में हमारी सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के माध्यम से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक केन्द्र व राज्य सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित कर रही है। यह पहल हमारी सरकार की गांव व गरीब के प्रति संवेदनशीलता एवं उनके उत्थान की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

शर्मा गुरूवार को जोधपुर के दईजर में पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़े के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जोधपुर की इस ऐतिहासिक भूमि पर 1978 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत ने गरीब को गणेश मानकर अन्त्योदय का उद्घोष किया था। हमारी सरकार भी अन्त्योदय के उस महान दर्शन को धरातल पर मूर्त रूप दे रही है। शर्मा ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़ा गरीब और वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव का जरिया बन रहा है। इसके अन्तर्गत शिविरों के माध्यम से गांवों में भूमि के सीमांकन, नामांतरण, सहमति विभाजन और रास्तों के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही, गरीबी मुक्त गांव के लिए बीपीएल परिवारों का सर्वे, किसानों को सशक्त करने के लिए मृदा नमूनों का संग्रहण और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। पशुपालकों की आर्थिक सुरक्षा के लिए मंगला पशु बीमा, पशुओं की जांच, इलाज और टीकाकरण का विशेष प्रबंध किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 24 जून से प्रदेशभर में संचालित इन शिविरों में बड़ला बासनी गांव में पिछले पांच वर्षों से लंबित विवादित भूमि प्रकरण का शांतिपूर्ण समाधान हुआ है। वहीं, पंचायत समिति लूणी के सर गांव में 70 वर्षीय मोहन कंवर, बावड़ी के जोइंतरा गांव में 82 वर्षीय नेत्रहीन फरसाराम, ओसियां के बारा खुर्द गांव में 90 वर्षीय चुतराराम एवं भोपालगढ़ के अरटिया कलां गांव में विधवा कमला सहित विभिन्न लोगों को पेंशन का लाभ प्रदान किया गया है। हमारी सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। उन्होंने आ ान करते हुए कहा कि सभी अन्त्योदय संबल पखवाड़े में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचाने में भागीदार बनें।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाड़ा के तहत आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का निरीक्षण किया तथा लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजन को व्हील चेयर व मोटराइज्ड ट्राई साइकिल और अन्तर्जातीय विवाह योजना व सुखद दाम्पत्य जीवन योजना के लाभार्थियों को चैक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेत सिंह निवासी रामनगर, बाडिया पुरोहितान एवं समस्त ग्रामवासियों को नए रास्ते एवं दईजर की ममता को प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना, नारायणराम हुडा को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना व धापू को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रमाण-पत्र

# अजमेर के यूट्यूबर मिस्टर इंडियन हैकर को धमकी

- गैंगस्टर लॉरेंस के नाम पर मांगे 80 लाख बिटकॉइन
- धमकी भरा भेजा ईमेल, परिवार को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दी

**अजमेर**। अजमेर के आदर्श नगर थाना क्षेत्र निवासी यूट्यूबर मिस्टर इंडियन हैकर को गैंगस्टर लॉरेंस के नाम से धमकी मिलने का मामला सामने आया है। हैकर को ईमेल पर धमकी भेज कर 80 लाख बिटकॉइन की मांग की है, साथ ही परिवार को नुकसान पहुंचाने की भी धमकी दी गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ए एस पी सिटी हिमांशु जांगिड़ ने बताया कि अजमेर आदर्श नगर बडलिया निवासी यूट्यूबर मिस्टर इंडियन हैकर दिलराज का यूट्यूब पर अकाउंट है। पीडित् ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत देते हुए धमकी देने वालों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 23 जून को उसे गैंगस्टर लॉरेंस का नाम का एक धमकी भरा ई-मेल आया था, जिसमें 80 लाख बिटकॉइन की डिमांड की है। साथ ही मेल में लिखा कि वह उसकी एक माह से रैकी कर रहे है। गैंगस्टर द्वारा धमकाया कि यदि पुलिस को इसके बारे में जानकारी दी तो परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहे। पीडित ने बताया कि इस ई-मेल में उसके परिवार और टीम के सदस्यों को भी नुकसान पहुंचाने की धमकी दी है।

**यूट्यूबर के करोड़ों सब्सक्राइबर :** मिस्टर इंडियन हैकर के नाम से मशहूर फेमस यूट्यूबर दिलराज सोशल मीडिया पर लग्जरी गाडियों को मोडिफाइड कर वीडियो बनाता है। इसके साथ ही अलग अलग आइडिया के साथ यूट्यूब आईडी पर वीडियो पोस्ट किए जाते हैं। यूट्यूब पर उसके 4.58 करोड़ सब्सक्राइबर है, इसके साथ ही इंस्टाग्राम पर 5.1 मिलियन फॉलोअर्स है।

# रुद्रप्रयाग में उदयपुर के तीर्थयात्रियों की बस नदी में गिरी, तीन की मौत

**उदयपुर**। उदयपुर के यात्रियों की एक मिनी बस गुरुवार सुबह अलकनंदा नदी में गिरने से तीन यात्रियों की मृत्यु हो गई ,जबकि 8 रेस्क्यू किए गये है वही 8 यात्री लापता है ।उदयपुर के वकील संजय सोनी और गोगुंदा के ललित सोनी के परिवार 10 दिन पहले चारधाम यात्रा पर निकले थे चालक सहित 19 लोग सवार थे ।

जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में गुरूवार सुबह तीर्थयात्रियों की बस अलकनंदा नदी में गिर गयी। ज्यादातर तीथर्यात्री उदयपुर शहर के वकील संजय सोनी और उदयपुर गोगुंदा निवासी सूरत के ज्वैलर ललित सोनी के परिवार से थे। ये सभी 10 दिन पहले चारधाम यात्रा के लिए निकले थे। सभी तीथर्यात्री बद्रीनाथ जा रहे थे, तभी इनकी बस को पीछे से एक ट्रक ने टक्कर मार दी। अनियंत्रित बस नदी में गिरी, इस दौरान कुछ यात्रियों ने कूद कर जान बचायी, जिनके चोटें आयी हैं, वहीं 12 लोग बस सहित नदी में गिर गए। जिनमें 3 के शव बरामद हो चुके हैं,जबकि 8 लापता हैं। रूद्रप्रयाग की पुलिस और एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई है।

रेस्क्यू किए गए बस चालक ने जानकारी दी कि बस में 17 तीर्थयात्री,एक टूर गाईड और मैं खुद (चालक) सहित 19 लोग सवार थे। सभी आज बद्रीनाथ के लिए रवाना हुए थे। बुधवार को केदारनाथ दर्शन किए थे, इसके बाद रूद्रप्रयाग में स्टे किया था। आज रूद्रप्रयाग से ब्रदीनाथ धाम के लिए निकले थे। रास्ते में पीछे से एक ट्रक ने भीषण टक्कर मारी इससे बस सीधे अलखनंदा नदी में जा गिरी। कुछ लोगों ने बस की खिड़कियों से कूदकर जान बचायी, जो घायल हुए हैं जिन्हें रेस्क्यू कर लिया गया है। बाकि लोग बस सहित नदी में गिरे हैं।

एडवोकेट संजय सोनी के रिश्तेदार कुंदन सोनी और ललित सोनी के बहनोई फतहलाल सोनी ने बताया कि बस में एडवोकेट संजय सोनी,उनकी पत्नी,मां, बेटा रवि,बहन भावना, उनके पति ईश्वर,बेटियां ड्रीमी और चेष्ठा, कंवरसाब ललित सोनी,उनकी पत्नी, दोनों बेटियां मयूरी और मौली,ललित सोनी की बहन मध्यप्रदेश के राजगढ़ निवासी गौरी पत्नी विशाल सोनी और उनका पुत्र पार्थ, अंकल की बेटी सिरोही निवासी टीनू उर्फ दीपिका कुल 17 तीथर्यात्री, 1 टूर गाईड और चालक सहित कुल 19 लोग थे। सभी 10 दिन पहले ही चारधाम यात्रा के लिए रवाना हुए थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में अब तक ललित सोनी की बहनें गौरी, भावना, इनकी बेटियां ड्रीमी,चेष्ठा और बस चालक सहित 8 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है। जबकि 8 लापता हैं और 3 की मौत हो चुकी है। ललित सोनी के भाई विजय सोनी हादसे की सूचना मिलते ही फ्लाइट के जरिए रूद्रप्रयाग के लिए रवाना हो गए हैं।

# फ्रांस और जर्मनी की सात दिवसीय यात्रा से लौटे देवनानी



देवनानी के विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा के साथ विधानसभा के अधिकारियों ने अगवानी की।

- देवनानी की संसदीय पद्धतियों की अध्ययन यात्रा
- विधानसभा अधिकारियों ने देवनानी की जयपुर पहुंचने पर की अगवानी

**अजमेर/ जयपुर**, 26 जून (कासं)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी फ्रांस और जर्मनी की संसदीय परंपराओं और पद्धतियों की सात दिवसीय अध्ययन यात्रा के बाद गुरुवार को तड़के तीन बजे दिल्ली पहुंचे, जहां से वे वायुयान से जयपुर लौटे। जयपुर हवाई अड्डे पर देवनानी के विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा के साथ विधानसभा के अधिकारियों ने अगवानी की। देवनानी ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के तत्वाधान में फ्रांस और जर्मनी की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओ के अध्ययन के लिए यह यात्रा की। इस यात्रा के तहत देवनानी ने दोनों देशों के सदनों के अवलोकन के साथ वहां के ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा भी किया।

इस अंतरराष्ट्रीय यात्रा के दौरान देवनानी ने न केवल संसदीय संरचनाओं का अध्ययन किया, बल्कि भारतीय दृष्टिकोण से लोकतंत्र, सांस्कृतिक बोध और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रभावी ढ़ंग से प्रस्तुत किया।

देवनानी ने कहा कि इस अध्ययन यात्रा मैं उन्होंने भारत की चेतना को यूरोप की संसदों में स्पंदित होते अनुभव किया और राजस्थान की मिट्टी की महक वहाँ के लोकतंत्र में घुलती दिखी। राजस्थान केवल भौगोलिक इकाई नहीं बल्कि एक वैश्विक संस्कृति का वाहक है। उन्होंने लोकतंत्र के आधुनिक स्वरूप को भारत की परंपरा, सहिष्णुता और सहभागिता के साथ जोड़ते हुए यूरोप में एक नया विमर्श आरंभ किया।

देवनानी ने फ्रांस और जर्मनी के विभिन्न राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं अकादमिक संस्थानों का दौरा कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसदीय कार्यप्रणालियों और सामाजिक विकास के विविध पहलुओं का अध्ययन किया। इस दौरान उन्होंने जर्मनी तथा फ्रांस की लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवलोकन किया और वरिष्ठ सांसदों, नीति-निर्माताओं तथा भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद भी किया।देवनानी ने प्रवासी भारतीयों के सुझावों को सुना और संबंधित मंत्रीगण से उनके समाधान कराये जाने का भरोसा दिलाया।

यह यात्रा 'राजस्थान-2047-वैश्विक नेतृत्व की ओर' दृष्टिकोण के तहत राज्य के युवाओं, नीति-निर्माताओं और नागरिक समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई है।


कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत राजसमंद
Phone: 02952-222536, E-Mail: SECIRCLE.RAJ.PHED@RAJASTHAN.GOV.IN
क्रमांक-एसई/राज/2025-26/982 दिनांक : 12.6.25
ई-निविदा सूचना संख्या 28-32/2025-26
(NIB No PHE2526A1613)
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्न हस्ताक्षरकर्ता द्वारा सक्षम श्रेणी में पंजीकृत मान्यता प्राप्त पंजीकृत संवेदको से ऑन लाईन निविदा आमन्त्रित की जाती है। बिड से संबंधित समस्त जानकारी प्रोक्योरमेंट पोर्टल http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
UBN No.- 1. PHE2526WSOB03568, 2. PHE2526WSOB03569, 3. PHE2526WSOB03570 4. PHE2526WSOB03571, 5. PHE2526WSOB03572
(रामावतार सैनी)
अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत राजसमन्द
DIPR/C/8124/2025

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. VALLABHNAGR
No. 399 Date : 12.06.2025
Notice Invision Bid No. 03/2025-26
NIB No. : PWD2526A1299
Bids for Various works are invited from interested bidders upto **18.06.2025 9.00 AM to 27.06.2025 06.00 PM.** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of **10 Works is Rs. 220.00 Lacs.**
UBN No. :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB04483 | 5. | PWD2526WSOB04489 | 9. | PWD2526WSOB04493 |
| 2. | PWD2526WSOB04485 | 6. | PWD2526WSOB04490 | 10. | PWD2526WSOB04494 |
| 3. | PWD2526WSOB04487 | 7. | PWD2526WSOB04491 | 11. | PWD2526WSOB04495 |
| 4. | PWD2526WSOB04488 | 8. | PWD2526WSOB04492 | | |

DIPR/C/8142/2025 (ACHAL GUPTA), EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. Vallabhnagar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. DN. KOTRA
No. 205 Date : 12.06.2025
Notice Invision Bid No. 03/2025-26
NIB No. : PWD2526A1302
Bids for Various works are invited from interested bidders upto **16.06.2025 9.00 AM to 30.06.2025 06.00 PM.** Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal ("http://eproc.rajasthan.gov.in" and "http://sppp.rajasthan.gov.in") of the state, and department website. The approximate value of procurement of **15 Works is Rs. 298.00 Lacs.**
UBN No. :-

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB04509 | 6. | PWD2526WSOB04517 | 11. | PWD2526WSOB04522 |
| 2. | PWD2526WSOB04511 | 7. | PWD2526WSOB04518 | 12. | PWD2526WSOB04524 |
| 3. | PWD2526WSOB04513 | 8. | PWD2526WSOB04519 | 13. | PWD2526WSOB04525 |
| 4. | PWD2526WSOB04515 | 9. | PWD2526WSOB04520 | 14. | PWD2526WSOB04526 |
| 5. | PWD2526WSOB04516 | 10. | PWD2526WSOB04521 | 15. | PWD2526WSOB04527 |

DIPR/C/8160/2025 (KAPIL KUMAR AWASTHY), EXECUTIVE ENGINEER, P.W.D. Dn. KOTRA

# विदेश निर्मित अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## पश्चिमी बंगाल से जयपुर मशीन बेचने पहुंचा गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। राज्य पीसीपीएनडीटी टीम ने एक बड़ी और सफल कार्रवाई करते हुए देश में अवैध रूप से पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। टीम ने पश्चिम बंगाल से जयपुर में मशीन बेचने आए गिरोह के एक प्रमुख आरोपी पश्चिम बंगाल के हुगली जिले निवासी 45 वर्षीय अमिताभ भादुरी पुत्र अशोक कुमार ब्राह्मण को गिरफ्तार किया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन निदेशक डॉ. अमित यादव ने बताया कि कोलकाता में गिरोह के सरगना और संबंधित कंपनी पर कार्रवाई के लिए वहां की स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दी जा चुकी है।

उन्होंने बताया कि विदेश निर्मित इस पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का बेचान करने वाले गिरोह में कई अन्य लोगों के लिप्त होने की आशंका है। मिशन निदेशक एनएचएम ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय कार्रवाई से भ्रूण लिंग निर्धारण के अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के बीच हड़कंप मच गया। कन्या भ्रूण हत्या रोकना और इस मामले में लिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाना उनकी प्राथमिकता में रहेगा।

यह कार्रवाई पीसीपीएनडीटी अधिनियम के सफल क्रियान्वयन और भ्रूण लिंग चयन को रोकने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता है। राजस्थान सरकार लंबे समय से लिंगानुपात में सुधार के लिए सख्त कदम उठा रही है और इस तरह के ऑपरेशन इस कड़ी में एक प्रभावी कदम है।



आरोपी अमिताभ भादुरी



जब्त पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन

### पीसीपीएनडीटी की रडार पर 2 माह से थे आरोपी

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीसीपीएनडीटी डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि एक गिरोह राज्य में पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन बेचने का कारोबार कर रहा है। सूचना की पुष्टि होने के बाद टीम गठित कर करीब दो माह तक मामले में रैकी कर गहनता से पड़ताल की गई। गिरोह से संपर्क होने के बाद सामने आया कि पोर्टेबल मशीन 7 से 10 लाख रुपए के बीच देश के विभिन्न राज्यों में बेची जा रही थी। सूचना की पुष्टि के बाद टीम ने हुगली निवासी अमिताभ भादुरी से संपर्क साधा और पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का सौदा सवा छह लाख रुपए में तय किया। इस दलाल ने कुछ रुपए एडवांस ऑनलाइन मंगवाए एवं बाकी मशीन की डिलीवरी के समय देना तय हुआ। इसके बाद दलाल मशीन लेकर जयपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा और स्टेशन के ही प्रतीक्षालय में रुका। इसी दौरान उसने गिरोह के सरगना को वॉइस मैसेज किया कि "वह सुरक्षा के मद्देनजर यहीं रुका हुआ है और कंपनी के पैसे भी बचा रहा है। बचे हुए पैसों का अपनी सेहत के लिए अच्छा भोजन करूंगा। मैं पूरी तरह सतर्कता बरत रहा हूं। वैसे भी डॉन को पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन है। और वो डॉन हो आप, डॉ. आदित्य मुरारका।" स्टेशन पर रुकने के बाद दलाल मशीन सहित शहर के कुछ प्रमुख स्थलों से घुमाते हुए सेंट्रल पार्क पहुंचा। जहां पहले से ही मौजूद पीसीपीएनडीटी टीम ने अमिताभ भादुरी को धर दबोचा।

- राज्य पी.सी.पी.एन.डी.टी. टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया, अन्य बदमाशों को पकड़ने के लिए पड़ताल जारी

### अवैध तस्करी कर विदेश से भारत में लाते मशीन

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अमिताभ भादुरी यह मशीन लाइफ प्लस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के डॉ. आदित्य मुरारका से लेकर यहां बेचान करने आया है। गहन पूछताछ के बाद टीम ने अमिताभ को हिरासत में लिया।

साथ ही तत्काल संबंधित थानों और प्रशासन को सूचना देते हुए कंपनी एवं अन्य लोगों को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया ताकि इस अंतर्राष्ट्रीय गिरोह के सभी सदस्यों को पकड़ा जा सके और कन्या भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध को संपूर्ण देश में रोका जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहां-कहां इस तरह मशीन बेची और मामले में कौन-कौन लिप्त हो सकते हैं, इसकी जांच के निर्देश दिए हैं।

# डकैती-लूट के अंतर्राज्यीय गिरोह बनाकर वारदात करने वाला शातिर बदमाश पकड़ा

## ए.टी.एस. ने 14 साल से फरार इस आरोपी को अजमेर में दबोचा

**जयपुर** (कासं)। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) राजस्थान ने कार्रवाई करते हुए डकैती-लूट के अंतरराज्यीय गिरोह बना कर लूट करने वाले पांच हजार रुपये का इनामी आरोपी को निरुद्ध किया गया है। जो पिछले चौदह साल से फरार चल रहा था। जिसे जयपुर ग्रामीण जिले के शाहपुरा थाना पुलिस को सुपुर्द किया गया।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी राजस्थान जयपुर वीके सिंह ने बताया कि चौदह साल से फरार चल रहे डकैती-लूट के अंतरराज्यीय गिरोह बना कर लूट करने वाले पांच हजार रुपये का इनामी आरोपी नसरू उर्फ नसरुद्दीन निवासी हथीन जिला पलवन (हरियाणा) को अजमेर से निरुद्ध किया गया।



आरोपी नसरू उर्फ नसरुद्दीन

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एटीएस और एसओजी राजस्थान जयपुर ने बताया कि टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि डकैती-लूट करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के सदस्य पांच हजार रुपये का वांछित इनामी आरोपी नसरू उर्फ नसरुद्दीन हरियाणा से जोधपुर जा रहा है। इस सूचना पर एटीएस की एक टीम गठित की जाकर मेवात संभाग के ट्रको पर जयपुर जोधपुर हाईवे पर निगरानी की गई तो अजमेर में स्थित अजमेर बाईपास पर एक ट्रक में नसरू उर्फ नसरुद्दीन अपनी पहचान छुपाते हुए ट्रक ड्राइवर बन कर केबिन में बैठा दिखाई दिया। जिसको एटीएस की टीम के द्वारा पकड़ा गया। आरोपी नसरू उर्फ नसरुद्दीन के खिलाफ शाहपुरा जिला जयपुर ग्रामीण में 14 वर्षों से वांछित होने पर शाहपुरा पुलिस को सुपुर्द किया गया।प्रारंभिक पूछताछ में हरियाणा राज्य में हत्या के प्रकरण में जेल जाना सामने आया है ।


# मेडिकल अनफिट चालकों को बस चलाने के आदेश पर रोक

**जयपुर** । राजस्थान हाईकोर्ट ने रोडवेज के अलवर डिपो में मेडिकल अनफिट चालकों को बस चलाने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। जस्टिस सुदेश बंसल ने यह आदेश छतर सिंह व अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान रोडवेज एमडी वीसी के जरिए अदालत में हाजिर हुए। वहीं रोडवेज की ओर से कहा गया कि मेडिकल अनफिट चालकों को रूट पर ड्यूटी लगाने वाले अधिकारी पर कार्रवाई की जा रही है। इस पर अदालत ने कहा कि रोडवेज का यह आदेश यात्रियों की जान को खतरे में डालने वाला है। याचिका में अधिवक्ता विनायक जोशी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता रोडवेज में चालक पद पर कार्यरत हैं। इस दौरान दुर्घटना होने के चलते किसी के पांव में रॉड तो किसी के हाथ में रॉड लगी है। वहीं रोडवेज मुख्यालय के भी आदेश हैं कि अनफिट चालकों को रूट पर ड्यूटी लगाने से पहले मेडिकल जांच जरूरी है। ऐसे में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर ही उनकी रूट पर ड्यूटी लगाई जा सकती है। इसके बावजूद भी अलवर के चीफ मैनेजर ने बिना मेडिकल जांच उनकी रूट पर ड्यूटी लगा दी। चीफ मैनेजर ने ऐसा आदेश जारी कर नियमों की अवहेलना की है, दूसरी ओर यात्रियों की जान को खतरे में डाला जा रहा है। जिस पर अदालत ने याचिकाकर्ताओं को रूट पर ड्यूटी लगाने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है।

## सार-समाचार

### साइंस पार्क में होगी कथक नृत्य संध्या



**जयपुर** । संगीत आश्रम संस्थान का तीन दिवसीय क्लासिकल संगीत समारोह 28 जून से यहां शास्त्रीनगर स्थित संस्थान परिसर में शुरू होगा। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि समारोह के पहले दिन में शनिवार शाम 5.30 बजे मुजतबा हसन का सितार वादन होगा। फिर दूसरे दिन 29 जून, रविवार को शाम 4.30 बजे क्लासिकल म्यूजिक कॉन्सर्ट होगा। इसमें अनेक कलाकार विभिन्न राग-रागनियों के सुरीले सुरों की माला पिरोएंगे। समारोह के आखिरी दिन सोमवार, 30 जून को शाम 5.30 बजे शास्त्रीनगर स्थित साइंस पार्क ऑडिटोरियम में कथक नृत्य संध्या संजोई जाएगी। इसमें कई बाल व युवा कलाकार जयपुर घराने के शुद्ध पारंपरिक कथक की प्रस्तुति देंगे।

### अतिक्रमण हटाकर पांच ट्रक सामान जब्त



**जयपुर** । हैरिटेज निगम की सतर्कता शाखा ने गुरुवार को सड़क और बरामदे पर पर हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। इस संबंध में हैरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने बताया कि परकोटे के बाजारों में सड़क और बरामदे पर अस्थाई अतिक्रमण की सूचना मिली, इस पर निगम की सतर्कता शाखा ने उपायुक्त सतर्कता पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में छोटी चौपड़, चांदपोल, बाबा हरिश्चंद्र मार्ग, अजमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, कटेवा नगर, हटवाड़ा रोड, गुर्जर की थड़ी, खातीपुरा रोड, जल महल, रामगढ़ मोड़ सहित 35 स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को हटा पांच ट्रक सामान को जब्त कर लिया। निगम आयुक्त ने बताया कि कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई गई है। साथ ही भविष्य में सड़क और बरामदे पर सामान रख अतिक्रमण करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। हेरिटेज निगम की ओर से लगातार अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डॉ.अजीत पाठक पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष बने



**जयपुर** । पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) ने डॉ. अजीत पाठक को वर्ष 2025-2027 के लिए पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने की घोषणा की है। पब्लिक रिलेशंस में भारत के पहले डॉक्टरेट और ग्लोबल अलायंस ऑफ पीआर एंड कम्युनिकेशन मैनेजमेंट के पूर्व सचिव डॉ. पाठक प्रतिष्ठित इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत रहे थे। पब्लिक रिलेशंस सोसायटी ऑफ इंडिया और इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशंस में उनके योगदान और प्रतिबद्धता को देखते हुए पुनः उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। यह 21वां वर्ष है जब डॉ. अजीत पाठक को पीआरएसआई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विश्वास प्राप्त हुआ है और उन्हें अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है। वर्ष 2025-2027 के कार्यकाल के लिए डॉ. अजीत पाठक को राष्ट्रीय अध्यक्ष, डॉ. पी.एल.के. मूर्ति को महासचिव, दिलीप चौहान को सचिव कोषाध्यक्ष, नरेंद्र मेहता को उपाध्यक्ष (उत्तर), एम.एस. मजूमदार को उपाध्यक्ष (पूर्व), एस.पी. सिंह को उपाध्यक्ष (पश्चिम), यू.एस. शर्मा- उपाध्यक्ष (दक्षिण) चुना गया है।

### शिव महापुराण कथा का शुभारंभ

**जयपुर** । कांति चंद्र रोड बनी पार्क में श्री शिव महापुराण कथा समिति की ओर से आयोजित नव दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा का शुभारंभ गुरुवार को व्यास पीठ पूजन के साथ हुआ। प्रथम दिन प्रसिद्ध संत संतोष सागर महाराज ने कथा का श्रीगणेश करते हुए भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों, माहात्म्य और उपासना विधियों का गूढ़ वर्णन किया। यह आयोजन 4 जुलाई तक चलेगा। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संतोष सागर महाराज ने कहा, "शिव महापुराण का पंडाल कल्पवृक्ष के समान है। यहां बैठकर जो जैसा चिंतन करेगा, वैसा ही फल प्राप्त करेगा। शिव कथा का स्थान काशी के समान पवित्र और कथा का वातावरण आनंद वन बन जाता है।" उन्होंने शिव महापुराण को समुद्र की उपमा देते हुए कहा कि श्रद्धालु को सरिता (नदी) बनकर इस कथा में समाहित होना होता है। कथा श्रवण से शिव तत्व का रहस्य प्रकट होता है, और यही वास्तविक कल्याण है। कथा के दौरान महाराजश्री ने रुद्राक्ष, त्रिपुंड, भस्म, काशी की महिमा तथा कथा श्रवण व उपासना के नियम भी विस्तार से बताए। कथा के पहले दिन हैरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव, पूर्व सांसद श्री रामचरण बोहरा, अजय यादव, चेतन कुमावत, त्रिलोक खंडेलवाल, मनोज मुद्गल, चंद्र प्रकाश,खंडेलवाल, अर्जुन सिंह राठौड़, जितेंद्र लखवानी शाहिद अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### उमाशंकर शर्मा का इंदौर में सम्मान

**जयपुर** । राज्य सरकार में राज्य आयुक्त (दिव्यांगजन) रहे उमाशंकर शर्मा को इंदौर में हुए एक समारोह में वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड्स लंदन द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया । शर्मा द्वारा आयुक्त के पद पर रहते हुए अपने कार्यकाल में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, अधिकारों की रक्षा, और समावेशी शासन की दिशा में अनेक अभूतपूर्व कार्य किए गए । शर्मा द्वारा उनके कार्यकाल में "मिशन तहसील 392- आयुक्त आपके द्वारा" कार्यक्रम चलाया गया जिसके अंतर्गत उन्होंने खुद राजस्थान की सभी 392 तहसीलों का दौरा किया जिसमें उनके द्वारा विशेष योग्यजन को आ रही समस्याओं को सुनने के साथ उनका मौके पर ही निस्तारण किया गया । शर्मा के अनेक उत्कृष्ट कार्यों के लिए उनको वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन द्वारा सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस दिया गया ।

### बाढ़ नियंत्रण केन्द्र का निरीक्षण

**जयपुर**। हैरिटेज निगम आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने गुरुवार को बाढ़ नियंत्रण केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर मौजूद कर्मचारियों से कार्य प्रणाली को जाना और जल भराव या अन्य वर्षा जनित समस्या के रिस्पॉन्स टाइम को कम करने के निर्देश दिए। हेरिटेज निगम के तीनों बाढ़ नियंत्रण केन्द्र पर वायरलैस भी दिए गए है। ऐसे में निगम अधिकारी ये सुनिश्चित करें कि केंद्र पर आ रही शिकायत का निवारण कम से कम समय में हों। आयुक्त ने बाढ़ केंद्र पर तैनात कर्मचारियों को 24 अलर्ट रहने के निर्देश दिए।

# साढ़े तीन करोड़ की ड्रग्स के साथ विदेशी महिला गिरफ्तार

**जयपुर** । डी.आर.आई. ने जयपुर एयरपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए एक नाइजीरियन महिला से 1.782 किलोग्राम एमफैटामाइन (ड्रग्स) सहित गिरफ्तार किया है। जब्त किये गए ड्रग्स की बाजार कीमत 3.5 करोड़ आंकी गई है इसके बाद कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

डीआरआई से मिली जानकारी के अनुसार नाइजीरियन मूल की विदेशी महिला दिल्ली से ड्रग्स लेकर जयपुर आई थी। जिस पर डीआरआई ने विदेशी महिला को जयपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया। महिला के पास मिले ड्रग्स को लेकर महिला पूछताछ में कोई अहम जानकारी नहीं दी। इसके बाद महिला को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से महिला को कोर्ट ने जेल भेज दिया हैं।



जब्त की गई ड्रग्स

वहीं डीआरआई की टीम महिला के रूट मैप पर काम कर ही है।महिला के नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। इसमें अभी काफी खुलासे होने बाकी हैं। साथ ही विदेश मंत्रालय को भी महिला के बारे में जानकारी दी गई है।

# *अभी भी पुराने आपराधिक कानून में एफ.आई.आर. दर्ज कर रही है पुलिस*

**जयपुर**। प्रदेश में नए आपराधिक कानूनों को लागू हुए करीब एक साल का समय हो गया है। इसके बावजूद भी पुलिस पुरानी भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज कर रही है।

झोटवाडा थाना पुलिस की ओर से धोखाधडी के मामले को लेकर आईपीसी में दर्ज एफआईआर को लेकर प्रकरण राजस्थान हाईकोर्ट पहुंचा है। हाईकोर्ट ने आदेश की कॉपी पुलिस कमिश्नर को भेजते हुए कहा है कि वह हर थाने में इसकी जानकारी भेजे।

वहीं अदालत ने मामले में याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करने पर रोक लगाते हुए सरकारी वकील को एफआईआर को बीएनएस की धाराओं में दर्ज करने को कहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश अनिल कुमार की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि एफआईआर में भारतीय दंड संहिता की धाराएं लगाई गई है, जबकि एक जुलाई, 2024 से भारतीय न्याय संहिता लागू हो चुकी है।

- राजस्थान हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर को आदेश की कॉपी हर थाने में भेजने के निर्देश दिए

याचिका में अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने अदालत को बताया कि यह मैसर्स सालासर एंटरप्राइजेज के दो भागीदारों के बीच का विवाद है। याचिकाकर्ता जुलाई, 2020 को रिटायरमेंट डीड के जरिए इस फर्म से हटा चुका है। उसके करीब पांच साल बाद दूसरे भागीदार ने गत 2 जून को झोटवाडा थाने में याचिकाकर्ता के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों और धोखाधडी को लेकर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें अन्य आरोपों के साथ-साथ रिटायरमेंट डीड भी धोखाधडी से तैयार करने का आरोप लगाया गया है। वहीं पुलिस ने नए कानून के अस्तित्व में आने के बाद भी पुरानी आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया है। याचिका में गुहार की गई कि एफआईआर को रद्द किया जाए। अदालत ने पुलिस कमिश्नर को निर्देश देते हुए याचिकाकर्ता को गिरफ्तार करने पर रोक लगाई है।

# 'अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मार्ट्स में राजस्थान का हो प्रतिनिधित्व'

**जयपुर** । उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में गुरूवार को राज्य के पर्यटन विभाग की समीक्षा बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मार्ट्स में राजस्थान पर्यटन का वृहद प्रतिनिधित्व किये जाने की आवश्यकता बताई, ताकि राजस्थान पर्यटन की प्रभावी ब्रांडिंग हो सके और राजस्थान को इसका गुणात्मक माइलेज मिल सके। पर्यटन भवन में हुई इस बैठक में प्रमुख शासन सचिव पर्यटन राजेश यादव और आयुक्त रुक्मणि रियार भी मौजूद थी।

दिया कुमारी ने कहा राजस्थान में जयपुर के साथ ही अन्य शहरों को भी पर्यटन की दृष्टि से आगे बढ़ाने के लिए कार्य किये जाए। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान प्रत्येक जिले में पर्यटन की व्यापक सम्भावनाये हैं। उन्होंने ट्रेवल मार्ट को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि इस तरह कोटा सहित अन्य शहरों में ट्रेवल मार्ट के आयोजनों से वहां भी देशी विदेशी पर्यटको की आवाजाही बढ़ सकेगी। दिया कुमारी ने राज्य में बजट घोषणा के अनुरूप झुंझुनू जिले में वार म्यूजियम बनाने के साथ ही पश्चिमी राजस्थान में एक और भव्य वार म्यूजियम बनाने की आवश्यकता बताई। उप मुख्यमंत्री ने राजस्थान में बड़े विजन के साथ प्रोजेक्ट ट्राईबल सर्किट प्रोजेक्ट बनाने का कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि इस हेतु अन्य राज्यों के बेहतर कार्यों का अध्ययन कर अच्छे नावाचारों को शामिल करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने आमेर के विकास कार्य पर चर्चा करते हुए कहा कि आमेर एक आकर्षक हेरिटेज टाउन है। आमेर को आइकॉनिक टूरिस्ट सेंटर के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने गोविन्द देव जी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अपेक्षित आवश्यक सुविधाओं को मंदिर परिक्षेत्र में योजना बनाकर भव्यता से विकास कार्य कराने के निर्देश दिए।

- उपमुख्यंत्री ने राजस्थान के पर्यटन को बढ़ाने और प्रभावी ब्रॉडिंग के लिए चर्चा की

# रवि जैन ने अफसरों के साथ फील्ड में उतरकर जांची मानसून की तैयारियां

**जयपुर** । स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने कार्यभार संभालने के दूसरे ही दिन सक्रियता दिखाते हुए बुधवार को नगर निकायों और स्वायत्त शासन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक की। बैठक में मानसून से पूर्व की तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

जैन ने निर्देश दिए कि जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नालों की सफाई, पंपिंग मशीनों की उपलब्धता और आपदा नियंत्रण के लिए संसाधनों की व्यवस्था समय रहते सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बरसात के मौसम में आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए जमीनी स्तर पर तैयारियों को सुदृढ़ किया जाए। उन्होंने खुले खड्डों को तत्काल भरने एवं प्रतिदिन कार्य प्रगति की जानकारी उनसे साझा करने के निर्देश भी दिए ।

डीएलबी निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जल भराव वाले क्षेत्रों में पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम एवं साइन बोर्ड लगाए जाए जिससे की कोई दुर्घटना न हो। उल्लेखनीय है की कुछ दिनों पूर्व ही डीएलबी निदेशक श्री इन्द्रजीत सिंह ने प्रत्येक स्थानीय निकाय के स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और बारिश के मद्धेनज़र जलभराव वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर, पहले से तैयारी रखने के आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए थे।



स्वायत्त शासन शासन सचिव रवि जैन ने निदेशक इन्द्रजीत सिंह, ग्रेटर निगम आयुक्त गौरव सैनी, हैरिटेज आयुक्त डॉ. निधि पटेल के साथ साथ जवाहर नगर कच्ची बस्ती, जयपुर एयरपोर्ट और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया।

बैठक के पश्चात शासन सचिव रवि जैन, निदेशक एवं विशिष्ट सचिव इन्द्रजीत सिंह, नगर निगम ग्रेटर के आयुक्त गौरव सैनी, नगर निगम हेरिटेज की आयुक्त डॉ. निधि पटेल ने संबंधित उच्च अधिकारियों के साथ जवाहर नगर कच्ची बस्ती, जयपुर एयरपोर्ट और अन्य जलभराव वाले क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। फील्ड विजिट के दौरान उन्होंने नालों की स्थिति, जल निकासी की व्यवस्था तथा आपातकालीन तैयारियों का जायजा लिया।

# 'समाज को नशा मुक्त रखने में सरकार और संस्थाओं के साथ युवा भी निभाएं जिम्मेदारी'

**जयपुर** (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि समाज को नशा मुक्त रखने की जिम्मेदारी सरकार और संस्थाओं की ही नहीं, अपितु समाज के हर व्यक्ति की है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास के लोगों में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता लाने और नशे की गिरफ्त में जकड़े में लोगों को इस दुष्चक्र से निकालने का संकल्प लेना होगा। गहलोत गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान में आयोजित सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेशभर में नशे की रोकथाम के लिए व्यापक गतिविधियां संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 के बजट में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर व बाड़मेर सहित 10 जिलों में 25-25 बेड क्षमता के नशामुक्ति केन्द्रों की स्थापना की घोषणा की थी जो कि सभी जिलों में संचालित भी हो गए हैं। प्रदेशभर में 85 लाइसेंसशुधा गैर अनुदानित, 10 केंद्र राज्य सरकार द्वारा अनुदानित तथा 38 केंद्र भारत सरकार द्वारा अनुदानित संचालित किए जा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि प्रदेश के नशा मुक्ति केंद्रों पर निगरानी व मॉनिटरिंग के लिए विभाग द्वारा कड़ी और पारदर्शी व्यवस्था की जा रही है। जहां जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा समय-समय पर केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है, वहीं किसी भी स्तर पर कमी होने पर संस्था प्रधानों को नोटिस तथा लापरवाही बरतने पर लाइसेंस तक रद्द किए जाते हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त निदेशक रीना शर्मा, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के अधीक्षक जयपुर अवधेश शर्मा, डॉ. राघव शाह, हरीश बुढ़ानी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

- 'प्रदेश के युवा लें नशामुक्ति और जागरूकता का संकल्प'




समाज कल्याण मंत्री अविनाश गहलोत ने "एक युद्ध-नशे के विरुद्ध" पोस्टर जारी किया।

# नाला सफाई में भ्रष्टाचार का आरोप, भुगतान रोकने की मांग

**जयपुर** । नगर निगम जयपुर ग्रेटर क्षेत्र में नालों की सफाई को लेकर ठेकेदारों द्वारा भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए इसका भुगतान रोकने की मांग उठी है। गुरूवार को नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष गिरिराज खंडेलवाल ने ग्रेटर निगम आयुक्त गौरव सैनी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम के 7 जोनों में मानसून से पूर्व नालों की सफाई के कार्य में न तो किसी पार्षद को सूचना दी गई और न ही स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय किया गया। ठेकेदारों ने अपने स्तर पर औपचारिकता निभाते हुए सिर्फ कागज़ों में सफाई दिखाकर भुगतान की तैयारी कर ली, जबकि हकीकत में सफाई कार्य संतोषजनक नहीं हुआ। इस लापरवाही और अपारदर्शी व्यवस्था का खामियाजा राजधानी के नागरिकों को भुगतना पड़ा। मामूली बारिश में ही शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। ज्ञापन में मांग रखी गई कि, सभी ठेकेदारों की कार्यप्रणाली की निष्पक्ष जांच हो। जांच पूरी होने तक ठेकेदारों को कोई भी भुगतान न किया जाए। जिन निगम अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध हो, उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाए। राजीव चौधरी और गिरिराज खंडेलवाल ने आयुक्त से आग्रह किया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच सुनिश्चित की जाए और दोषियों को बख्शा न जाए।

- नेता प्रतिपक्ष राजीव चौधरी व कांग्रेस नेता गिरिराज खंडेलवाल ने सौंपा ग्रेटर निगम आयुक्त को ज्ञापन

# ARBIT
it happens here...

राष्ट्रदूत
FRIDAY
27 June 2025
A-B




## Appreciating Diversity

Multiculturalism Day (27 June) is a vibrant celebration of the rich diversity found within communities. It highlights the blend of cultures, languages, and traditions that make society unique. This day encourages everyone to appreciate differences, to create more inclusive and understanding world. Through this celebration, people come together, recognizing the beauty of cultural diversity and the strength it brings to daily life! The day also raises awareness of the contributions made by various cultural groups, enriching the community in countless ways. By appreciating these diverse traditions, people learn to respect and value each other's differences, fostering greater acceptance and peace.

#HISTORY

## Potshard Inscriptions of Keeladi



While some of the inscriptions were in Tamil Brahmi, the oldest potshards had graffiti marks!





What can a few fragments of pottery tell us about how people wrote 5000 years ago? Quite a lot, as it turns out. The Keeladi excavations of 2015 pointed to the existence of a literate ancient Tamil civilisation that could go as far back as 800 BCE. Among the most significant finds was a series of potshards with different inscriptions, which offered many fascinating insights about the evolution of scripts in India.

Is Tamil Brahmi older than the Brahmi script? Could the Indus Valley script, which was in use in north-western India over 4500 years ago, be related to Tamil Brahmi, which was used in South India? Which are the oldest dated inscriptions in India? What languages and scripts are those inscriptions in? In 2015, archaeologists excavated a host of ancient artefacts from a place called Keeladi near Madurai. Among other things, they found many potshards with different sets of inscriptions. While some of the inscriptions were in Tamil Brahmi, the oldest potshards had graffiti marks that looked a lot like the script of the Indus Valley Civilisation. That script remains undeciphered to this day.







# Crows make tools, hold grudges and solve puzzles





Humans have long recognized the craftiness of crows and ravens, as seen in centuries of folklore casting the birds as thieves, tricksters, problem-solvers, wise advisors to gods, or even deities themselves. Yet, we also tend to stereotype these birds, overlooking many of their complexities to brand them as spooky, troublesome, or outright nefarious. Fortunately, our appreciation of their intelligence has soared in recent years, thanks to research exploring what corvids can do with all that brainpower. Below is just a sampling of what we've learned about their mental and social lives, focusing mainly on crows but also including ravens and other relatives.

● Russell McLendon

Intelligence runs in the crow family, a diverse group of more than 120 bird species. And, as with most geniuses, crows and their relatives tend to be misunderstood. Known as corvids, this family of birds includes crows, ravens, rooks, jays, jackdaws, magpies, treepies, nutcrackers, and choughs. They range from the 1-ounce dwarf jay, a small forest bird found only in Mexico, to the 3-pound common raven, a wily opportunist found across the Northern Hemisphere.

Corvids are incredibly clever overall, with the largest brain-to-body-size ratios of any bird, but those in the genus Corvus tend to be especially brainy. This genus includes the crows, ravens, rooks, and jackdaws, accounting for about a third of all corvid species. Many of these have a brain-to-body-size ratio (or 'encephalization quotient') you'd expect from an ape, not a bird. In fact, according to a study published in the journal *Current Biology*, 'the crow brain is the same relative size as the chimpanzee brain.'

Humans have long recognized the craftiness of crows and ravens, as seen in centuries of folklore, casting the birds as thieves, tricksters, problem-solvers, wise advisors to gods, or even deities themselves. Yet, we also tend to stereotype these birds, overlooking many of their complexities to brand them as spooky, troublesome, or outright nefarious. Fortunately, our appreciation of their intelligence has soared in recent years, thanks to research exploring what corvids can do with all that brainpower. Below is just a sampling of what we've learned about their mental and social lives, focusing mainly on crows but also including ravens and other relatives.

Crows have shrewd ways to get food. Crows tend to be opportunistic and creative, commonly exploiting new food sources or adopting new feeding strategies to make their lives easier. The American crow is known to catch its own fish, for example, in some cases, even using bread or other food as bait to lure fish closer.

At the same time, this species often steals food from other animals, sometimes even secretly following victims back to their nests or food caches. In one case, a group of American crows was seen distracting a river otter so that they could steal its fish, according to the Cornell Lab of Ornithology. Another group followed common mergansers to intercept minnows that the ducks had been chasing into shallow water.

Many crows use gravity and the ground by dropping snails and hard-shelled nuts from the air while flying. This is done by other birds, too, but some crows seem to have taken this a few steps further. Crows in Japan, for instance, place walnuts on roads so that cars will crush the shells, wait for the traffic light to change, and then safely collect the opened nuts.

### Crows Can Solve Puzzles on Par with Human Kids

In Aesop's Fable 'The Crow and the Pitcher,' a thirsty crow encounters a pitcher with a little water but is initially thwarted by the low water level and the bottle's narrow neck. Then, the crow drops pebbles into the pitcher and raises the water level high enough to drink.

Not only has research verified that crows can do this, but it shows they can pass the water-displacement test at a level similar to human children between the ages of 5 and 7. Crows have conquered a variety of other convoluted tests, too. The BBC even showed a crow solving an eight-step puzzle in its series *Inside the Animal Mind*. Crows can also plan their tool use, according to one study in the journal *Current Biology*, which found that crows could solve a metatool problem, when each step was out of sight of the others, planning three behaviours into the future. The birds showed an ability to 'mentally represent the goals and sub-goals of metatool problems,' the researchers wrote, and even successfully ignored an extra tool planted in their path to distract them.

### Crows Don't Just Use Tools; They Also Make Them

In the early 1960s, primatologist Jane Goodall shocked the world with her discovery that wild chimpanzees use twigs as tools to catch termites, debunking the idea that humans are the only tool-using species. Tool use requires a certain level of cognitive sophistication, but we now know plenty of other animals also use tools in the wild, not just our fellow primates. In fact, one of the most studied examples of non-primate tool use comes from a corvid: the New Caledonian crow. Many corvids use tools, but New Caledonian crows are especially advanced. Like chimps, they use sticks or other plant matter to fish insects out of crevices. That alone is impressive, especially without hands, but it's just one of many tricks up their sleeves. In addition to choosing tools that are naturally well-shaped for a particular task, New Caledonian crows also manufacture tools in the wild, which is much rarer than only using found objects. This ranges from trimming the leaves off a stick to creating their own hook-shaped tools from twigs, leaves, and thorns.



In controlled experiments, New Caledonian crows have also bent pliable materials into hooked tools, and even shown spontaneous 'metatool use,' the ability to use one tool on another. Great apes like chimps and orangutans can solve metatool tasks, researchers noted in one study, but even monkeys are known to struggle with them. These crows have used a short stick to reach a longer stick that can reach a reward, for example, but have also made new compound tools from two or more otherwise non-functional elements. As one of the study's authors told the BBC, that requires imagining what a tool will do before it exists, despite having never seen such a tool before, then making it exist and using it.

## #CROWS

### Crows Hold Funerals for Their Dead

Crows are famous for holding 'funerals,' when one of their kind has died. It might be a lone individual or a group of crows, known as a murder, of course, and it may be solemnly quiet or cacophonous. In some cases, the crows may keep a vigil over the fallen bird for days. Could they be mourning?

Maybe, explains Kaeli Swift, a postdoctoral researcher and corvid expert at the University of Washington. There is 'little doubt that they have emotional intelligence,' testing this possibility remains scientifically problematic, since 'there's still no way we can truly know what's happening on an emotional level in an animal's head,' she says.



So, without necessarily ruling out grief, Swift and other researchers have focused more on 'danger learning' as a likely motivator for corvid funerals. "If I were to find a dead person in the woods, I might be feeling sad, but I'd also be alarmed and likely looking for the cause of death to make sure I'm not next," Swift writes. "Perhaps, the crows are doing the same thing, looking for the source of danger and remembering key elements of the experience that will help keep them safe in the future."

### Crows Gossip, Hold Grudges, and Know Who You Are

Several kinds of corvids have demonstrated a knack for recognizing human faces. Magpies and ravens, for example, are known to scold specific researchers who have gotten too close to their nests in the past, regardless of what the researchers wear. Some of the best evidence of this ability comes from crows in Washington state, where Swift and her colleagues have extensively tested the birds' reactions to human faces they've learned to distrust.

Led by John Marzluff, a professor of Wildlife Science at the University of Washington, the testing was born from the realization that crows seem to hold grudges against specific people who'd netted and banded them for research. Researchers began wearing rubber caveman masks when they did this, revealing how the crows were identifying their enemies. Crows scolded and mobbed anyone who wore the caveman mask regardless of who was underneath. In later tests, researchers achieved a similar effect by wearing masks while holding a dead (taxidermied) crow, which resulted in crows pestering future wearers of those same masks. "The interesting part was that not a whole lot mattered except the face," Marzluff told the National Wildlife Federation (NWF).

Lots of other animals can also recognize human faces but crows still stand apart, both for the length of their memories and for how they share information among themselves. Years after the study began, crows 'continue to harangue the banding mask,' the NWF explains, 'even though they see it only twice a year for a few hours at a time.'

This animosity isn't just from crows who saw the original banding event. The percentage of birds scolding and mobbing the caveman mask grew over time, roughly doubling within seven years, even though most had never been banded and were unlikely to have personally witnessed the mask doing anything offensive. Some were even young crows not born yet when the grudge began. The crows are apparently transmitting important information, the identity of a seemingly dangerous person, to their families and companions.

As Kat McGowan wrote for Audubon Magazine in 2016, nearly all the birds originally trapped by the caveman are probably dead by now, yet 'the legend of Seattle's Great Crow Satan still grows.'

Learning to identify humans could be a valuable skill for urban crows since some of us are dangerous, some neutral, and some helpful. Wild crows seem largely indifferent to the faces of people who haven't wronged them and can also form positive relationships with us, like the girl in Seattle who famously received a collection of trinkets from the crows she'd been feeding.

### Crows Mate for Life, But They're Also 'Monogamish'

Crows are social birds and are more family-oriented than many people realize. Crows mate for life, meaning a mated pair will typically stay together for the rest of their lives, but their family lives may also be a little more complicated than that suggests. Crows are 'monogamish,' Swift writes, adding a more scientific clarification that they're considered 'socially monogamous but genetically promiscuous.' This means they generally stay with one partner for life, but genetic analyses show that male crows only father about 80% of their family's offspring.

Some crows also lead a 'double life,' according to the Cornell Lab of Ornithology. They can split time between families and big communal roosts. American crows maintain a territory year-round, where their extended family lives and forages together. But during much of the year, individual crows leave the home territory to join large flocks at dumps and agricultural fields, and to sleep in large roosts in winter. Family members go together to the flocks, but do not stay together in the crowd. A crow may spend part of the day at home with its family in town and the rest with a flock feeding on waste grain out in the country.

### Crows Have Dialects



You're familiar with the crow's 'caw caw' sound but did you know their noises have dialects? Similar to humans, whose language can vary from region to region, crows have a deviation in their aviation language between the two populations of crows. According to ornithologist John M. Marzluff and author Tony Angell, who co-wrote the book 'In the Company of Crows and Ravens,' the sounds 'vary regionally, like human dialects that can vary from valley to valley.' And should a crow change its crowd, it'll adapt its noises to fit into the new group. "When crows join a new flock," Marzluff and Angell wrote, "they learn the flock's dialect by mimicking the calls of dominant flock members."

### Young Crows May Stay Home for a While to Serve as 'Helpers'



American crows start to nest in early spring, building their nests from sticks and lining them with soft materials like grass, fur, or feathers. (They may also build decoy nests if they think someone suspicious is watching them.) Young crows will remain dependent on their parents for a couple of months after they fledge, but they also tend to stay near their family for a while longer, even after moving out of the nest. These chicks are still fiercely defended by their parents, Swift writes, creating a sort of extended adolescence that allows them time and energy for play behaviours, which might be important for their development and cultural learning.

Young crows will eventually start spending less time with their parents and more time with larger flocks, and face a decision as winter set in. "They can either take off to 'float' before finding a mate and establishing a territory of their own," Swift writes, "or remain on their home turf and act as a 'helper' for next year's brood." The latter is cooperative breeding, in which more than two individuals help care for offspring in a single brood.

In most American crow populations, older offspring continue to help their parents raise new chicks for a few years, according to the Cornell Lab. A crow family may include as many as 15 individuals, with offspring from five different years all pitching in to help. It's unclear why this evolved, Swift writes, but it may help delay the dispersal of young crows when there isn't enough open territory nearby for them to claim. It's common for people to vilify crows, often focusing on unwanted behaviour but overlooking more relatable or redeeming qualities. The American crow, for one, has been the subject of extermination attempts in the past, including the use of dynamite on large winter roosts. Those efforts ultimately failed, however, and thanks largely to its intelligence and adaptability, the American crow is now more common than ever across a range of habitats, including farms, towns, and big cities.

Other corvids have similarly adjusted to or even capitalized on civilization, but being intelligent is no guarantee that these birds are safe from us. The Hawaiian crow, for instance, is a smart corvid with a penchant for tool use, yet it was declared extinct in the wild in 2002 after being wiped out by a combo of disease, invasive predators, habitat loss, and human persecution. Fortunately, scientists saved enough birds to start a successful captive-breeding program and reintroduced the species into the wild.

Crows sometimes raid farms and gardens, but any damage they cause may be offset by ecological benefits like seed dispersal and eating pest insects. Plus, while any species has an inherent right to exist, we're lucky to have brainiacs like corvids living among us. They help us learn more about our own intelligence and remind us how much we still have in common with wildlife around us.



rajeshsharma1049@gmail.com




#WHODUNNIT

## Language evolves, but at what cost?

Are we destroying English Grammar in the name of Inclusivity?



We find ourselves at the crossroads of tradition and transformation, where centuries-old grammatical rules are meeting the growing demands for inclusion and representation. This isn't just a linguistic debate, it's a cultural one. As society becomes more aware of identity, equity, and social justice, our language is changing too. But with each new change, a question echoes louder: Are we enriching the English language, or are we slowly dismantling its structure? Shashi Tharoor, a masterful wordsmith and advocate for linguistic elegance, puts it plainly: Should grammar adapt to meet the needs of an inclusive world, or does this come at the expense of clarity, precision, and the very rules that make language intelligible?

### The Case for Inclusivity

At the heart of this linguistic shift is the desire to be seen and acknowledged. The use of singular 'they' has become common, used to respect people who don't identify strictly as male or female. Neopronouns like xe/xem or ze/hir have entered the conversation, and many institutions are now opting for gender-neutral terms such as chairperson instead of chairman, or humankind instead of mankind. These changes are more than cosmetic; they represent a deep cultural reckoning with the way language has historically excluded certain groups.

Supporters argue that language must evolve to reflect social progress. After all, English itself has always been fluid. What we consider 'proper grammar' today was different a century ago, and it will continue changing in the decades ahead. Making space for more inclusive language is not only ethical, it's inevitable.

### The Case for Caution

But not everyone is on board. Critics argue that in our eagerness to make language more inclusive, we risk making it less coherent. Grammar, they say, isn't just about rules for rules' sake, it's the structure that allows us to communicate ideas clearly and effectively. When we bend or discard those rules, especially in formal writing or education, are we empowering expression or muddling it?


For instance, using plural forms like 'they' to refer to singular individuals can confuse meaning in certain contexts. Introducing unfamiliar pronouns might be well-intentioned but can also alienate those who struggle to keep up with rapidly changing linguistic norms.

Some educators express concern that students are no longer being taught grammar with the same rigour. Others fear that critiquing poor grammar is being wrongly equated with being insensitive or exclusionary. If everything becomes acceptable in the name of inclusivity, does the language lose its standards?


### Finding the Middle Ground

This isn't a zero-sum game. Language can be both inclusive and precise, if we're intentional about how we use it. It may be less about abandoning grammar and more about expanding it. Rather than seeing inclusivity as a threat to linguistic structure, we might see it as an opportunity to refine how we teach and understand English in a way that respects both clarity and compassion.

After all, English has always been a borrower, a shape-shifter. From Shakespeare's inventions to tech-era slang, it has constantly evolved. The current push for inclusivity is just the latest chapter in its long story.




### THE WALL




### BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




### ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# स्कूल लेक्चरर व कोच भर्ती परीक्षा में ग्रुप बी के जीके पेपर में 63 फीसदी उपस्थिति

## अभ्यर्थियों को चेकिंग के बाद ही सेंटर पर प्रवेश दिया

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्कूल लेक्चरर एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के चौथे दिन गुरुवार को ग्रुप बी के परीक्षार्थियों की जीके का पेपर हुआ। निर्धारित समय से एक घंटे पहले अभ्यर्थियों को चेकिंग के बाद ही सेंटर पर प्रवेश दिया गया। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित स्कूल लेक्चरर एवं कोच (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के लिए 15 जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए गए और परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। दिव्यांग अभ्यर्थियों की प्रमुखता के साथ चेकिंग कर सेंटर पर प्रवेश दिया गया। गुरुवार को ग्रुपी बी में जीके का पेपर एक ही पारी में आयोजित हुई। जबकि दूसरी पारी में पॉलिटीकल साइंस पेपर द्वितीय का पेपर होना था, लेकिन आरपीएससी आयोग द्वारा इसे स्थगित कर दिया और नई परीक्षा तिथि 6 जुलाई तय की गई है। पेपर के लिए अब नया ग्रुप ई बनाया गया है।



**परीक्षा केंद्र पर दिव्यांग के दस्तवेजों की जांच की।**

आयोग के सचिव ने बताया कि भर्ती परीक्षा 6 जुलाई तक आयोजित की जानी हैं। 2202 पदों के लिए होने वाली भर्ती के लिए प्रदेश के करीब 6 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किए। परीक्षार्थियों की संख्या के मद्देनजर ही पांच चरणों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। गुरुवार को आयोजित ग्रुप बी के जीके की परीक्षा में 1 लाख 93 हजार 603 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हुए थे, इसमें से 1 लाख 22 हजार 744 शामिल हुए, वहीं 70 हजार 859 अनुपस्थित रहे, परीक्षा में उपस्थिति 63.40 प्रतिशत रही।

**परीक्षार्थियों के लिए ड्रेस कोड:** आयोग के सचिव ने बताया कि आयोग द्वारा ली जा रही स्कूल लेक्चरर भर्ती परीक्षा के लिए ड्रेस कोड तय किया गया है। परीक्षा में लाख या कांच की पतली चूडियों को छोड़कर किसी भी तरह के जेवरात पहनकर आने की अनुमति नहीं है। घड़ी, धूप का चश्मा, बेल्ट, हैंड बैग, हेयर पिन, ताबीज, कैप, स्कार्फ, स्टॉल, शॉल और मफलर जैसी वस्तुएं भी परीक्षा केंद्र में प्रतिबंधित हैं। इसी प्रकार पुरुष अभ्यर्थियों को हाफ शर्ट, टी शर्ट या कुर्ता, पैंट या पायजामा और स्लीपर पहनकर आना है।

## संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने संभाला कार्यभार

**अजमेर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी शक्ति सिंह राठौड़ ने गुरुवार को अजमेर के संभागीय आयुक्त एवं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रशासक का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे उदयपुर में टीएडी आयुक्त के पद पर कार्यरत थे। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं एवं जनहितकारी कार्यक्रमों की प्रभावी क्रियान्विति सहित विभिन्न प्राथमिकताओं की जानकारी दी।

राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। अंतिम छोर के व्यक्ति तक इनका लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाएगा, उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविरों में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों से लाभार्थियों को सीधे लाभ पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है, उन्होंने कहा कि मानसून को दृष्टिगत रखते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी, बाढ़ नियंत्रण एवं जल संसाधनों के रख रखाव के लिए सुदृढ़ प्रबंधन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता देते हुए सभी स्तरों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला, ब्लॉक एवं पंचायत स्तर पर सतत मॉनिटरिंग की जाएगी। राठौड़ ने कहा कि निरंतर निगरानी से सेवा वितरण की गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा।

# पेट स्कैन जांच का भुगतान 10.73 करोड़, जबकि ठेका 4 करोड़ का

■ **पीबीएम हॉस्पिटल में कैंसर के उपचार और जांच को लेकर अनियमितताओं का खुलासा । पीपीपी मोड पर पेट स्कैन और गामा से कैंसर मरीजों की जांच कर रही फर्म को अतिरिक्त भुगतान करने का मामला सामने आया है।**

**बीकानेर।** पीबीएम हॉस्पिटल में कैंसर के उपचार और जांच को लेकर अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। पीपीपी मोड पर पेट स्कैन और गामा से कैंसर मरीजों की जांच कर रही फर्म को 4 करोड़ 73 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान करने का मामला सामने आया है। पीबीएम हॉस्पिटल की मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी के तहत पेट स्कैन और गामा कैमरे से कैंसर के मरीजों की जांच करने का काम पीपीपी मोड पर मैसर्स मॉलीक्यूलर साइंटिफिक कोर हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड को 2023 में दिया गया था। टेंडर की अनुमानित लागत चार करोड़ रुपए रखी गई थी, जबकि फर्म को अब तक 10 करोड़ 73 लाख का भुगतान कर दिया गया है।

आरटीपीपी रूल 73(3) के तहत टेंडर राशि 50 प्रतिशत तक ही बढ़ाने का प्रावधान है। इस हिसाब से भुगतान 6 करोड़ तक ही होना था। फर्म को अब तक 4 करोड़ 73 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान हो चुका है, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है और ऑडिट का पार्ट बनता है। फर्म का अभी 4.50 करोड़ का भुगतान और पेंडिंग है। यानी भुगतान 15 करोड़ से ऊपर जाएगा। दरअसल मामले का खुलासा तब हुआ प्रशासन ने अपनी गलती पर पर्दा डालने के लिए नया टेंडर कॉल करने का प्रस्ताव दो महीने पहले फाइनल कर लिया। इसके लिए उपापन समिति की बैठक 28 अप्रैल को हुई, जिसमें सदस्य सचिव डॉ. सुरेंद्र कुमार वर्मा, वरिष्ठ लेखाधिकारी अभिषेक गोयल, कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र बेनिवाल, डॉ. अमित शेखावत, डॉ. मुकेश सिंघल और डॉ. अथिमान एम शामिल हुए। बैठक में पेट स्कैन और गामा की जांच के लिए दो साल का टेंडर करने का निणर्य लिया है, जिसकी अनुमानित लागत 20 करोड़ रुपए रखी गई है। रोचक बात ये है कि इस बैठक से पहले 22 अप्रैल को ही फर्म को लेटर लिखकर कह दिया गया कि उसे अनुमानित लागत से ज्यादा का भुगतान कर दिया गया है। इसलिए आरटीपीपी रूल के तहत नया टेंडर जारी किया जाएगा। तब स्टे के लिए फर्म हाईकोर्ट चली गई। मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी ओर से दिए गए जवाब में स्पष्ट कहा गया है कि निविदा राशि के विरुद्ध भुगतान ज्यादा कर दिया गया है। भास्कर के पास सभी डॉक्यूमेंट मौजूद हैं। पीबीएम हॉस्पिटल के तत्कालीन अधीक्षक डॉ. पीके सैनी ने कैंसर के मरीजों की जांच के लिए 27 जुलाई 23 को गामा कैमरा और पेट स्कैन मशीन का दो साल के लिए टेंडर जारी किया गया था। इसकी अनुमानित लागत चार रोड़ रुपए रखी गई थी। डॉ. सैनी ने 4 अगस्त 23 को ही एक और पत्र जारी कर कार्य अवधि तीन साल कर दी, लेकिन अनुमानित लागत की दर नहीं बढ़ाई। 21 अगस्त को एग्रीमेंट हो गया, जिस पर देवनाराण और गौरी शंकर जोशी ने बतौर गवाह साइन किए। फर्म की कार्य अवधि जुलाई 2026 तक है। दरअसल अनुमानित लागत नहीं बढ़ाकर फर्म को ही अपरोक्ष रूप से लाभ दिया गया था। क्योंकि चार करोड़ की ईएमडी राशि 20 लाख रुपए ही बनती है, जबकि एफडी 12 लाख की ही बताई जा रही है। यदि लागत बढ़ती तो ईएमडी भी फर्म को ज्यादा जमा करानी पड़ती। इस टेंडर में जीवन रक्षा ने भी भाग लिया था, लेकिन टेक्निकली बाहर होने से काम मैसर्स मॉलीक्यूलर साइंटिफिक को ही मिला। कैंसर मरीजों की पेट स्कैन और गामा की जांच का काम मैसर्स मॉलीक्यूलर साइंटिफिक कोर हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड को 2022 में बिना की टेंडर पीपीपी मोड पर जयपुर से दूरभाष पर मिले दिशा निर्देशों के तहत दे दिया गया। एसपी मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. मोहम्मद सलीम ने इस संबंध में आदेश जारी किए थे।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी ठेकेदार ने मिट्टी में मिला दिया सुभाष उद्यान

**अजमेर।** नगर के सबसे महत्त्वपूर्ण और जनपयोगी सुभाष उद्यान यानि दौलत बाग के विकास पर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत करोडों रूपए की राशि खर्च की गई, किन्तु इस उद्यान को ठेकेदार की मनमानी व लापरवाही ने मिट्टी में मिला दिया, लेकिन नगर निगम के अफसरों को यह देखने की फुर्सत नहीं है कि किस तरह ठेके की शर्तो का उल्लंघन किया जा रहा है।

पार्षद गजेन्द्र सिंह रलावता ने इस आशय का आरोप लगाते हुए नगर निगम को शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि इसके बाद भी निगम के अधिकारी मौके पर जाकर सुभाष उद्यान की बद्त्तर होते हालत को नहीं देख रहे है। जिन शर्तो पर उद्यान ठेके पर दिया गया था उसका पालन नहीं किया जा रहा है और इस मामले में जुर्माने का प्रावधान है।

उन्होंने विधायक व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को लक्ष्य करते हुए कहा कि वे सर्किट हाउस पर अक्सर अधिकारियों की बैठक लेते है कभी सुभाष उद्यान जाकर देखें कि वहां की क्या हालत हो गई है। सारे फाउन्टेन बंद है और कीचड फैलने से दुर्गन्ध आ रही है। झूले और एक्साइज के उपकरण टूट चुके है। सुभाष उद्यान में अमरबेल का सम्राज्य फैल चुका है जो जिस पौधे पर फैलती है उसे ही नष्ट कर देती है क्योंकि वह परजीवी है। पार्षद रलावता ने शिकायत में कहा है कि बाहर से उद्यान में जाने वालों पर खाद्य सामठाी अंदर ले जाने पर रोक है किन्तु ठेकेदार की मनमानी से अंदर नमकीन के पाऊच, खाद्य सामठाी सहित अन्य खाने पीने की वस्तुएं बेची जा रही है, जिससे वहां भरमार गंदगी फैली हुई है। इसके अलावा उद्यान में बिजली के तार खुले हुए है जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। पार्षद रलावता आरोप है कि सुभाष उद्यान में शराब का इस्तेमाल किए जाता है अपने खास लोगों को यह सुविधा ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। बरसात के दौरान पूरा सुभाष उद्यान कीचड़ व दुर्गन्ध का बाग बन जाता है। नेताजी सुभाष चंद बोस की प्रतिमा की कभी सफाई नहीं होती।

# मेड़ता सिटी में अपराधियों में भय के लिए पुलिस जवानों ने फ्लैग मार्च निकाला

**मेड़ता सिटी।** मेड़ता पुलिस व सी आर पी के जवानों के साथ मेडता शहर में गुरुवार को फ्लैग मार्च निकला। शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए चारभुजा चौक सहित अन्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकला गया।

■ **जिस शहर में फ्लैग मार्च निकाला जाता है वहां जाकर थाने से अपराधियों की लिस्ट ली जाती है। जिससे भविष्य में किसी अपराधियों द्वारा उपद्रव मचाया जाता है और कोई शांति व्यवस्थाओं को खराब करता है तो पुलिस लिस्ट के अनुसार अपराधियों पर शिंकजा कसती है**

मेड़ता डिप्टी राम करण मिलिंडा ने बताया कि मेड़ता पुलिस व सी आर पी के अधिकारी व जवानों के साथ मेड़ता शहर में फ्लैग मार्च निकला गया जिसमें अपराधियों में भय बढ़ता रहे और शहर में शांति व्यवस्था बनी रहे।

वही सी आर पी के अधिकारी पी बी सिंह ने बताया कि सी आर पी द्वारा जिस शहर में फ्लैग मार्च निकाला जाता है वहां जाकर थाने से अपराधियों की लिस्ट ली जाती है।

शहर में अधिकारियों व जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकला जाता है जिससे भविष्य में किसी अपराधियों द्वारा उपद्रव मचाया जाता है और कोई शांति व्यवस्थाओं को खराब करता है तो पुलिस लिस्ट के अनुसार अपराधियों पर शिंकजा कस व्यवस्थाओं को सुधार करने का काम करता हे।

इस मौके पर मेडता पुलिस थाना अधिकारी धर्मेश दायमा, अनीश खान, अशोक मेघवाल, जगदीश, ओम सिंह, श्रवण सहित पुलिस जवान व सी आर पी जवान मौजूद थे।



**मेड़ता पुलिस व सी आर पी के जवानों के साथ मेडता शहर में गुरुवार को फ्लैग मार्च निकला।**

# जमीन से रास्ता नहीं देने पर दो पक्ष भिड़े, छह घायल

**अनूपगढ़।** यहां घड़साना में एक पक्ष ने रास्ता लेने के विवाद में दूसरे पर पक्ष पर जानलेवा हमला कर दिया। एक पक्ष के 40-50 लोगों ने मिलकर पड़ोस के खेत मालिक और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया।

अचानक हुए हमले के बाद जब अन्य लोग दंपती को छुड़वाने आए तो हमलावरों ने उन पर भी हमला कर दिया। जिससे हमले में तीन महिलाओं सहित कुल 6 व्यक्ति घायल हो गए। घटना बुधवार रात करीब 9 बजे गांव 8 आरजेएम की है।

घायल संदीप कुमार ने बताया कि मुख्य आरोपी शंकर मूंदड़ा उनके पड़ोसी तुलसीराम पंडित के खेत में से रास्ता लेना चाहता थे। रात करीब 9 बजे वह अपने पिता काशीराम, माँ कमला देवी और मौसी इंद्रा देवी के साथ अपने खेत मे काम कर रहा था।

उस समय तुलसीराम (75) अपनी पत्नी सावित्री देवी के साथ अपने खेत मे काम कर रहे थे। उसी समय शंकर मूंदड़ा, प्रदीप सहारण, संतराम सहारण, संजय सहारण, प्रेम सहारण लगभग 40-50 अन्य लोगो के साथ गाडि़यों में सवार होकर आए।

हमलावरों ने आते ही गंडासी, रॉड, और लाठी-डंडों से तुलसीराम और उनकी पत्नी पर हमला कर दिया। हमले में तुलसीराम, सावित्री देवी, सन्दीप यादव, काशीराम, कमला देवी और इंद्रा देवी घायल हुए है। तुलसीराम की पत्नी सावित्री की हालत गंभीर होने पर उसे बीकानेर हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

वहीं सूचना मिलने पर घड़साना पुलिस थाने के कांस्टेबल सीताराम भी टीम के साथ मौके पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

संदीप ने बताया कि गांव में शंकर मूंदड़ा का शराब ठेका है। उसके ठेके के पास वाली जमीन उनकी है और ठेके के सामने तुलसीराम पंडित की जमीन है। तुलसीराम की जमीन के पीछे शंकर मूंदड़ा की जमीन है।

शंकर मूंदड़ा तुलसीराम की जमीन से रास्ता लेना चाहता था, मगर तुलसीराम अपनी जमीन से रास्ता नहीं दे रहा था। इस कारण से दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। घटना के बाद हमलावार मौके से फरार हो गए। घड़साना एसएचओ महावीर ने बताया कि घायलों की रिपोर्ट के आधार में पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस के द्वारा उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

## अवैध गांजा सहित तीन गिरफ्तार

**उदयपुर।** जिला स्पेशल टीम ने कोटड़ा एवं माण्डवा थाना पुलिस के साथ कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा व शराब सहित वाहन जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपालस्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्र सिंह के सुपरविजन में डीएसटी टीम प्रभारी श्यामसिंह, कोटडा एवं माण्डवा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग जगह संयुक्त कार्यवाही करते हुए कोटड़ा थाना क्षेत्र से 25 किलों अवैध गांजा जब्त कर सायबा पुत्र रेशा निवासी डमारिया कोटड़ा से 19 किलों 550 ग्राम व अर्जुनसिंह पुत्र गोपी निवासी जोगीवड़ कोटड़ा से 5.450 किलो गांुजा बरामद किया। इसी तरह माण्डवा थाना क्षेत्र में से 11 कर्टन अवैध शराब के जब्त कर जीप वाहन जब्त कर लाडूराराम पुत्र कसना निवासी जोगीवड़ कोटड़ा को गिरफ्तार किया।

# वृद्ध दंपत्ति से लूटी गई राशि बरामद

## फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर दस दस हजार इनाम की घोषणा

**उदयपुर।** गोगुन्दा थाना पुलिस ने वृद्ध दंपत्ति से नकदी लूट की वारदात कर खुलासा करते हुए आरोपियों के घर दबीश दे लूट की नकदी बरामद की तथा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर दस दस हजार रूपये इनाम की घोषणा की।

प्रकरण के अनुसार पीडित सेमड़ सायरा निवासी नाथू सिंह (70)पुत्र दुल्हे सिंह व उसकी पत्नी मोहन कुंवर दोनों मंगलवार को एसबीआई बैंक में एक लाख रूपये नकदी निकाल कर अपने साथ लेकर आए 75 हजार रूपये नकदी बैग में रख कर प्रताप चौक स्थित दुकान पर खरीददारी करने पहुंचे।

जहां अपना नकदी से भरा बैग रख कर खरीददारी कर रहे थे। कुछ ही देर बाद रूपये देने के लिए बैग देखा तो मौके पर नहीं मिला। जिसे अज्ञात चोर चुरा ले गया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। बैंक से नकदी निकालने पहुंचें दंपत्ति के पिछे दो बदमाशों ने निगाह रखना शुरू किया।

एक बदमाश बाहर खड़ा था एवं दूसरा बैंक में था। जहां से पिछा करते बदमाश दुकान तक पहुंचे। जहां मौका मिलते हीं नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। जिसमें नकदी के अलावा दस्तावेज थे।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में गोगुनदा थानाधिकारी श्यामसिंह के नेतृतव में एएसआई विनेश कुमार मय टीम ने मामले में अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर 400 किमी पीछा कर बोड़ा थाना जिला राजगढ एमपी के सहयोग से आरोपियों की तलाश कर उसके मकान आरोपी नकुल पुत्र राज कुमार सांसी के घर की तलाशी लेकर 1 लाख 40 हजार रूपये नकदी बरामद की।

पुलिस ने आरोपी नकुल सांसी व कोहिनूर सांसी को नामजद कर गिरफ्तारी के लिए दस दस हजार रूपये इनाम की घोषणा की। नकुल के खिलाफ 7 एवं कोहिनूर के खिलाफ 6 अपराधिक प्रकरण राजस्थान, एमपी व गुजरात में दर्ज है।

# परिजनों से छुपकर तुलसी माला बनाना सीखा, आर्थिक स्थिति सशक्त हुई

**भरतपुर** (निस)। महिलाएं यदि ठान लें, तो क्या कुछ नहीं कर सकतीं. ऐसे में आज हम आपको ऐसी ही एक भरतपुर की महिला ओमवती के बारे में बताने जा रहे हैं, जो 23 साल पहले एक एक रुपए के लिए मोहताज थी.उन्होंने परिजनों से छुपकर तुलसी माला बनाना सीखा. तुलसी माला के कारोबार से न केवल अपने जीवन को बदला, बल्कि वे आर्थिक रूप से भी सशक्त हुई हैं। इस कारोबार ने उन्हें घर बैठे रोजगार प्रदान किया है. ओमवती की कहानी एक प्रेरणादायक उदाहरण है जिसमें उन्होंने अपने जीवन को बदलने के लिए तुलसी माला बनाने का काम सीखा और आज वह न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अन्य महिलाओं को भी प्रशिक्षण देकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं।

नदबई के बैलारा गांव निवासी महिला ओमवती ने बताया कि उनका बेटा मोनू 23 साल पहले मथुरा के जैत से तुलसी की माला बनाने के काम सीख कर आया था.उसके बाद वह घर से ही काम करने लगा.घर पर रखी मशीन को देख मेरे मन में काम करने की इच्छा हुई मैने बेटे से काम सिखाने की कहा लेकिन उसने कोई ध्यान नहीं दिया.जब बेटा काम करता था तो में उसे ध्यान से देखती थी और पीछे से मशीन को चलाकर माला बनाना सीखती थी.एक माह में बिना किसी प्रशिक्षण के तुलसी की माला बनाना सीख गई.लेकिन अब कच्चा माल और औजार की आवश्यकता थी लेकिन पैसा था नहीं तो जैसे तैसे परिजनों से छुपकर औजार और अरहर की लकड़ी मंगाई उनसे पहली माला बनाई और बाजार में जब तैयार माला को बेचा गया तो 400 रुपए मिले. उन लोगों को देखते ही हमारे मन में और काम के प्रति जिज्ञासा बड़ी क्योंकि हमारी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी हम लोग एक-एक रुपए के लिए तंग थे. उसके बाद हमने पीछे मुड़कर नहीं देखा दिन रात तुलसी की माला बनाने का काम किया तो अब हम लोग इतने मजबूत हो गए हैं की प्रतिमाह 25 से 30 हजार रुपए कमा रहे हैं.



**भरतपुर की महिला ओमवती आज सशक्त स्थिति में है।**

■ **1 किलो तुलसी की लकड़ी से भजन करने की माला 20 बन जाती है**

उनके द्वारा सिर्फ खुद की कहानी नहीं बल्कि अन्य महिलाओं की भी स्थिति में सुधार किया है उनके द्वारा राजस्थान मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश गुजरात हरियाणा महाराष्ट्र उडीसा कोलकाता में महिलाओं को संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण दिया है जिससे वह आत्मनिर्भर बनकर अपना जीवन यापन कर सकें. उनके काम को चलते कही संस्था और दिल्ली आईआईटी से भी उन्हें तुलसी माला बनाने की मशीन गिफ्ट दी गई। वह कच्चा माल उत्तर प्रदेश के मथुरा के जैत गांव से लाते हैं. तुलसी की तीन चार प्रकार की लकड़ी आती है जिनकी कीमत 200 रू से लेकर के 350 होती है 1 किलो तुलसी की लकड़ी से भजन करने की माला 20, गर्दन में डालने वाली 30 से लेकर 80 माला बनकर तैयार होती है।

उन्होंने कहा है कि मेरे घर के आसपास कहीं ऐसी महिला थी जिनके पति शराब पीते थे उन्हें मैं काम सिखाया और आज वह है आत्मनिर्भर बन चुकी है मैं अन्य महिलाओं से भी अपील करना चाहती हूं जो काम करना चाहती है वह बेझिझक मेरे पास आकर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी सफलता की कहानी लिख सकती है।

## महिला की चेन तोड़कर दो बाइक सवार फरार

**अजमेर।** अलवरगेट थाना इलाके में गुरूवार को सब्जी खरीदती महिला की सोने की चेन को झपट्टा मार कर तोडने के बाद बाइक सवार दो युवक फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों की पहचान कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माधव कालोनी जेपी नगर मदार में गुरूवार को सुबह करीब दस बजे मंजीत मेघवाल घर के बाहर खडे टेम्पो से सब्जी खरीद रही थी। इसी बीच दो बाइक सवार युवक वहां पहुंचे और बाइक पर पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मार कर पीछे से महिला की सोने की चेन तोडकर तेज रफ्तार से फरार हो गए।

महिला चिल्लाई जब तक लोग एकत्रित हुए तो आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। मंजीत ने बताया कि आरोपी युवक काले रंग की स्पेलन्डर बाइक पर सवार थे, जिस पर नम्बर नहीं था। पीछे वाले युवक ने कपडे से मुंह ढक रखा था, जबकि आगे वाला सांवले रंग का दाढी वाला युवक था। महिला के अनुसार चेन की कीमत एक लाख रूपए से अधिक थी।

सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी वारदात रिकार्ड हुई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवकों की तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्व आयुक्त के खिलाफ जांच के आदेश

**अजमेर।** केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने नगर निगम के पूर्व आयुक्त सुशील कुमार यादव के खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत के तहत एफआईआर दर्ज करके राज्य के मुख्य सचिव को जांच के आदेश दिए है। वे पूर्व में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सीईओ भी रह चुके है और वर्तमान में बालोतरा में जिला कलेक्टर के पद पर नियुक्त है।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्त्ता अशोक मलिक ने एक मई 2025 को केन्द्रीय सतर्कता आयोग के समक्ष याचिका पेश की थी। जिसमें नगर निगम के पूर्व आयुक्त सुशील कुमार यादव पर भ्रष्टाचार करके आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया गया है। आयोग ने याचिका के दस्तावेजों की प्रारंभिक तौर पर जांच करके 29 मई को एफआईआर दर्ज करने के बाद राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पंत को जांच करने के आदेश दिए है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व आयुक्त सुशील कुमार ने अजमेर निगम में अपने कार्यकाल के दौरान अशोक मलिक एवं उनके पुत्र के विरूद्ध एक मामले में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके फलस्वरूप दोनों को कुछ दिनो जेल में भी रहना पडा था। केन्द्रीय सतर्कता आयोग को दी गई शिकायत में बताया गया है कि पूर्व आयुक्त सुशील कुमार अगस्त 2023 में नगर निगम में तैनात थे और इसी बीच स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सीईओ का कामकाज भी देख रहे थे। उन्होंने जयपुर में वाटिका नामक भूखंड एजेन्सी से पांच सौ 27 गज के नाप का प्लाट खरीदा। जिसकी कीमत 38.82.67 लाख रूपए प्रदर्शित करते हुए दस्तावेज तैयार कराए गए है।

मलिक ने केन्द्रीय सतर्कता आयोग को बताया है कि वाटिका की वेबसाइट पर भूखंड की कीमत 42 हजार पांच सौ रूपए प्रतिगज दर्शायी गई है। इसके अलावा जेएडी और जयपुर आवासन मंडल की रिजर्व रेट बीस हजार रूपए प्रति वर्ग गज है।

इस हिसाब देखा जाए तो पूर्व आयुक्त सुशील कुमार ने जो प्लाट खरीदा है उसकी कीमत एक करोड से दो करोड रूपए के बीच है, लेकिन उन्होंने अपनी आय से अधिक संपत्ति को छिपाते हुए कम लागत के दस्तावेज तैयार कराए है ओर इसमें प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पद का दुरूपयोग किया है।

**कार्यालय आवासीय अभियंता**
**राज. आवासन मण्डल, खण्ड कोचिंग हब, जयपुर (उपखण्ड दौसा)**
1/88, खान भांकरी रोड़ दौसा (राज.) (01427-223875)
(Email Id: redausa.rhb@rajasthan.gov.in)

**आवश्यक सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवास संख्या 2/212, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर, क्षेत्रफल 59.06 वर्ग मीटर का आवंटन श्री रामदयाल जैन पुत्र श्री रामकरण जैन को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2047 दिनांक 08.11.1988 को जारी किया गया था व मूल आवंटी को कब्जा दिनांक 14.12.1988 को संभलवा दिया गया। मूल आवंटी श्री रामदयाल जैन द्वारा उक्त आवास का बेचान जरिए अपंजीकृत इकरारनामा के दिनांक 10.07.1994 को श्रीमति जयमाला जैन पत्नि श्री भगवत प्रसाद जैन के नाम कर दिया गया। श्रीमति जयमाला जैन के आवेदन पर मण्डल द्वारा इनके पक्ष में नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र व पंजीयन प्रपत्र जारी किये गये। उक्त आवास के मूल आवंटी श्रीमति जयमाला जैन की मृत्यु दिनांक 14.05.2024 को हो जाने पर उनके नामित उत्तराधिकारी पौत्र श्री मुकेश जैन पुत्र श्री रविन्द्र कुमार जैन ने उक्त आवास का हस्तांतरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया है। अतः आवास संख्या 2/212, स्काउट फील्ड योजना, सवाई माधोपुर के हस्तांतरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति/आक्षेप हो तो विज्ञिप्त प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर उक्त वर्णित उत्तराधिकारी श्री मुकेश जैन पुत्र श्री रविन्द्र कुमार जैन के पक्ष में उक्त आवास के हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।

आवासीय अभियंता
राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-कोचिंग हब जयपुर



**Office of the Recovery Officer-I/II**
**Debts Recovery Tribunal, Jaipur**
First floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road Jaipur
R.C. No.: 644/2022 Next Date: 08/07/25

**DEMAND NOTICE**

Notice under Section 25 to 28 of the recovery of debts & Bank Ruptcy Act 1993 and Rule 2 of Second Schedule to the Income Tax Act, 1961

**State Bank Of India V/S M/S Laxmi Traders**

To,(CD1) M/S Laxmi Traders, E-104 Dada Gurudev Nagar Jai Dadabari Sanganer Jaipur Rajasthan through Proprietor Smt. Ranjanaben S. Gupta (CD2) Smt. Ranjanaben S. Gupta W/o Shri Khushal Agarwal R/o Shop No. 23, Railway Station Road, Sanganer Jaipur Rajasthan This is to notify that as per Recovery certificate issued in pursuance of orders passed by the presiding Officer Debts Recovery Tribunal Jaipur O.A. 934/2018 an amount of **Rs. 10,85,059/- (Rupees Ten Lakh Eighty Five Thousand Fifty Nine only)** and interest thereon as per Recovery Certificate is due against you. 1. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of Receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institution Act 1993 as per rules there under. 2. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. 3. You are, hereby ordered to appear before undersigned on 08/07/2025 at 10:30 A.M.for further proceedings 4. In additions to the sum afore said you will be liable to pay" (a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings. (b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and Warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due. Details of Amount in the Recovery certificate Due Against you given under my hand and the seal of the tribunal, on this date 03.05.2025

| | |
|---|---|
| 1.Recovery Certificate Amount | : Rs. 10,85,059/- |
| 2. Cost of Suit | : Rs. 14,360/- |
| 3. Interest from 11.10.2018 to 07.01.2023 @ 10% p.a. | : Rs. 4,60,481.20/- |
| 4. Less Amount recovererd after RC Issued | : Rs. Nil |
| 5. Total Dues | : Rs. 15,59,900.20/- |

Seal
Recovery Officer - II
Debts Recovery Tribunal Jaipur



**Office of the Recovery Officer-I/II**
**Debts Recovery Tribunal, Jaipur**
First floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road Jaipur
R.C. No.: 474/2022 Next Date: 01/07/25

**DEMAND NOTICE**

Notice under Section 25 to 28 of the recovery of debts & Bank Ruptcy Act 1993 and Rule 2 of Second Schedule to the Income Tax Act,1961

**State Bank Of India V/S M/S Jai Shree Fashion**

To,(CD1) M/S Jai Shree Fashion, Shop No. 202 Khatipura Road Jhotwara Jaipur Rajasthan Through Proprietor Shiv Narayan Agarwal(CD2) Shiv Narayan Agarwal S/o Shri Gujjari Lal Agarwal R/o 1-B-18 Khatipura Road Radha Nikunj Goverdhanbari Jhotwara jaipur Rajasthan. This is to notify that as per Recovery certificate issued in pursuance of orders passed by the presiding Officer Debts Recovery Tribunal Jaipur O.A. 927/2018 an amount of **Rs. 10,30,217/- (Rupees Ten Lakh Thirty Thousand Two Hundred Seventeen only)** and interest thereon as per Recovery Certificate is due against you. 1. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the Receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institution Act 1993 as per rules there under. 2. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. 3. You are, hereby ordered to appear before undersigned on 01/07/2025 at 10:30 A.M.for further proceedings 4. In additions to the sum afore said you will be liable to pay" (a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings. (b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and Warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due. Details of Amount in the Recovery certificate Due Against you given under my hand and the seal of the tribunal, on this date 03.05.2025

| | |
|---|---|
| 1.Recovery Certificate Amount | : Rs. 10,30,217/- |
| 2. Cost of Suit | : Rs. 14,325/- |
| 3. Interest from 11.10.2018 to 26.12.2022 @ 10% p.a. | : Rs. 4,33,820/- |
| 4. Less Amount recovererd after RC Issued | : Rs. Nil |
| 5. Total Dues | : Rs. 14,78,362/- |

Seal
Recovery Officer - II
Debts Recovery Tribunal Jaipur



**Office of the Recovery Officer-I/II**
**Debts Recovery Tribunal, Jaipur**
First floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road Jaipur
R.C. No.: 551/2019 Next Date: 16/07/25

**DEMAND NOTICE**

Notice under Section 25 to 28 of the recovery of debts & Bank Ruptcy Act 1993 and Rule 2 of Second Schedule to the Income Tax Act, 1961

**State Bank Of India V/S M/S Jai Chand Creation**

To,(CD1) M/S Jai Chand Creation, Proprietorship Firm through its proprietor Sh. Anil Kumar Jain S/o Sh. Tara Chand Jain 3 Palika Bazar Swj Farm New Sanganer Road Sodala Jaipur (CD2) Sh. Anil Kumar Jain S/o Sh. Tara Chand Jain Proprietor of M/s Jai Chand Creation R/o Plot no. 12 Kanishk Colony Durga Vihar Ram Mandir Tonk Road Sanganer Jaipur Rajasthan. This is to notify that as per Recovery certificate issued in pursuance of orders passed by the presiding Officer Debts Recovery Tribunal Jaipur O.A. 535/2018 an amount of **Rs. 11,36,699/- (Rupees Eleven Lakh Thirty Six Thousand Six Hundred Ninety Nine only)** and interest thereon as per Recovery Certificate is due against you. 1. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of Receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institution Act 1993 as per rules there under. 2. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing. 3. You are, hereby ordered to appear before undersigned on 16/07/2025 at 10:30 A.M.for further proceedings 4. In additions to the sum afore said you will be liable to pay" (a) Such interest as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings. (b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and Warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due. Details of Amount in the Recovery certificate Due Against you given under my hand and the seal of the tribunal, on this date 15.05.2025

| | |
|---|---|
| 1.Recovery Certificate Amount | : Rs. 11,36,699/- |
| 2. Cost of Suit | : Rs. 15,344/- |
| 3. Interest from 18.06.2018 to 31.12.2019 @ 10% p.a. | : Rs. 1,75,241/- |
| 4. Less Amount recovererd after RC Issued | : Rs. Nil |
| 5. Total Dues | : Rs. 13,27,284/- |

Seal
Recovery Officer - I
Debts Recovery Tribunal Jaipur



नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# विद्युत संबंधी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निराकरण करें : आरती डोगरा

**■ डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने भिवाड़ी में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की**



भिवाड़ी में विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा अधिकारियों से जानकारी लेते।

**खैरथल।** डिस्कॉम्स चेयरमैन एवं जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने भिवाड़ी निरीक्षण के दौरान अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यिमयों की विद्युत संबंधी समस्याओं का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि व्यवधान रहित विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि विद्युत कनेक्शन तथा लोड एक्सटेंशन जैसी आमजन से जुड़ी पत्रावलियां अटकें नहीं।

प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने गुरूवार को भिवाड़ी सर्किल में विभिन्न कार्यालयों तथा ठिाड सब स्टेशन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि भिवाड़ी एनसीआर से जुड़ा महत्वपूर्ण औद्योगिक क्षेत्र है। यहां की औद्योगिक इकाइयों से बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार और सरकार को राजस्व मिलता है। ऐसे में इन इकाइयों को सतत् एवं पूरे वोल्टेज से पावर सप्लाई के साथ ही सेवाओं की सुगम अदायगी सुनिश्चित की जाए।

भिवाड़ी में फीडरों की ट्रिपिंग को लेकर भी समीक्षा की गई। टपूकड़ा एईएन कार्यालय खुशखेड़ा तथा कारोली औद्योगिक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति तथा संबंधित विषयों पर चर्चा की। उन्होंने अभियंताओं को औद्योगिक क्षेत्रों की विद्युत संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए औद्योगिक एसोसिएशनों के साथ सतत् संवाद के निर्देश भी दिए।

डिस्कॉम्स चेयरमैन ने टपूकडा में कुछ प्रकरणों में रीडिंग की पुष्टि के लिए फीडर इंचार्जों को पुनः संबंधित उपभोक्ता के यहां भेजा और उपभोग की गई यूनिट की फोटो वॉट्सएप पर मंगवाकर पूर्व में ली गई रीडिंग की सत्यता की जांच की। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत राजस्व अर्जन के लिए शत-प्रतिशत बिलिंग जरूरी है। उन्होंने ओएंडएम के अभियंता एचटीएम (हाई टेंशन मेंटिनेंस) विंग के साथ समन्वय कर औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित सब स्टेशनों तथा फीडरों का नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा जिससे कि आवश्यक तकनीकी में सुधार किए जा सकें।इसके अलावा ट्रिपिंग की समस्या वाले फीडरों में लोड की प्रभावी प्लानिंग करने के साथ कहीं नए फीडर अथवा जीएसएस की आवश्यकता है, तो उसकी अभी से योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने एईएन कार्यालय भिवाड़ी में न्यू कनेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से लंबित कनेक्शन प्रकरणों की जानकारी ली। आरडीएसएस योजना के तहत 33 केवी जीएसएस नौगामा का अवलोकन भी किया। निरीक्षण के दौरान जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड अधीक्षण अभियंता जेपी बैरवा, अधिशासी अभियंता एससी महावर सहित बिजली विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवाओं को नशे से बचाने का लिया

**संकल्पशाहपुरा** को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अवसर पर उप जिला अस्पताल शाहपुरा में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना और समाज में इसकी घातकता को लेकर जनचेतना फैलाना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिला अस्पताल प्रभारी डॉ. विनोद योगी ने की। उन्होंने नशे के कारण होने वाले शारीरिक, मानसिक व सामाजिक दुष्परिणामों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नशा एक धीमा ज़हर है, जो व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज को बर्बाद कर देता है। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और आम नागरिकों ने नशा मुक्त भारत की शपथ ली। डॉ. योगी ने बताया कि नालसा (नशा पीड़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन हेतु विधिक सेवाएं योजना, 2015) के तहत जरूरतमंदों को निःशुल्क सलाह व उपचार की सुविधा दी जा रही है। डॉ योगी ने बताया कि नशे कि लत के लक्षण जैसे अचानक वजन घटना, उनकी भूख कम हो जाना, बाधित नींद पैटर्न, अनिद्रा (रात में सोने में कठिनाई) या हाइपरसोमनिया (बहुत लंबे समय तक सोना) शामिल है। कार्यक्रम में युवाओं व अस्पताल स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। वक्ताओं ने कहा कि नशे से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और समय रहते उपचार कराना अत्यंत आवश्यक है।

## सांभर में 70 वृद्ध व दिव्यांग जनों को उपकरण दिए

**सांभरझील,** (निसं)। यहां वार्ड नंबर तीन की पार्षद बिंदु कुमारी के अथक प्रयासों से सांभर में आज वृद्ध एवं दिव्यांग जनों के लिए लगाया गया शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

पूर्व पार्षद सिराजुद्दीन मंसूरी ने बताया कि प्रदेश सर्वोदय विकलांग सेवा समिति एवं भारत सरकार के उपकरण निर्माता कानपुर द्वारा 70 वृद्ध व दिव्यांगजनों को विभिन्न उपकरण वितरित किए गए, जिसमें 22 वृद्धजनों को श्रवण यंत्र, तीन साइकिल, 16 व्हील चेयर, 20 टॉयलेट सीट, 20 वॉकर, 14 छड़ी, कमर के बेल्ट 30 गले के पट्टे, 20 निकैप दिन गए। इस मौके पर पार्षद पति पुरुषोत्तम व पार्षद बिंदु कुमारी ने कहा कि समर्थ लोगों को जरूरतमंदों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। आज हम दोनों की आत्मा प्रसन्न है कि इस शिविर में सभी ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम मे एसडीएम अंजू वर्मा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

अध्यक्षता अभय तिवारी प्रदेश सर्वोदय विकलांग सेवा समिति द्वारा की गई। मंच संचालित जितेंद्र दुलारिया ने किया।कार्यक्रम संगठन महामंत्री दयाराम वर्मा, राहुल पाल सचिन गौतम, रामजीलाल मौर्य, विनोद दुलारिया, मुख्य संरक्षक प्रो डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा, पुरुषोत्तम बंसीवाल,नानकराम गनोलिया,,प्रताप ,व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद गट्टानी, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष कन्हैयालाल सकरवाल शाहिद अनेक लोगों की मौजूदगी रही।

## सांसद राव राजेन्द्र सिंह का किया अभिनंदन

**कोटपूतली।** जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह के जन्मदिवस पर गुरूवार को बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शाहपुरा स्थित सांसद कार्यालय पहुंचकर सांसद राव राजेन्द्र सिंह का माला, साफा पहनाकर व महात्मा ज्योतिबा फूले का चित्र भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेष मंत्री गुड्डू सैनी, लीलाराम सरपंच, किसान नेता रोहिताष कसाना, चन्दाराम डोई, सतीश चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

## बिजली कटौती से आमजन परेशान

**पावटा।** बिजली कटौती एक सामान्य प्रक्रिया है। लेकिन यह कुछ घंटों तक हो तो ठीक है लेकिन यदि पूरे 24 घंटें तक बार-बार बिजली कटौती जारी रहे तो बात हैरानी वाली नजर आती है।

उपखंड पावटा मुख्यालय पर रविवार शाम से सोमवार दोपहर तक बार-बार बिजली कटौती जारी रही। गांवों में तो और भी हालात विकट हो गए हैं। रविवार को अधिकतर गांव रातभर अंधेरे में डूबे रहे। सोमवार दिन में भी बार-बार बिजली कटौती से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पावटा कस्बे में गत रात लगातार करीब पांच घंटे तक बिजली कटौती रही। इसके अलावा बीच-बीच में भी बिजली कटौती का दौर जारी रहा। बिजली विभाग है कि बारिश व लाइन फॉल्ट का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से बचने का प्रयास कर रहा है। पावटा कस्बा सहित क्षेत्र में डिस्कॉम द्वारा की जा रही अघोषित बिजली कटौती ने पेयजलापूर्ति को भी बिगाड़ दिया है।

## बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** निवाई थाना क्षैत्र में गत 02 जून को परमानन्द जी महाराज के पास निवाई से अज्ञात चोर द्वारा मोटरसाईकिल को चुराकर ले जाने के मामले में पुलिस उप-अधीक्षक निवाई मृत्युन्जय मिश्रा एवं थानाधिकारी निवाई रामजीलाल द्वारा गठित टीम ने चोरी की वारदात के मामले में कार्यवाही करते हुए जगह-जगह संदिग्ध स्थानों पर दबिश देकर एवं 50 से अधिक सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई।

गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर चोरी गई मोटरसाईकिल को ग्राम खिडगी से बरामद की गई एवं अज्ञात आरोपियो की तलाशी शुरू कर जिसके बाद 5-6 संदिग्ध व्यक्तियों से पुछताछ की गई तो सामने आया कि आरोपी सफीक उर्फ बुणा पुत्र शमशूखां बंजारा उम्र 22 साल, मुकेश कुमार 35 निवासी सरपंच की ढाणी खिडगी को डिटेन कर पुछताछ के बाद आरोपी मुकेश गुर्जर ने उक्त मोटरसाईकिल को चोरी कर अभियुक्त सफीक उर्फ बाणा को बेचना स्वीकार किया। इसी प्रकार नरेश बैरवा पुत्र श्री रमेश बैरवा द्वारा थाना निवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुलदीप बैरवा, मनमोहन मीणा, किशन गवारिया ने दुकान पर आकर मेरे एवं मेरे भाई के साथ मारपीट की हैं।

## बंदर के हमले से महिला घायल

**पावटा।** विराटनगर कस्बे में छत पर कार्य करने गई महिला पर बंदरों ने हमला बोल दिया।

बंदर के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने महिला को उपचार के लिए विराटनगर अस्पताल में भर्ती कराया है। विराटनगर कस्बे के वार्ड न.6निवासी चंद्रा सैनी गुरुवार की सुबह अपनी मकान के छत पर कार्य करने गई थी। इस दौरान बंदर अचानक छत पर आ गया। बंदर ने महिला पर हमला बोल दिया जिसमें महिला घायल हो गई। घटना के दौरान परिजन महिला की ओर दौड़े। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 'सिंधी संस्कृति व सिंधी भाषा का बच्चों को ज्ञान देना पुण्य का काम'

**किशनगढ़ बास ।** पूज्य सिंधी पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा के द्वारा आयोजित 11 दिवसीय सिंधी बाल संस्कार शिविर का समापन समारोह इस्माइलपुर दरबार के संत ललित सांई की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

सिंधी समाज के प्रवक्ता सुनील बतरा ने बताया कि पूज्य सिंधी पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा द्वारा आयोजित 15 जून से संत कंवर राम हरि मंदिर में चल रहे सिंधी बाल संस्कार शिविर का 25 जून बुधवार को बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया । समापन कार्यक्रम का इष्टदेव भगवान झूलेलाल की आरती एवं बच्चों द्वारा सरस्वती माता की वंदना तथा सिंधी गीत के साथ शुभारंभ किया गया । इस्माइलपुर दरबार के संत ललित सांई का पूज्य सिंधी पंचायत के मुखी गोकुलदास मृगवानी एवं पूज्य बहराणा मंडल के बाबा बाबूलाल चंदनानी ने साफा एवं फुलमाला तथा दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया। संतो के साथ पधारे कीर्तन मंडली का सिंधी पंचायत के सदस्य दर्शन लाल बतरा नेमराज बतरा, झामन दास हरवानी, तीरथ दास बतरा ने दुपट्टा एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया ।

समारोह मे भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश महामंत्री गिरधारी लाल ज्ञानानी, प्रताप कटहरा, राजकुमार दादवानी, शिशुपाल, नत्थूमल रामलानी, वल्लभठाम के मुखी वासदेव दासवानी, पार्षद जाजन मुलानी, घनश्याम दास चंचलानी, नारायण दास नारी का स्वागत भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष प्रभु दयाल चंदनानी, सरपंच जनेश भूटानी , चतुर्भुज बजाज ,लक्ष्मण दास मंगलानी, मुरलीधर बच्चानी, बंटी हरवानी, संजय बजाज, धर्मेद्र हरवानी, विनोद बच्चानी, नवीन मदान,धनराज जेठानी ने फूलमाला और दुपट्टा पहनाकर किया ।

दसवीं बोर्ड एवं 12वीं बोर्ड में 90 अंक से ज्यादा लाने वाले प्रतिभावान 11 बच्चों को साफा , फूलमाला पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक व प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया गया तथा 2025 में सिंधी समाज की राधिका इसरानी को स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया में सरकारी नौकरी प्राप्त करने पर सम्मान प्रतीक , प्रमाण पत्र दुपट्टा एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया ।

11 दिवसीय सिंधी बाल संस्कार शिविर में अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई गई जिसमें कलर भरो प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में गौरांश मंघनानी प्रथम, हंशित वलेचा द्वितीय स्थान पर रहे, सीनियर वर्ग में रिद्धि चंदनानी प्रथम, अनमोल वाधवानी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।


**आम सूचना**
... श्रीमती जया महावर पत्नि श्री ब्रिज मोहन महावर, पुत्री श्री अमर लाल महावर, उम्र 50 वर्ष, जाति-कोली, निवासी-म.नं.-2877, चौकड़ी हजूरी, कोलियों की कोठी, लम्बी गुआड़ी, जयपुर (राज.) की है जिनके दो पुत्र यश महावर व रूपेश महावर है। वर्तमान में बड़ा पुत्र यश महावर विवाहित है तथा छोटा पुत्र अविवाहित है, जिनमें से मेरी अभिभाष्या का बड़ा पुत्र यश महावर व उसकी पत्नि जो कि मेरी अभिभाष्या के कहने में नहीं है, प्रत्येक कार्य में अपनी मनमर्जी करते है। इस कारण मेरी अभिभाष्या के द्वारा आज दिनांक 26.06.2025 को अपने बड़े पुत्र यश महावर को अपने परिवार तथा अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया गया है जिसके कारण वर्तमान में मेरी अभिभाष्या का बड़ा पुत्र अपनी पत्नि के साथ मेरी अभिभाष्या से अलग निवास कर रहा है, अब उसका मेरी अभिभाष्या से किसी भी प्रकार का कोई सम्बन्ध व लेना देना नहीं रहा है, यदि अब कोई भी व्यक्ति या संस्था मेरी अभिभाष्या के पुत्र यश महावर से किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करेगा अथवा किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी अभिभाष्या की नहीं होगी, सूचित रहे।
जयपुर (महेश चावला) एडवोकेट
दिनांक 26/6/2025 मोबाइल : 9414200101



**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य बाबू खान पुत्र भूरे खां, तोपचीवाड़ा, मनोहरपुर जयपुर का हूं। मेरा पुत्र शाबिर व पुत्री सबिया मेरे अभिभाष्य के साथ गाली गलौच व मारपीट करते है इसलिये मेरे अभिभाष्य इससे काफी दुखी है। मेरे अभिभाष्य ने अपने पुत्र शाबिर पुत्री सबिया को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हुये उससे अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये है। भविष्य में कोई भी व्यक्ति, संस्था मेरे अभिभाष्य के पुत्र शाबिर पुत्री सबिया से कोई लेन देन करेगा या सम्बन्ध रखेगा तो वह स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरे अभिभाष्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। अब पुत्र शाबिर पुत्री सबिया का मेरे अभिभाष्य की चल व अचल सम्पत्तियों में कोई हक व हिस्सा नहीं है। सूचित रहे।
दिनांक : 26.6.2025 (प्यारे मियाँ), एडवोकेट



**कार्यालय नगरपालिका श्रीमाधोपुर ( सीकर )**
क्रमांक : न.पा.श्रीमा./2025-26/890 दिनांक : 26.6.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका श्रीमाधोपुर में निम्नलिखित व्यक्ति के द्वारा अपने नाम के सम्मुख अंकित प्रयोजन हेतु आवेदन किया गया है। अतः निम्न अंकितानुसार व्यक्ति के आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो, तो नगरपालिका श्रीमाधोपुर में 15 दिवस में मय सबूत अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा बाद गुजरना म्याद नियमानुसार प्राप्त आवेदन पर एकतरफा कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम मय पता | प्रयोजन | भूखंड/सम्पत्ति का विवरण जहां स्थित है |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री भागीरथमल सैनी पुत्र श्री दीपाराम सैनी, वार्ड नं. 08 तहसील रोड, जालपाली श्रीमाधोपुर। | आवासीय से चिकित्सा (हॉस्पिटल) भू-उपयोग परिवर्तन | वार्ड नं. 08 तहसील रोड जालपाली श्रीमाधोपुर पट्टेशुदा भूखंड क्षे. 459.14 व.मी. |

( डॉ. अशोक कुमार ), अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर



**OFFICE THE GRAM PANCHAYAT THOI**
**PANCHAYAT SAMITI SHRIMADHOPUR (SIKAR)**
No.Eproc/2025-26/66 Date:-26/06/2025

**E-Procurement Notice Inviting Bids**

NIB No SMD2526A0081 Date 26-06-2025 Bids for For the Rest house construction work Scheduled Caste Mohalla Thoi Of Estimated Value RS 7.00 Lakh Having UBN number SMD2526WSRC00080 are invited from interested bidders up to 6.00 pm 02-07-2025 The electronic procurement process shall be carried out on e-procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in only. The information on this bid is also available on http://sppp.raj.nic.in and http;//eproc. rajasthan.gov.in

ADMINISTOR / VILLAGE DEVELOPMENT OFFICER
GRAM PANCHAYAT THOI / GRAM PANCHAYAT THOI
PANCHAYAT SAMITI / PANCHAYAT SAMITI
SHRIMADHOPUR (SIKAR) / SHRIMADHOPUR (SIKAR)



**Office of The Gram Panchayat Kotari Dhaylan Khandela**
Sno: tender/2025-26/SPL Date : 25/06/2025

**TENDER NOTICE**

E-tenders are invited under open tener process from registered contractors/contractors etc. for civil work in Gram panchayat Kotri Dhaylan in the financial year 2025-26. Detailed details of tenders can be seen on sppp.rajasthan.gov.in. The UBN NUMBER of the tender is PIT2526WSRC00145

VDO / parsasak
GP Kotri Dhaylan / GP Kotri Dhaylan



**खोया पाया**

जेडीए योजना रजत विहार, सीकर रोड़ के प्लॉट नं. सी/303 का आवंटन मुझे हुआ था, जिसका ओरिजिनल अलॉटमेंट लेटर कहीं गुम हो गया है, कृप्या मिलने पर सूचित करें: संजय कुमार शर्मा,9829625792



**नाम परिवर्तन**

मैने मेरा नाम ओमप्रकाश यादव से बदलकर गगन यादव रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे। गगन यादव, A-84, जगदम्बा नगर, हीरापुरा पावर हाउस के पीछे, अजमेर रोड, जयपुर, राज।

I Manoj Kanwar D/o Bhgwan Singh and W/o Laxman Singh Shekhawat R/o Ward No- 16, Nahar Singhani, PO- Narsinghanni, Dist- Jhunjhunun, Rajasthan - 333705, have changed my name to Minu Kanwar

I have changed my name from Thnisha Modi to Tanisha Modi W/o Gaurav Modi R/o D-201, Unnati Regedency, Sector-1, Vidhyadhar Nagar, Jaipur. For all purpose.



**कार्यालय ग्राम पचांयत जयरामपुरा**
**पंचायत समिति खण्डेला (सीकर) राज.**
क्रमांक :ग्रा.प./सामग्री/निविदा/2025-26/95 दिनांक : 23-6-2025

**ई-उपापन निविदा सूचना संख्या 01/2025-26**

ग्राम पंचायत जमरामपुचायत समिति खण्डेला वित्तीय वर्ष 2025-26 में महानरेगा योजना एवं अन्य सभी विकास योजनाओं में करवाये जाने वाले निमार्ण कार्यो के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु खुली प्रतियोगी बोली के माध्यम से दर संविदा हेतु ई-उपापन द्वि-प्रकमी बोली आंमत्रित की जाती है। राजस्थान वेट अधिनियम 2003 एवं जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के अन्तगर्त पंजीकृत / प्राधिकृत एवं अनुभवी विनिर्माता, थोक विक्रेता एवं अधिकृत डिलर्स एवं फर्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईड www.eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदायें वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये मान्य होगी। उक्त निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। उक्त कार्य के NIB Code - PIT2526A042 एवं कार्य के UBN NUMBER-PIT2526GLRC00144 है।

ग्राम विकास अधिकारी / प्रशासक
ग्राम पंचायत समिति जयरामपुरा / ग्राम पंचायत समिति जयरामपुरा
पं.स.खण्डेला (सीकर-राज.) / पं.स.खण्डेला (सीकर-राज.)



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल चाकसू, जिला जयपुर ग्रामीण ( राज. )**
क्रमांक: न.पा.चा./2025/2455 दिनांक : 26.6.25

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शीतला माता मन्दिर से वृद्धा आश्रम होते हुए गुदलिया की ढाणी के रास्ते का मार्गाधिकार निर्धारित नहीं किया हुआ है, जिससे इस रास्ते पर भूमि रूपान्तरण की कार्यवाही लम्बित है। अतः नविवि की अधिसूचना दिनांक 10.08.2020 की पालना में इस रास्ते की चौड़ाई 60 फीट निर्धारित की जानी है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या कोई सुझाव पस्तुत करना चाहे तो 10 दिवस में इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। 10 दिवस पश्चात प्रस्तुत गुणावगुण के आधार पर आपत्ति या सुझावों (प्राप्त होने की स्थिति में) का निस्तारण करके एवं आपत्ति या सुझाव प्राप्त नहीं होने की स्थिति में सीधे ही इस रास्ते का मार्गाधिकार 60 फीट निर्धारित कर दिया जावेगा एवं तद्नुसार भविष्य में मास्टर प्लान में शामिल कर लिया जावेगा। साथ ही इस रास्ते पर वर्तमान में लंबित तथा भविष्य में प्राप्त हेतु वाले प्रकरणों का निपटारा इस मार्ग को 60 फीट मानते हुए ही किया जावेगा। सूचित हो।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका चाकसू



**श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया**
पत्रांक-Dev/2025/54 दिनांक-26.06.2025

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया की साधारण सभा अध्यक्ष श्री फूलचंद लांगड़ी की अध्यक्षता में दिनांक 04.07.2025 वार शुक्रवार को देवधाम जोधपुरिया में की जायेगी। जिसमें भाद्रपद मेले व अन्य सभी विषयों पर चर्चा व निर्णय लिये जायेंगे।- अध्यक्ष,श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट जोधपुरिया, तह.निवाई, जि.टोंक(राज.)



**आम सूचना** दि. 26.06.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री श्रेयश मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा, निवासी फ्लेट नम्बर एस 1, प्लाट नम्बर 108, वंसुधरा कॉलोनी, बिग बाजार, के पीछे, टोंक रोड, लाल कोठी, जयपुर राजस्थान 302015 अपने स्वयं के तथा अपने पिताजी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा तथा अपनी माताजी श्रीमती शक्ति मेहरोत्रा पत्नी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा के सयुक्त स्वामित्व की अचल सम्पति आवासीय फ्लेट नम्बर एस -1, सैकिण्ड फ्लोर, प्लाट नम्बर 108, वंसुधरा कॉलोनी, टोंक रोड, गोपालपुरा मोड, जयपुर (राजस्थान) जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 1137 वर्गफीट है तथा टाप फ्लोर पर एक 40 फीट सर्वेन्ट रूम तथा स्टिल्ट फ्लोर पर एक रिजर्व कार पार्किंग सहित स्थित है जिसे मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल के पिताजी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा तथा मेरे मुवक्किल की माताजी श्रीमती शक्ति मेहरोत्रा पत्नी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया हुआ था जिसका ऋण खाता संख्या 674256470 है, उक्त श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा का स्वर्गवास 04.03.2024 को हो चुका है तथा श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा की माताजी श्रीमती सरोजनी देवी पत्नी स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा का स्वर्गवास दिनांक 07.11.2013 को हो चुका है, श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा के हिन्दू उत्तराधिकारी अधिनियम के तहत प्रथम श्रेणी के उत्तराधिकारी एवं वारिसान में मेरे मुवक्किल श्री श्रेयश मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा, श्रीमती शक्ति मेहरोत्रा पत्नी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा तथा श्रीमती श्रुति मेहरोत्रा पत्नी श्री सुमित आनन्द पुत्री श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा है, इनके अलावा स्वर्गीय श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा का कोई विधिक उत्तराधिकारी अथवा वारिसान नही है, चूकि मेरे मुवक्किल एवं मेरे मुवक्किल के पिताजी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा तथा मेरे मुवक्किल की माताजी श्रीमती शक्ति मेहरोत्रा पत्नी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा के द्वारा लिए गए समस्त ऋण की अदायगी एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी. एफ.सी. लिमिटेड) को की जा चुकी है इसलिए मेरे मुवक्किल स्वयं के तथा मेरे मुवक्किल के पिताजी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा पुत्र स्वर्गीय श्री प्रयाग दास मेहरोत्रा तथा मेरे मुवक्किल की माताजी श्रीमती शक्ति मेहरोत्रा पत्नी श्री नरोत्तम दास मेहरोत्रा के सयुक्त स्वामित्व की उक्त अचल सम्पति के समस्त मूल दस्तावेज एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (बैंक मे विलय से पूर्व नाम एच.डी.एफ.सी. लिमिटेड) सी- 25, भगवान दास रोड़, सेन्ट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर- 302001 (राज.) से प्राप्त करना चाहते है, इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति अथवा बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या आक्षेप हो तो मय सबूत सात दिन की अवधि में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें, अवधि समाप्ति के पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरी मुवक्किल के विरुद्ध शून्य व बेअसर मानी जावेगी।

(श्याम सुन्दर चावला) एडवोकेट,
6/48, मालवीय नगर, जयपुर, मो.9829218044



**कार्यालय नगर पालिका मण्डल, चाकसू, जिला-जयपुर ग्रामीण (राज.)**
क्रमांक / न.पा.चा. / 2025 / 2381 दिनांक :- 24.06.2025

**आपत्ति आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस नगर पालिका क्षेत्र में स्थित विभिन्न भूखण्डों की निम्नानुसार पत्रावली / प्रार्थना पत्र मय साईट प्लान राजस्थान नगरीय क्षेत्र कृषि भूमि के अकृषि उपयोग के अनुज्ञा एवं आवंटन नियम 2012 एवं राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-क के तहत् निस्तारण हेतु विचाराधीन है :-

| क. सं. | नाम | पिता / पति का नाम | पता | एरिया | विषय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेन्द्र कुमार अजमेरा सुरेश कुमार अजमेरा, सीमा जैन | विरेन्द्र कुमार अजमेरा जितेन्द्र कुमार जैन | वार्ड नं. 19, सब्जी मण्डी के पास, चाकसू, जयपुर | 339.03 वर्गमीटर | 69-क |
| 2. | देवकी | वासुदेव | दस्तावेज अनुसार भू. संख्या 28 वार्ड नम्बर 13, नया 16, तिवाडी कॉलोनी, चाकसू पालिका अनुमोदित साईट प्लान एवं मौका अनुसार भूखण्ड संख्या 24 वार्ड नम्बर 13, नया 16, तिवाडी कॉलोनी, चाकसू | 140.83 वर्गमीटर | नियमन |
| 3. | शिव सिंह | रामचन्द्र | प्लॉट नं. 48, आदित्य नगर द्वितीय, सूरजकुण्ड रोड, वार्ड नं. 19 नया 29, चाकसू | 108.75 वर्गगज | नियमन |
| 4. | जगदीश गुर्जर | लाला राम गुर्जर | वार्ड नं. 6, नया 10, मोहल्ला खारीगूजरान, कस्बा चाकसू, जयपुर | 69.16 वर्गगज | 69-ए, नवीन पट्टा |
| 5. | श्रीमान् अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मण्डल शास्त्री नगर, जयपुर | जरिये भूपेन्द्र पाराशर | डाकघर मौहल्ला कसायान, फागी रोड, चाकसू, जयपुर | 711.11 वर्गगज | नवीन पट्टा |
| 6. | किशन लाल गुर्जर | जौहरी लाल गुर्जर | वार्ड नं. 6, नया 10, मोहल्ला खारीगुजरान, चाकसू, जयपुर | 131.02 | 69-ए, नवीन पट्टा |
| 7. | कृष्णा शेखावत | जितेन्द्र सिह शेखावत | भूखण्ड संख्या सी-10, शितला इण्डस्ट्रियल एरिया, चाकसू | 41.87 वर्गमीटर | नियमन |
| 8. | रेखा रंजन तृष्णा रानी नायक | राजकुमार बंशीवाल तरूण कुमार कंनवारिया | भूखण्ड संख्या IND-12, शितला इण्डस्ट्रियल एरिया, चाकसू | 504 वर्गमीटर | नियमन |
| 9. | गिर्राज सैनी | मूलचन्द सैनी | भूखण्ड संख्या 93, कृष्णा सरोवर, टोंक रोड, चाकसू | 83.61 वर्गमीटर | नियमन |
| 10. | गणेश नारायण जाट | रामकरण | प्लॉट नं. 11, साउथ एनक्लेव, चाकसू, जयपुर | 139.35 वर्गमीटर | नियमन |
| 11. | कानाराम जाट | गोदूराम जाट | भू. सं. 101, कृष्णा सरोवर, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर | 83.61 वर्गमीटर | नियमन |
| 12. | कृष्णा चौधरी | गोधुराम चौधरी | भू0 सं0 105, कृष्णा सरोवर, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर | 83.61 वर्गमीटर | नियमन |
| 13. | सुनीता देवी | शंकर लाल | भू0 सं0 105, कृष्णा सरोवर, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर | 41.80 वर्गमीटर | नियमन |
| 14. | घनश्याम सैनी | रामस्वरूप सैनी | भू0 सं0 35, कृष्णा सरोवर, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर | 106.06 वर्गमीटर | नियमन |
| 15. | भोजराज गुर्जर | माधोराम गुर्जर | भू0 सं0 116, कृष्णा सरोवर, टोंक रोड, चाकसू, जयपुर | 41.80 वर्गमीटर | नियमन |
| 16. | अमित शर्मा | दूर्गालाल शर्मा | भूखण्ड संख्या C-11, शितला इण्डस्ट्रियल एरिया, चाकसू | 41.76 वर्गमीटर | नियमन |
| 17. | शिव सिह | रामचन्द्र | भू0 सं0 48, आदित्य नगर द्वितीय चाकसू, जयपुर | 90.96 वर्गमीटर | नियमन |

उक्त भूमि के नियमन के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई भी आपत्ति है तो वह आपत्ति को लिखित में इस सूचना प्रकाषन की तिथि से सात दिवस के अंदर-2 इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। अवधि पष्चात् प्राप्त आपत्ति अंगीकार नहीं की जावेगी एवं तदानुसार प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा।

उक्त सूचना आज दिनांक 24.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं सील मुहर द्वारा प्रसारित किया गया।

राज.संवाद / सी / 25 / 5012 अधिशाषी अधिकारी



**राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मण्डल मुख्यालय, भरतपुर**
रेल्वे स्टेशन के सामने, भरतपुर- 321001 (राज.)
ई-मेल-scoutguidebtp05@gmail.com mob-8003097151

क्रमांक : म.मु./लेखा/निविदा/2025-26/1111 दिनांक : 26/6/2025

**खुली प्रतियोगी बोली सूचना संख्या 02/2025-26**

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, भरतपुर के तत्वावधान में आयोजित होने वालीं गतिविधियों में अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था (तैयार चाय-नाश्ता एवं भोजन मीनू अनुसार) आपूर्ति के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको गुणवतापूर्ण एवं समयबद्धता से, पंजीकृत बोलीदाता जो अल्पाहार-आपूर्ति की सक्षमता रखते हो तथा राज्य हित एवं स्काउट हित मे अल्पाहार आपूर्ति के इच्छुक हो ऐसे पंजीकृत फर्म/ संगठन / संस्थाएं/ हॉटल / रेस्टोरेंट/ केन्टिन का संचालन करने वालो से भोजन व्यवस्था हेतु खुली प्रतियोगी बोली के माध्यम से द्विप्रक्रमी बोलियाँ (तकनीकी व वित्तीय) निर्धारित प्रपत्र मे निम्न प्रकार प्राप्त की जावेगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | बोली प्रपत्र शुल्क | अमानत राशि | बोली दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय | बोली दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | तकनीकी बोली खोले जाने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था | 9 लाख | 200 रुपये | 18000/- | 21.07.2025 साय 6:00 बजे तक | 22.07.2025 दोपहर 12:00 बजे तक | 22.07.2025 अपरान्ह 02:00 बजे |

धरोहर राशि रू. 18000/- का बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चैक "राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड, मण्डल मुख्यालय, भरतपुर" के पक्ष में जमा कराना होगा। निविदा की शेष शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं।

सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट)
मण्डल मुख्यालय, भरतपुर

## संक्षिप्त

### शिविर में मिली राहत, जताया आभार

**कोटपूतली।** ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा, तहसील विराटनगर, जिला कोटपूतली-बहरोड़ के निवासी सुरेश कुमार रैगर पंडित ने दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित शिविर से तुरंत राहत मिलने पर सरकार का आभार जताया। गुरुवार को जयसिंहपुरा ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर की जानकारी सुरेश को ग्राम सरपंच द्वारा दी गई। सुरेश को शिविर में ही उपखण्ड अधिकारी, विराटनगर अमिता मान, शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार विराटनगर लालाराम यादव की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत आवास का पट्टा एवं संपत्ति से संबंधित दस्तावेज मौके पर ही सौंपे गए। दस्तावेज प्राप्त होने पर सुरेश ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए राज्य सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह शिविर आमजन को राहत पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। सुरेश एवं उसके परिवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आमजन व गरीब की सुनने वाली सरकार ने हमें आवासीय पट्टा प्रदान किया है। मेरे परिवार को लम्बे इंतजार के बाद स्वामित्व योजना में पट्टे का लाभ दिया गया है।

### मंदिर में लगाए सीसीटीवी कैमरे

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम नांगल के मुख्य बाजार में स्थित ठाकुरजी महाराज के मंदिर में भामाशाह ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए हैं। मंदिर पुजारी राकेश कुमार ने बताया कि मंदिर परिसर, परिक्रमा,निज मंडप,बरामदा और बाहर के प्रवेशद्वार के पास सुभाष चौधरी रीजनल हैड आईसीआईसीआई बैंक ने सीसीटीवी कैमरे लगवाकर पूरे मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरे की नजर में ला दिया है। बुधवार अमावस्या के दिन सुभाष चौधरी के पिता भोलाराम जाट और माता सिणगारी देवी ने मंदिर पुजारी राकेश कुमार को कैमरे, वाई-फाई भेंट किए जिन्हें इंस्टॉल किया गया। भामाशाह सुभाष चौधरी ने बताया कि चोर मंदिरों को भी नहीं बख्श रहे हैं, इस मंदिर में पूर्व में हुई चोरी का आज तक सुराग नहीं लगा है। दिल की आवाज सुनकर मंदिर परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से कैमरे लगवाए गए हैं।इस मौके पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य गोपीराम जाट, मुकेश भांखरिया, सतीश व्यास, राकेश कुमार, सुनील सांखला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आज

**श्रीमाधोपुर।** चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में आज 27 जून प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी एवम समाजसेवी छाजूराम खेडीवाल के अनुसार शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी,पुरानी खांसी से ग्रसित मरीजों को निःशुल्क परामर्श देंगे। मरीजों की छाती की जांच स्पाईरोमीटर से निःशुल्क की जाएगी।

### देवयानी सरोवर में बढ़ी पानी की आवक

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर देवयानी तीर्थ स्थल में मानसून की बारिश से करीब 1 फुट पानी आया। पानी की आवक बढ़ने से सरोवर हजारों मछलियों और अनेक कछुओं को जीवनदान मिला, क्योंकि भीषण गर्मी के कारण सरोवर का पानी वाष्पीकरण होकर उड़ने लगा था जिससे वन्य जीव प्रेमियों में चिंता व्याप्त हो रही थी। इसका कारण यह भी था कि तीर्थ स्थल में बारिश के पानी के अलावा आज तक किसी भी सरकार के स्तर से वैकल्पिक तौर पर पानी की कोई व्यवस्था नहीं हुई है और केवल बारिश के पानी के ऊपर ही तीर्थ स्थल का वजूद बचा हुआ है। विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री सुनील शर्मा बताते हैं कि देवयानी तीर्थ स्थल राजस्थान का एक प्रमुख तीर्थ स्थल है यदि इसे पुष्कर सरोवर के तर्ज पर विकसित किया जाए तो इसका और वर्चस्व बढ़ेगा।

### जिला कलक्टर गोस्वामी का स्वागत

**कोटपूतली।** तहसील ब्राह्मण सभा (ब्राह्मण समाज) के षिद्यमण्डल ने गुरूवार को अध्यक्ष नवरतन शर्मा के नेतृत्व में नव पदस्थापित जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी का स्वागत किया। इस मौके पर जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी का माला, साफा, गुलदस्ता, भगवान श्री परशुराम का दुपट्टा पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत अभिनंदन करते हुये आगामी कार्यकाल के लिये शुभकामनायें प्रेषित की।

# गिव अप' से हटेंगे अपात्र, मजबूत होगी खाद्य सुरक्षा की डोर : मंत्री सुमित गोदारा




खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने खैरथल व अलवर में ली अधिकारियों की बैठक, अभियान की समीक्षा कर दिए दिशा निर्देश।

**खैरथल/अलवर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग व उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने जिला परिषद अलवर में जिला कलक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला व सचिवालय खैरथल सभागार में जिला कलक्टर किशोर कुमार की मौजूदगी में खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विभागीय योजनाओं की प्रगति जानी और अभियान को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राज्य सरकार द्वारा संचालित 'गिव अप' अभियान को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित किया जाए। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम उपभोक्ताओं को स्वेच्छा से सब्सिडी वाले राशन का त्याग करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि वास्तविक जरूरतमंद और पात्र लाभार्थियों तक खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ पहुँच सके।

मंत्री ने निर्देश दिए कि पात्र उपभोक्ताओं की शीघ्र पहचान कर उन्हें योजना से तुरंत जोड़ा जाए।उन्होंने अपात्र लाभार्थियों से सब्सिडी वापसी का लक्ष्य तय करते हुए रसद अधिकारी को सभी उचित मूल्य की दुकानों पर पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर लगाए जा रहे कैंपों में लाभार्थियों की पात्रता की जांच कर योजना से जोड़ने तथा अपात्र लोगों को गिव अप अभियान के तहत योजना से हटाने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को कहा है कि योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए और जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान उन्होंने खाद्य सामग्री वितरण प्रणाली की वर्तमान स्थिति, वितरण की पारदर्शिता, शिकायत निवारण तंत्र और उपभोक्ता अधिकारों को लेकर चर्चा की। बैठक के पश्चात मंत्री ने मीडिया कर्मियों से बातचीत की और बताया की मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप प्रदेश में खाद्य सुरक्षा अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस अभियान के तहत पात्र लाभार्थियों को जोड़ने का कार्य तेजी से हो रहा है, वहीं "गिव अप" अभियान के माध्यम से अपात्र व्यक्तियों को स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना से नाम हटाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि अब तक प्रदेशभर में 21 लाख लोगों ने सब्सिडी छोड़ी है और राज्य में 37 लाख नए पात्र योजना से जोड़े जा रहे है। अभियान के तहत खैरथल-तिजारा जिले में 38376 अपात्र लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सब्सिडी छोड़ दी है। वही जिले में वर्ष 2022 में 22855 परिवारों में आवेदन किया जिसमें से अभी तक 7619 परिवारों को योजना से जोड़ा गया एवं 3213 परिवारों को अपात्र पाए जाने पर उनके आवेदन को निरस्त किया गया। वर्ष 2025 में अभी तक 7300 परिवारों ने आवेदन किया जिसमें से 3820 परिवारों को योजना से जोड़ा गया एवं 141 परिवारों को योजना में अपात्र पाए जाने पर आवेदक को निरस्त किया गया तथा शेष को भी लाभार्थी की जांच कर योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि सक्षम व्यक्ति द्वारा 30 जून तक सब्सिडी नहीं छोड़ी तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।मई माह तक सभी उचित मूल्य दुकानों के डीलर का बकाया कमीशन भी जारी कर दिया गया है। बैठक में जिला कलक्टर किशोर कुमार, पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट, पूर्व विधायक किशनगढ़ बास रामहेत सिंह यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, भाजपा जिला अध्यक्ष महा सिंह चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साहू, रसद अधिकारी राकेश सोनी सहित अधिकारी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर टेंडर लेने वाली फर्म को ब्लैक लिस्ट किया

**खैरथल।** खैरथल में फर्जी दस्तावेज बनाकर करोड़ों के टेंडर लेने वाली फर्म राज कांट्रेक्टर प्रोपराइटर पंकज राज को खैरथल नगर परिषद आयुक्त ने ब्लैक लिस्ट कर दिया है। 15 दिन पहले 10 जून को उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग जयपुर ने खैरथल नगर परिषद को फर्जी दस्तावेज बनाकर टेंडर लेने वाली फर्म राज कांट्रेक्टर को ब्लैक लिस्ट करने के आदेश दिए थे। नगर परिषद आयुक्त उप निदेशक के आदेशों को टालमटोल नीति के तहत कार्रवाई करने बच रहे थे लेकिन बाद में उच्च अधिकारियों के निर्देश पर फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई की।

नगर परिषद खैरथल आयुक्त ने फर्म राज कांट्रेक्टर प्रोपराइटर पंकज राज को ब्लैक लिस्ट करने की कार्रवाई के आदेश 23 जून को ही निकाल दिए और मीडिया से छुपा कर रखे। 10 जून 2025 को उप निदेशक क्षेत्रीय स्थानीय निकाय विभाग जयपुर के उप निदेशक विनोद परोहित ने आदेश जारी कर खैरथल अधिकारी को आदेश में कहा है कि राज कांट्रेक्टर फर्म द्वारा फर्जी दस्तावेजों के एडिटिंग कर फर्जी दस्तावेज तैयार करना पाया गया है। पत्र क्रमांक 4191 के दिनांक 23 मई 2025 के संदर्भ में दिनांक 2 जून 2025 के पत्र कमांक 862 की प्रेषित तथ्यात्मक जांच रिपोर्ट व उपलब्ध कराए गए दस्तावेजों की जांच से स्पष्ट है कि ठारों कार्यों की निविदाओं की शर्त संख्या 5 की पूर्ति श्रम विभाग में वैध पंजीयन का फर्म राज कांट्रेक्शन ने कूट रचित तरीके से जालसाजी कर फर्जी लाइसेंस प्रस्तुत कर कार्य आदेश प्राप्त किए, जो प्रमाणित होते है।

क्योंकि यह श्रम विभाग की वेबसाइट पर राज कॉन्टैक्टर द्वारा डाउनलोड होकर प्राप्त हुआ है। जिसके अनुसार राज कांट्रेक्टर के पास निविदा की तिथि का वैध लाइसेंस नहीं था। और उनका श्रम विभाग में लाइसेंस 31/12/2022 को ही कालातीत हो गया था। उक्त आवेदन उनके द्वारा श्रम विभाग में नवीनीकरण के लिए 2/12/2024 को प्रस्तुत किया गया।

# अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित पं. दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया तथा विभागीय अधिकारियों व शिविर प्रभारियों से योजनाओं के तहत अब तक पंजीकृत लाभार्थियों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से संवाद कर उनके अनुभवों और सुझावों का भी फीडबैक लिया।

इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत लक्ष्य आधारित वृक्षारोपण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले प्रत्येक पात्र व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का समुचित लाभ दिया जाए तथा सेवा वितरण में किसी प्रकार की कोताही न हो।निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व, ग्रामीण विकास, जलदाय, विद्युत, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक न्याय, कृषि, वन और पशुपालन विभाग सहित अन्य विभागों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने पीएचईडी को जल टंकियों की सफाई, लीकेज की मरम्मत तथा लंबित कनेक्शन तत्काल जारी करने के निर्देश दिए गए।

उन्होंने राजस्व विभाग को लंबित नामांतरण, सीमाज्ञान, पत्थरगढ़ी, कुरेजात एवं रास्तों के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश देए गए। साथ ही कोर्ट नोटिस की समय पर तामील सुनिश्चित करने को कहा गया। जिला कलेक्टर ने कहा कि अन्त्योदय संबल पखवाड़े के तहत राज्य सरकार यही उद्देश्य है कि सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि वे शिविरों में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर पात्रतानुसार लाभ प्राप्त करें और अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम पावटा कपिल कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

27 जून को उपखंड बानसूर में बाबरिया, गूंता, शाहपुर में, उपखंड नारायणपुर के मुण्डावरा में, उपखंड बहरोड के पहाडी और गंडाला ग्राम पंचायतों में, उपखंड कोटपूतली के खेड़ानिहालपुरा ग्राम पंचायत में तथा उपखंड पावटा में कैरोडी और प्रेमनगर ग्राम पंचायतों में, नीमराना के काठूवास और खुंदरोठ तथा उपखंड विराटनगर में किशनपुरा, सोठाना और कुहाड़ा ग्राम पंचायत में शिविर होंगे। इसी क्रम में 28 जून को उपखंड बानसूर के इशरा का बास, बबेडी, माची में और नीमराना के गूगलकोटा और पुतिना में कैंप आयोजित होंगे।

# बंदरों को पकड़ने के लिए 4 पिंजरे लगायेगी पालिका

**मनोहरपुर।** कस्बे की नगर पालिका ने बंदरों की समस्या से निपटने के लिए एक अनोखी पहल की है।

अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव ने बताया कि लंबे समय से कस्बे में बंदरों के आतंक से परेशान लोगों की शिकायत मिल रही थी जिसको देखते हुए नगर पालिका ने बंदरों को पकड़ने के लिए 4 पिंजरे स्वयं ही लगाने की योजना बनाई है।जिसमें टेंडर न निकाल कर नगर पालिका खुद से ही पिंजरे लगाकर बंदर को पकड़ने का कार्य करेगी।

अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव का यह कदम बंदरों के आतंक से परेशान शहरवासियों के लिए राहत दिलाना है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही नगर पालिका परिषद फंड से 4 पिंजरे कस्बे के पॉइंट पर लगाकर बंदर पकड़ने का कार्य शुरू किया जाएगा जिसमें नगर पालिका के कार्मिक भी लगाए जाएंगे।

जिसमें पिंजरों में सुरक्षा के इंतजाम किए जाएंगे ताकि बंदरों को सुरक्षित तरीके से पकड़ा जा सके।

## राजवंशी बने प्रवक्ता

**टोंक।** जर्नलिस्ट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के प्रदेशाध्यक्ष संजय सैनी, महासचिव सरेश पारीक के निर्देशानुसार एंव टोंक ईकाई जार के जिला संरक्षक एस.एन.चावला, संयोजक पुरूषोत्तम जोशी की सहमति से जिलाध्यक्ष ब्रिजेश परीडवाल ने जिला टोंक कार्यकारिणी का विस्तार कर घोषणा की है। कार्यकारिणी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामबाबू विजयवर्गीय पीपलू, राकेश जैन निवाई, उपाध्यक्ष वजाहत अख्तर टोंक, अशोक शर्मा, निर्भय राम मीना निवाई, मनोज टांक डिग्गी, चौतन वैष्णव देवली, प्रियदर्शन वैष्णव राजमहल एवं महासचिव रविन्द्र जौहरी टोंक को बनाया है। इसी प्रकार सचिव याकूब अली उनियारा, कमल मीना निवाई, मधुसूदन शर्मा दूनी, राजाराम गौतम टोंक, नासिर खान व लोकेश लक्ष्कार देवली, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता टोंक, कमलेश सैनी मीडिया प्रभारी टोंक, कार्यालय प्रभारी सुभाष सौदा एवं जिला प्रवक्ता अनिल विजय टोंक व राहुल राजवंशी को बनाया गया है,

## धर्मपाल जाट ने पुनः सम्भाला कार्यभार

**कोटपूतली।** नगर परिषद में गुरूवार को प्रशासनिक हलचल देखने को मिली। जहां लगभग एक माह पूर्व एपीओ किये गये आयुक्त धर्मपाल जाट ने एक बार पुनः अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया।

उल्लेखनीय है कि विगत 20 मई को स्वायत शासन निदेशालय (डीएलबी) ने तत्कालीन जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की प्रशासनिक रिपोर्ट पर विभिन्न अनियमितताओं का हवाला देते हुये आयुक्त जाट को मुख्यालय में उपस्थिति देने का आदेश देते हुये एपीओ कर दिया था एवं यहां पर आयुक्त का कार्यभार बहरोड़ नगर परिषद के आयुक्त नूर मौहम्मद को सौंपा गया था। हालांकि डीएलबी द्वारा आयुक्त पद पर किसी भी अधिकारी को नहीं लगाया गया था। वहीं दूसरी ओर एपीओ किये गये आयुक्त धर्मपाल जाट द्वारा डीएलबी के आदेश के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर पीठ के समक्ष अपील प्रस्तुत की गई थी। उक्त अपील पर विगत 23 जून को अधिकरण के अध्यक्ष विकास सीताराम्जी भाले व सदस्य लेखराज तोसावड़ा की डबल बैंच ने सुनवाई करते हुये इसे स्वीकार कर डीएलबी के आदेश पर स्थगन आदेश जारी किया है। साथ ही आयुक्त जाट को वहीं कार्यरत रखे जाने के आदेश भी दिये, जहां वे पूर्व में कार्यरत थे। इस पर गुरूवार को नगर परिषद पहुंचकर आयुक्त जाट ने कार्यभार ग्रहण कर लिया।

# जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में सुने आमजन के परिवाद

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि आमजन की परिवेदनाओं के स्थानीय स्तर पर त्वरित समाधान के लिए रात्रि चौपाल व जनसुनवाई के माध्यम से आमजन के बीच जाकर उनके परीवादों का संवेदनशीलता व गुणवत्ता के साथ समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाएं अधिकारीगण।

जिला कलक्टर ने बुधवार को उपखंड पावटा की ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन के परिवाद सुनकर

> आमजन के बीच पहुंचकर, उनकी समस्याओं को जाने व त्वरित निस्तारण करें : प्रियंका




जिला कलक्टर ने ग्राम पंचायत पांचुडाला में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन के परिवाद सुने।

नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को प्रत्येक परिवेदना पर प्रभावी कार्यवाही करने सहित उसका अपडेट रखने को कहा। उन्होंने कहा कि विभागों की योजनाओं के बारे में आमजन को अधिकतम जागरूक करें ताकि सरकार की मंशानुरूप अंतिम छोर तक व्यक्ति को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। इस दिशा में सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अपने विभाग की योजनाओं और सेवाओं का समुचित प्रचार-प्रसार करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल, सीएमओ से प्राप्त शिकायतें, रात्रि चौपाल व जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली परिवेदनाओं के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। रात्रि चौपाल में पेयजल संबंधी परिवाद प्राप्त होने पर जिला कलक्टर ने पीएचईडी के अधिकारियों को गर्मी व मानसून के मध्यनजर निर्बाध पेयजल व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने एवं आवश्यक स्थानों का चिन्हीकरण कर अविलंब टैंकर के माध्यम से जलापूर्ति सुनिश्चित करने, ट्यूबवेल व बोरवेल खराबी की समस्या प्राप्त होने या पाइपलाइन लीकेज की जानकारी प्राप्त होने पर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत आपूर्ति संबंधी समस्या प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आमजन को राहत पहुंचाने के लिए मेन पॉवर व उपकरण इंतजाम पुख्ता रखने को कहा।

इस दौरान विभिन्न परिवादी बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण, सीमांकन, गिरदावरी, पुलिस, चिकित्सा, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, पट्टा, शिक्षा, पेंशन की समस्याओं को लेकर पहुंचे। इस दौरान जिला कलक्टर ने आमजन से संवाद करते हुए उन्हें जागरूक रहकर योजनाओं का लाभ लेने, साथ ही जिले के सभी नागरिकों को अधिकाधिक संख्या में जनसुनवाई व रात्रि चौपाल का लाभ लेने की अपील की है। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम कपिल कुमार सहित विभागीय अधिकारियों ने लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में मौजूद आमजन को विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## सार-समाचार

### श्यामभक्तों ने गौशाला देखी



**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ की श्रीकृष्ण गौशाला का अंदरुनी एवं बाहरी कलेवर इतना आकर्षक एवं मन को लुभाने वाला है कि राह चलता भी इसके अंदर आकर इसका आकर्षक नजारा देखने को आतुर रहता है। अमावस्या के दिन जब अजीतगढ़ पूर्णतया बंद रहता है तो मुख्य सड़क मार्ग से गुजर रहे दिल्ली निवासी अंकित कुमार एवं उनके श्याम भक्त मित्र अपने आपको नहीं रोक सके और पहुंच गए श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ के परिसर में दर्शन करने। गौशाला परिसर में पहुंचकर उन्होंने गौशाला का बारीकी से अवलोकन किया, बगीची में घूम-फिरकर सफर की थकान उतारी, गौसेवा की एवं जाते-जाते गौ सेवार्थ 31 सौ रुपए का सहयोग राशि दे गए। गौशाला प्रबंधन के मोहनलाल पारीक ने दिल्ली निवासी अंकित कुमार एवं उनके मित्रों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

### शिविर का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा 2025 के अन्तर्गत 26 जून.25 को श्रीमाधोपुर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मऊ, भारणी, जुगराजपुरा व दिवराला में शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चारो पंचायतों के कैम्प में दिन भर लोगों में सरकारी योजनाओं में पंजीयन करवाने का उत्साह नजर आया। उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि उक्त शिविर में आम जन को लाभ पहुचाने के उद्देश्य से कुल 16 विभागों के कार्य एक ही जगह संपादित से ग्रामीणजनों की कई शिकायतों/कार्यों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चारों ग्राम पंचायतो में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडा शिविर में राजस्व विभाग ने 76 नामान्तरण, 27 सीमाज्ञान, 9 पत्थरगढ़ी, 23 रास्ते के प्रकरण और 15 आपसी सहमति से बटवारा के प्रकरण, पंचायत राज विभाग 309, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 21, कृषि विभाग 77, रसद विभाग 126, चिकित्सा विभाग 1278, पशुपालन विभाग 465, शिक्षा विभाग 47, सामाजिक सुरक्षा विभाग पेंशन 53, एवीबीएनएल 121, वन विभाग 27 प्रकरण निस्तारित किये गए।पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा शिविर में शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी अनिल कुमार, तहसीलदार जगदीश प्रसाद, विकास अधिकारी पंचायत समिति श्रीमाधोपुर सुनील कुमार, विकास अधिकारी पंचायत समिति अजीतगढ़ सुनिता कुमावत, प्रधान पंचायत समिति, सरपंच ग्राम पंचायत सहित सभी ब्लॉक स्तरीय विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। दिनांक 27 जून.25 को ग्राम पंचायत फुटाला, मुंडरू, जुगराजपुरा, खटकड, किशोरपुरा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### ठगी की आरोपी महिला गिरफ्तार

**बौंली/बामनवास।** भरतपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश के आदेशानुसार चलाये जा रहे हैं वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के तहत बामनवास थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक किरोड़ी लाल थाना बाटोदा, सवाई माधोपुर सेल से अजीत सिंह मोगा, हेड कांस्टेबल रामवीर सिंह, कांस्टेबल शत्रुघन एंव महिला कांस्टेबल गीता की विशेष टीम ने दो वर्ष से फरार 5हजार की ईनामी आरोपी महिला ममता मीना उम्र 29 वर्ष निवासी सुकार थाना बामनवास हॉल निवासी नरसिंह बिहार झोटवाड़ा जयपुर को गिरफ्तार किया है इस मामले को लेकर पुलिस थाना बामनवास में मुकदमा नंबर 3 एंव 160 /2023 धारा 420, 406 व अन्य आईपीसी के तहत दर्ज किया गया था, इस मामले में एसीजेएम कोर्ट गंगापुर सिटी ने स्थाई वांछित आरोपिया ममता मीना पत्नी संतोष को साइबर सैल की तकनीकी सहायता से जयपुर से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया है आरोपिया ममता उसका पति संतोष व ससुर हंसराज द्वारा भोले भाले लोगों को रुपए व चांदी सोने के जैवरात डबल करने एंव झाड़ फूंककर रुपए व जेवरात हड़प कर दो वर्ष से फरार चल रहे थे आरोपिया के पति व ससुर की तलाश जारी है आरोपिया को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### 'खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से हो'

**टोंक।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय फर्टिलाइजर डिस्ट्रीब्यूशन रेगुलेटरी टास्क फोर्स एवं जिला शिकायत निवारण समिति (डीजीआरसी) की बैठक हुई। जिला कलेक्टर ने खरीफ की फसल की बुवाई और उसके बाद रबी की फसल को लेकर जिले में फर्टिलाइजर (खाद) की उपलब्धता एवं मांग की स्थिति को लेकर कृषि विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी जिले में खाद की मांग, राज्य सरकार को समय-समय पर भेजी जाने वाली डिमांड का आकलन प्रो एक्टिव होकर करें। साथ ही, किसानों में खाद का वितरण पारदर्शी तरीके से हो, इसकी सुनिश्चिता के लिए कार्य योजना बनाएं। जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी से वर्तमान में जिले में खाद की उपलब्धता की जानकारी ली और कहा कि मांग और पूर्ति में संतुलन बनाए रखें। कालाबाजारी नहीं हो, ऐसे करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराएं। किसानों को उचित मूल्य पर ही खाद मिले, इसकी मॉनिटरिंग करें। किसानों की शिकायतों का तुरंत निस्तारण किया जाएं। बैठक में जिला कलेक्टर ने फसल बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को दिए जाने वाले फसल खराबे के मुआवजे में अनावश्यक टेक्निकल कमियां बताकर रोड़े नहीं अटकाएं। आगामी 15 दिवस में मुआवजे की कार्यवाही की जाएं।

### नशा निषेध दिवस आयोजित

**टोंक।** सआदत जिला अस्पताल में गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें चिकित्सकों व अधिकारियों ने नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव (अपर जिला न्यायाधीश) दिनेश जलथुरिया ने कहा कि नशे के कारण मनुष्य के शारीरिक, आर्थिक, सामाजिक, व्यवसायिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, ऐसे में जो भी व्यक्ति नशा करता है, वह जितना जल्दी हो सके अपनी नशे की आदत छोड़ दें। यदि आपको किसी प्रकार के नशे की लत छोड़नी है तो सबसे पहले इसके लिए आप खुद अपनी इच्छाशक्ति को जागृत करें और अपने निर्णय पर दृढ़ बने रहें एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ से सम्पर्क करें। काउंसलिंग एवं उचित दवाइयों के माध्यम से सभी प्रकार के नशीली पदार्थों को छोड़ा जा सकता है। नशे के कारण अपराध, भ्रष्टाचार में भी बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान मनोरोग एवं नशामुक्ति विशेषज्ञ डा. योगेश कुमार ने बताया कि नशा संबंधित समस्याओं से बचने के लिये नशा मुक्ति विशेषज्ञ से सलाह लें तथा 7-8 घंटे की नींद लें, नियमित व्यायाम करें, पौष्टिक आहार लें, परिवार एवं मित्रों के साथ समय व्यतीत करें एवं सकारात्मक सोच रखें। इस अवसर पर डा. अली जीशान हामिद, डा. रोहित संडेलवाल, डॉ. मो. ईमरान को मनोचिकित्सा क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रमुख चिकित्सा अधिकारी हनुमान बैरवा, उपनियंत्रक डॉ. चेतन जैन, डा. हेमंत कुमार इत्यादि कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

### निःशुल्क जल सेवा जारी

**फुलेरा।** फुलेरा जंक्शन पर पिछले कई दिनों से दैनिक रेलयात्री महासंघ के बैनर तले दैनिक रेल यात्रियों एवं आम यात्रियों के लिए पर चल रही आर.ओ के ठण्डे पानी की निशुल्क जल सेवा निरंतर जारी है। दैनिक रेल यात्री महासंघ के अध्यक्ष विष्णु कायल ने बताया कि यह जल सेवा प्रभारी श्याम लाल सैनी के नेतृत्व में स्थानीय स्टेशन पर आने वाली ट्रेनों के यात्रियों को दैनिक रेलयात्री, विभिन्न संगठनो के प्रतिनिधी, महिला शक्ति तथा पेंशनर्स साथियों के द्वारा प्रतिदिन सुबह से शाम तक शीतल जल निशुल्क पिलाया जा रहा है। इसी क्रम में महासंघ के अध्यक्ष कायल ने आगे बताया कि उक्त निशुल्क जल सेवा का समापन 29 जून को किया जाएगा। इस दौरान समारोह मे महासंघ की ओर से जल सेवकों व भामाशाहों का सम्मान किया जाएगा। गौरतलब है कि रेलवे स्टेशन पर दैनिक रेलयात्री संगठनो के बेनर पर प्रतिवर्ष की जाने वाली जल सेवा से रेल यात्रियों को गर्मियों में आर.ओ युक्त ठण्डे पानी की सुविधा मिलती है।



बतौर कप्तान मेरे लिए सबसे मुश्किल हरभजन सिंह और अनिल कुंबले में से किसी एक को चुनना होता था। ये वो प्लेयर्स नहीं थे जो पांच दिन के टेस्ट में बाहर बैठकर ब्रेक का मजे लेंगे, ये वो खिलाड़ी थे जो आते थे और पूछते थे कि मैं क्यों नहीं खेलरहा हूं? - सौरव गांगुली

पूर्व भारतीय कप्तान, अपने अनुभवों को साझा करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — राजिंदर सिंह



**भारतीय** (महिला और पुरुष) हॉकी टीम के पूर्व कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओलंपियन राजिंदर सिंह ने गुरुवार को यहां सुरजीत हॉकी स्टेडियम में आयोजित वार्षिक सुरजीत हॉकी कोचिंग कैंप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते कहा कि अगर किसी खिलाड़ी को सही समय पर सही रास्ता मिल जाए और सही ट्रैक पर चले तो वह खिलाड़ी निश्चित रूप से अपना लक्ष्य हासिल करता है। सुरजीत हॉकी वार्षिक कोचिंग कैंप में भाग लेना दर्शाता है कि इन खिलाड़ियों ने सही हॉकी ट्रैक चुना है।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे तेज 1,000 रन बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल डॉन ब्रैडमैन के नाम है, जिन्होंने यह उपलब्धि महज 13 पारियों में हासिल की थी।

# निसांका के नाबाद शतक की बदौलत श्रीलंका ने बनाई बढ़त



कोलंबो, 26 जून। श्रीलंका ने गुरुवार को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने पर श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 290 रन बनाये हैं। मेहमान टीम ने अपनी पहली पारी में 247 रन बनाए थे। श्रीलंका ने 43 रन की बढ़त ले ली है और उसके आठ विकेट अभी भी बरकरार हैं। पथुम निसांका ने नाबाद 146 रन बनाए, जबकि दिनेश चांदीमल सात रन से शतक से चूक गए। दूसरे विकेट के लिए 194 रन की साझेदारी करने के बाद वह अंतिम सत्र में आउट हो गए।

बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत 237 रन पर आठ विकेट के साथ की। श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों ने एक घंटे से भी कम समय में पारी को समेट दिया। सोनल दिनुशा (22 रन पर तीन विकेट) और असिथा फर्नांडो (51 रन पर तीन विकेट) ने मिलकर छह विकेट लिए। केवल तैजुल इस्लाम (60 गेंदों पर 33 रन) ने कुछ समय तक प्रतिरोध किया। जवाब में श्रीलंका ने शानदार बल्लेबाजी की और बांग्लादेश को शुरुआत से ही दबाव में रखा।

निसांका और लाहिरू उदारा (40) के बीच 88 रनों की ओपनिंग साझेदारी ने मैच की शुरुआत की, लेकिन लंच के तुरंत बाद उदारा को नईम हसन ने एलबीडब्लू आउट कर दिया।

इसके बाद गेंदबाजी का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। निसांका और चांदीमल ने गेंदबाजी की धज्जियां उड़ाईं और किसी भी गलती का फायदा उठाया। इस जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 194 रन जोड़े, जिसमें चांदीमल अंततः 93 रन पर आउट हो गए, उन्होंने नईम की गेंद पर रिवर्स स्वीप करने का प्रयास किया, जिनका दिन खराब रहा और उन्होंने 14 ओवर में 45 रन देकर एक विकेट लिया। मेहदी हसन मिराज और तैजुल इस्लाम की अगुआई में बांग्लादेश के गेंदबाजों ने कुछ समय के लिए नियंत्रण बनाए रखा, खासकर लंच के बाद और अंतिम सत्र की शुरुआत में। लेकिन इबादत हुसैन और नाहिद राणा की असंगत सीम गेंदबाजी ने उनके प्रयासों को विफल कर दिया, जिन्होंने 19 ओवर में मिलकर 87 रन दिए।

# वेस्टइंडीज ने दबदबा बनाया मगर ऑस्ट्रेलिया ने की वापसी



ब्रिजटाउन (बारबाडोस), 26 जून। जेडन सील्स और शमर जोसेफ की घातक गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट के पहले दिन आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 180 रन पर समेट दिया। 1995 के बाद से कैरेबियाई क्षेत्र में आस्ट्रेलिया का सबसे कम पहली पारी का स्कोर है। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला ऑस्ट्रेलिया के लिये कठिन जान पड़ा जब उसके तीन अहम बल्लेबाज मात्र 22 रन पर पवेलियन लौट गये।

हालांकि उस्मान ख्वाजा (56) और ट्रैविस हेड (59) ने 89 रनों की साझेदारी करके पारी को कुछ हद तक संभाला, लेकिन यह वापसी ज़्यादा देर तक नहीं टिक पाई और निचले क्रम के बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। जोसेफ ने 43 रन पर चार विकेट झटके जबकि सील्स ने 50 रन पर पांच विकेट हासिल किये। यह उनका तीसरा टेस्ट पांच विकेट लेने का कारनामा है। जोसेफ़ के चार कैच छूटे नहीं होते तो वे और भी कैच पकड़ सकते थे, जिनमें से दो कैच उन्होंने अपनी गेंदबाजी से छोड़े थे। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने हालांकि मैच में वापसी का सफल प्रयास किया जब मिशेल स्टार्क ने शुरुआत में ही क्रेग ब्रैथवेट और जॉन कैंपबेल को आउट करके मेजबान टीम का स्कोर 16/2 कर दिया। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने दबाव जारी रखा और एक-एक विकेट चटकाए, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर 55/4 पर पहुंच गया। डेब्यू करने वाले ब्रैंडन किंग ने मुश्किल दिन का सामना किया, उन्होंने तीन कैच छोड़े, जिनमें से दो गली में और एक ख्वाजा का था।

## हैम्पशायर ने टी-20 ब्लास्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया के लिन को किया अनुबंधित

लंदन, 26 जून। हैम्पशायर ने अपने शेष टी20 ब्लास्ट ग्रुप मैचों के लिए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज क्रिस लिन को अनुबंधित किया है। हॉक के पास ग्रुप चरण में छह और गेम हैं और लिन का आगमन दक्षिण अफ्रीकी जोड़ी लुआन-ड्रे प्रीटोरियस और डेवाल्ड ब्रेविस के अंतरराष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित करने के बाद हुआ है। दक्षिण अफ्रीका को 28 जून से जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेलनी है।

## सर्जरी के बाद सूर्यकुमार यादव की सेहत में सुधार

म्यूनिख, 26 जून। भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव जर्मनी में हर्निया की सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं और उनकी सेहत में अपेक्षित सुधार है। सूर्यकुमार ने सोशल मीडिया पर खुलासा किया कि उन्होंने यहां सर्जरी करवाई है और वह पहले की तरह ही मैदान पर वापसी के लिए उत्सुक हैं। उन्होने लिखा , पेट के निचले हिस्से में स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करवाई है। यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सर्जरी के बाद मैं स्वास्थ्य लाभ ले रहा हूं। वापसी का बेसब्री से इंतजार है। भारत के इस विस्फोटक बल्लेबाज ने भारत के लिए आखिरी बार फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेला था।

## राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी जीती

जयपुर, 26 जून। अंडर-16 अरावली कप में राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 230 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाए! नितिन ने 61, पुनीत यादव ने 60 और शिफान खान ने 42 रनों



को योगदान दिया। कैंडलविक क्रिकेट अकादमी की ओर से हिमांक और अतर्रे ने दो - दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कैंडलविक क्रिकेट एकेडमी 40 ओवर में 135 रन 9 विकेट के नुकसान पर बना सकी। दक्ष पारीक ने 29, हर्षित कुमावत ने 27 और अथर्व अग्रवाल ने 25 रन का योगदान दिया। राजीव गांधी क्रिकेट अकादमी की ओर से एकलव्य और शुभम गुर्जर ने 4-4 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच एकलव्य को चुना गया।

## भारत ने इंग्लैंड को दो विकेट से हराया

लंदन, 26 जून। भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मिश्रित दिव्यांग विटालिटी टी20 सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की। यह अवसर इसलिए भी ऐतिहासिक रहा क्योंकि पहली बार कोई भारतीय दिव्यांग टीम इस मैदान पर खेल रही थी।तारीख, मैदान और नतीजा तीनों ने 1983 की यादें ताजा कर दीं, जब कपिल देव की कप्तानी में भारत ने 25 जून को लॉर्ड्स में ही विश्व कप जीता था। जीत के बाद भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद के महासचिव रवि चौहान ने कहा कि, हम अपनी टीम की इस ऐतिहासिक जीत को कपिल देव सर की 1983 की विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं। मुकाबले के दौरान दोनों टीमों ने भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोषी के सोमवार को लंदन में निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए काली पट्टियाँ बाँधी थीं। इसके अलावा इस दिन यहां 25 जून को ही विश्व मिश्रित दिव्यांग दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

# दूसरे टेस्ट से पहले आर्चर घरेलू मैच खेलें तो बेहतर : माइकल वॉन



लंदन, 26 जून। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को भारत के खिलाफ दूसरा टेस्ट खेलने से पहले लाल गेंद से एक और घरेलू मैच खेलने की सलाह दी है। तेज गेंदबाज आर्चर भारत के खिलाफ दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। आर्चर रविवार से काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स टीम से खेलेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक, आर्चर काउंटी मैच में फिट रहे तो दूसरे टेस्ट में उन्हें खिलाया जा सकता है। दूसरा टेस्ट दो जुलाई से एजबेस्टन में खेला जाएगा। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने भी भारत-इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले बयान दिया था कि 30 साल के आर्चर फिर से टेस्ट जर्सी पहनने के लिए बेताब हैं। आर्चर चार साल से टेस्ट टीम से बाहर हैं।

आर्चर ने इस सप्ताह की शुरुआत में चार साल से अधिक समय के बाद लाल बॉल से अपना पहला मैच खेला। वह चेस्टर-ले-स्ट्रीट में डरहम के खिलाफ चार दिवसीय मैच में ससेक्स के लिए उतरे और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की झलक दिखाई। आर्चर ने 31 रन बनाए और 18 ओवरों में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया था।

राष्ट्रीय चयनकर्ता ल्यूक राइट ने आर्चर के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी को टेस्ट क्रिकेट में वापसी का रास्ता माना था, लेकिन वॉन को भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए इस बेहतरीन दाएं हाथ के गेंदबाज को जल्दबाजी में शामिल करने का कोई कारण नहीं दिखता। इंग्लैंड पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाए हुए है। वॉन का मानना है कि आर्चर को रविवार से वारविकशायर के खिलाफ ससेक्स के लिए एक और चार दिवसीय मैच खेलना चाहिए और देखना चाहिए कि वह अपनी चोट से कितने उबर गये है, उसके बाद ही उन्हें टेस्ट टीम में शामिल किया जाना चाहिए।

वॉन ने बीबीसी से कहा, अच्छी बात यह है कि जोफ्रा की वापसी हो रही है, लेकिन मैं उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलते देखना चाहूंगा। वह चार साल से लंबे प्रारूप में नहीं खेले हैं, तो डरहम के खिलाफ ससेक्स के लिए एक मैच के बाद आप उसे वापस क्यों बुलाएंगे। उन्होने कहा हम जानते हैं कि टेस्ट मैच के स्तर पर काउंटी क्रिकेट से बहुत अलग होता है। उसे एक और चार दिवसीय मैच खेलने दें। मैं उसी लाइन-अप के साथ जाऊंगा, जब तक कि गेंदबाज ठीक हैं और कोई परेशानी नहीं है तभी उसे खिलाना चाहिये। इंग्लैंड और भारत के बीच दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में शुरू होगा।

## विम्बलडन चैम्पियन क्रेजिकोवा चोट के कारण ईस्टबोर्न से बाहर

लंदन, 26 जून। विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा ने जांघ की चोट के कारण ईस्टबोर्न से नाम वापस ले लिया है। चेक गणराज्य की खिलाड़ी को अपने दोनों मैचों में तीन सेटों तक जाना पड़ा, जिसमें उन्होंने क्रमशः पहले और दूसरे राउंड में ब्रिटेन की हैरियट डार्ट और जोडी बर्रेज को हराया। क्वार्टर फाइनल में उनका सामना फ्रांस की वरवारा ग्रेचेवा से होना था, लेकिन मैच शुरू होने से पहले ही उन्होंने नाम वापस ले लिया। दो बार की प्रमुख एकल चैंपियन क्रेजिकोवा ने बुधवार को शुरू में समस्या महसूस की जो रात भर में और खराब हो गई। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, मुझे नाम वापस लेने का बहुत दुख है, क्योंकि मेरी दाहिनी जांघ में कुछ दर्द है।

## रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ किया नया करार



लिस्बन, 26 जून। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी क्लब अल-नासर के साथ दो साल का नया करार किया है जिसके बाद वह अपने 42वें जन्मदिन के बाद तक सऊदी प्रो लीग क्लब के साथ बने रहेंगे। पुर्तगाल के 40 वर्षीय कप्तान मैनचेस्टर यूनाइटेड को खराब परिस्थितियों में छोड़ने के बाद दिसंबर 2022 में रियाद स्थित टीम में शामिल हुए थे। उनका पिछला अल-नासर करार जून के अंत में समाप्त होने वाला था। एक्स पर एक पोस्ट में, रोनाल्डो ने लिखा एक नया अध्याय शुरू होता है। वही जुनून, वही सपना। आइए साथ मिलकर इतिहास बनाएं।

## पाक के खिलाफ तीन टी-20 की मेजबानी करेगा बांग्लादेश

ढाका, 26 जून। बांग्लादेश 20 जुलाई से मीरपुर में तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए पाक की मेजबानी करेगा। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान में इतने ही टी20 मैच खेलने वाले दोनों देश एक बार फिर सबसे छोटे प्रारूप में एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगे। पाकिस्तान में सीरीज में क्लीन स्वीप के बाद बांग्लादेश आगामी मुकाबले में जीत की राह पर लौटना चाहेगा।

## मुक्केबाजी टूर्नामेंट में लवलीना, निखत करेगी शिरकत

तेलंगाना, 26 जून। दो बार की विश्व चैंपियन निखत ज़रीन, ओलंपिक गेम्स टोक्यो 2020 की कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन और पूर्व विश्व युवा चैंपियन अंकुशिता बोरो, 27 जून से एक जुलाई तक तेलंगाना के सरूरनगर इंडोर स्टेडियम में खेले जाने वाले एलीट महिला मुक्केबाजी टूर्नामेंट में राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली शीर्ष भारतीय महिला मुक्केबाजों में शामिल होंगी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और तेलंगाना खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में तेलंगाना मुक्केबाजी महासंघ द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में 15 इकाइयों की मुक्केबाज़ भाग लेंगी, जिसमें आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष 12 टीमें रेलवे, हरियाणा, अखिल भारतीय पुलिस, सेवाएँ, पंजाब, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और सिक्किम शामिल हैं।



# जयपुर बना राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड का विजेता

जयपुर, 26 जून। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्माने बताया कि बीसीसीआई के आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र 2025-26 की पूर्व तैयारियों की लिए आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के निर्देशानुसार राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा बीसीसीआई सीनियर रणजी ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान सीनियर टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के जयपुर में खेले जा रहे मल्टीडेज फाइनल मैच के तीसरे दिन जयपुर ने श्रीगंगानगर टीम को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हारते हुए प्रतियोगिता की चैंपियन बनी।

फाइनल मैच के पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा रहे व विशिष्ट अतिथि फ़ाइनल मैच के पर्यवेक्षक व सिरोही जिला क्रिकेट संघ सचिव राजेश माथुर थे। साथ ही राजसमंद जिला क्रिकेट संघ सचिव गिरिराज सनाढ्य इस अवसर पर अतिथि के रूप में मौजूद थे। सभी अतिथियों का स्वागत आरसीए द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के पुरुस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि विमल शर्मा, राजेश माथुर ने कॉल्विन शील्ड की विजेता जयपुर, उपविजेता श्रीगंगानगर व प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों को ट्रॉफी व मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### युवाओं को हर स्तर पर खेल सुविधाएं उच्च स्तर पर प्राप्त हो जिसके लिए एडहॉक कमेटी हर संभव प्रयास कर रही : विमल शर्मा



प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर मीडिया से बात करते हुए आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य विमल शर्मा ने कहा की आरसीए एडहॉक कमेटी का जब से गठन हुआ है तभी से एडहॉक कमेटी अपने संयोजक जयदीप बिहानी के नेतृत्व में कार्य कर रही है जिसका एकमात्र उदेश्य राज्य में क्रिकेट का विकास सहित राज्य के युवा खिलाडियों को हर स्तर पर उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने की रही है। विमल शर्मा ने विशेष रूप से राज्य के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। उनकी मंशाराज्य के हर जिलों में युवाओं को हर स्तर पर खेल सुविधांए उच्च स्तर पर प्राप्त हो जिसके लिए एडहॉक कमेटी हर संभव प्रयास कर रही है।

# यूथ राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए जयपुर बालक एवं बालिका टीम की घोषणा

जयपुर, 26 जून। राजस्थान बॉल बैडमिंटन संघ एवं जोधपुर बॉल बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वाधान में युथ राज्य स्तरीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन दिनांक 27 जून से 29 जून 2025 तक जोधपुर में किया जा रहा है ! उक्त प्रतियोगिता में जयपुर की बालक एवं बालिका दोनों टीमें भाग लेने जा रही है !

जिला बॉल बैडमिंटन संघ के कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को खेल देकर रवाना किया। जयपुर जिला बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव शौकत अली मंसूरी के अनुसार उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली जयपुर बालक एवं बालिका टीमें इस प्रकार है :-

**बालक वर्ग :** नैतिक अग्रवाल (कप्तान), राकेश चौधरी (उप कप्तान), आदित्य शर्म, मिहिर शेखर शर्मा, प्रिंस प्रजापती, रोशन यादव, जतिन, मैथ्यू, निशांत, नितिन, अब्दुल अब्बास (कोच) , अंकित सिंह (मैनेजर)।



**बालिका वर्ग :** ट्विंकल (कप्तान), कशिश (उप कप्तान) आमना, हेमा, ख़ुशी, इशिका, वेदिका, ऋषिका, पायल, सुगना, खुशबु सिद्दीकी (कोच), कोमल सैन (मैनेजर)।


**कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक**
वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर, प्रतापनगर, उदयपुर
(विशाल पेट्रोल पम्प के सामने जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण परिसर)
क्रमांक : एफ ()/निविदा /MJSA2.2/PMKSY 2.0/2025-26/436 दिनांक : 19/6/2025

**ई निविदा सूचना 22-24/2025-26**

पीएमकेएसवाये 2.0 (जलग्रहण घटक) चरण प्रथम परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत गोगुन्दा (कुल 3 पैकेज) में जलग्रहण विकास कार्य / चारागाह विकास कार्य, अनुमानित मूल्य 191.58 लाख रुपये दिनांक 27.06.2025 को दोपहर 5.00 बजे तक इच्छुक बोलीदाताओं से आमंत्रित की जाती हैं। बोलियों से संबन्धित विस्तृत विवरण राज्य सरकार के पोर्टल (https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in/) पर देखे जा सकते हैं।
यूबीएन संख्या : WSC2526WSOB00563, WSC2526WSOB00564 WSC2526WSOB00565
अतिरिक्त अभियंता एवं पदेन परियोजना प्रबन्धक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर प्रतापनगर, उदयपुर
DIPR/C/8592/2025

**कार्यालय नगर परिषद्, झुन्झुनू (राज.)**
क्रमांक :—एफ(5)( ) NULM / 2025—26 / 4944 दिनांक :— 25.06.2025

**ई—निविदा संख्या 01/2025—26**
(NIB Code- DLB2526A2885)
कुल राशि – 36.98 लाख

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत (लाखो में) | 3698000 / — |
| कुल धरोहर राशि 2 प्रतिशत (रूपये में) | 73960 / — |
| निविदा डाउनलोड करने की तिथि | 26.06.2025 को सांय 1.00 बजे से 07.07.2025 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | 26.06.2025 को सांय 1.00 बजे से 07.07.2025 दोपहर 02.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि | 08.07.2025 प्रातः 11.00 बजे |

निविदा सूचना इंटरनेट साईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in वेबसाईट पर भी देखी जा सकती है।
आयुक्त
नगर परिषद झुन्झुनू
राज.संवाद / सी / 25 / 5095

**कार्यालय नगरपालिका मावली जिला उदयपुर (राज.)**
क्रमांक :— न.पा.मा. / स्टोर / 2025—26 / 230 दिनांक :— 25.6.25

**—:: ई निविदा सूचना ::—**

नगरपालिका मावली द्वारा वार्षिक अनुबन्ध 2025—26 हेतु निम्नांकित कार्यो के लिए पंजीकृत ठेकेदारो एवं अन्य विभागो के निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत नियमानुसार योग्य संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में मुहरबंद ई निविदाये आंमत्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण पोर्टल sppp.rajasthan.gov.in एवं http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती हैं।

| | |
|---|---|
| कुल कार्य | 1 |
| कार्यो कि कुल लागत | 40.00 लाख |
| ऑनलाईन फार्म मिलने / डाउनलोड करने की दिनांक | दिनांक 26.06.2025 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 07.07.2025 साय 06.00 बजे तक |
| ऑनलाईन फार्म जमा कराने की दिनांक | दिनांक 26.06.2025 प्रातः 09.00 बजे से दिनांक 07.07.2025 साय 06.00 बजे तक |
| ऑफलाईन निविदा शुल्क, धरोहर, दस्तावेज जमा कराने की अंतिम दिनांक | दिनांक 08.07.2025 प्रातः 11.00 बजे तक। |
| ऑनलाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 08.07.2025 दोपहर 02.00 बजे से। |
| ऑनलाईन वित्तिय निविदा खोलने की दिनांक | तकनीकी अर्हता रखने वाले की वित्तिय निविदा खोली जावेगी। |
| युबीएन कोड | DLB2526SLOB09102 |

निविदा से संबधित विवरण वेबसाईट http://www.sppp.rajasthan.gov.in व http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।इच्छुक संवेदको को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम सेवेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत होना आवश्यक है।
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका, मावली
राज.संवाद / सी / 25 / 5083

**पावरग्रिड बीकानेर IV ट्रांसमिशन लिमिटेड**
(पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की 100% पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कम्पनी)
बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवरिया सराय, नई दिल्ली—110 016

**सूचना**
(विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप—धारा (2) के अंतर्गत)

**पावरग्रिड बीकानेर IV ट्रांसमिशन लिमिटेड,** जिसका पंजीकृत कार्यालय बी—9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली—110016 में है, जो कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत निगमित है, ने पारेषण लाइनों के संबंध में पारेषण लाइसेंस प्रदान करने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 15 की उप—धारा (2) के अंतर्गत प्रक्रिया के अनुसार केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष आवेदन किया है। सब—स्टेशन और अन्य परिसंपत्तियां, जिनका विवरण दिया गया है: —

| क्र. सं. | पारेषण परिसंपत्तियों का नाम और स्थान | लाइन की लंबाई /क्षमता | पूरा होने का अनुमान लागत | अनुसूची सीओडी (जोड़ के मामले में) | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 220 केवी सेक्शनलाइज़र बे, 220 केवी बीसी बे और 220 केवी टीबीसी बे के साथ 2x500 एमवीए (7वां और 8वां), 400/220 केवी आईसीटी का विस्तार | आईसीटीः 2 नग (500 एमवीए), 400/220 केवी 400 केवी आईसीटी बेः 2 नग। 220 केवी आईसीटी बेः 2 नग। 220 केवी बेः 3 नग। | 122.88 करोड़ | 05.02.2027 | विनियमित टैरिफ तंत्र के तहत कार्यान्वित किया जाना है |
| 2 | 3 का कार्यान्वयन। मेसर्स फ्यूरीज़ सोलरेन प्राइवेट लिमिटेड (300 मेगावाट) (1 नग बे) और मैसर्स एसजेवीएन ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (500 मेगावाट) के इंटरकनेक्शन के लिए 220 केवी लाइन बे (2 नंबर बे) आरई पावर परियोजनाएं 765/400/220 केवी बीकानेर-IV पीएस पर | 220 केवी बेः 3 नग। | 18.54 करोड़ | 11.11.2026 | विनियमित टैरिफ तंत्र के तहत कार्यान्वित किया जाना है |

2. आयोग के समक्ष दायर किए गए पूर्ण आवेदन और अन्य दस्तावेज पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं www.powergrid.in/subsidiaries किसी भी व्यक्ति की पहुंच के लिए। आवेदन का निरीक्षण कंपनी के कार्यालय सी / ओ ईडी (टीबीसीबी), पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, सौदामिनी, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर —29, गुड़गांव 122001 में श्री मनोज कुमार पांडे, परियोजना प्रभारी, पावरग्रिड बीकानेर IV ट्रांसमिशन लिमिटेड या आयोग द्वारा निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोग के कार्यालय में भी किया जा सकता है।
3. आपत्तियां या सुझाव, यदि कोई हों, समाचार पत्र में नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर आवेदक या उसके प्राधिकृत एजेंट को आपत्ति(ओं) / सुझाव (सुझावों) की एक प्रति के साथ सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, 6वीं, 7वीं और 8वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली—110029 के समक्ष दायर किए जाएं।

स्थान : बीकानेर
तिथि : 27.06.2025
परियोजना प्रभारी,
पावरग्रिड बीकानेर IV ट्रांसमिशन लिमिटेड
PG/CC/Notice-22(SPV)/Advt-26/25-26 Centum

**कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ(चूरु)राजस्थान**
क्रमांकः— न.प.सु / स्टोर शाखा / 2025 / 2628 दिनांकः— 24.06.2025

**Corrigendum (शुद्धिपत्र)**

नगर परिषद कार्यालय द्वारा ई—निविदा सूचना—2025 कमांक 2146—50 दिनांक 06.06.2025 को जारी की गयी थी उक्त निविदा में दिनांक व शर्तो में संशोधन किया जाता है जिसका विवरण निम्नानुसार है :—

महत्वपूर्ण दिनांको का विवरण

| विवरण | दिनांक / समय |
|---|---|
| ऑन लाईन निविदा फार्म मिलना प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 11.06.2025 10:00 A.M. |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराना प्रारम्भ होने की दिनांक व समय | 11.06.2025 11:00 A.M. |
| ऑन लाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | 27.06.2025 12:00 P.M. |
| ऑन लाईन तकनीकी निविदा खोलने की दिनांक | 30.06.2025 05:00 P.M. |
| ऑन लाईन वित्तिय निविदा खोलने की दिनांक | 30..06.2025 05:00 P.M. |
| निविदा शुल्क / धरोहर राशि की मूल प्रति नगर परिषद सुजानगढ़ कार्यालय में जमा कराने की दिनांक व समयावधि | 27.06.2025 01.00 P.M. |

निविदा (NIB) में बिन्दू संख्या 12 पर अंकित शर्तः—(पंजिकरण नियम के अनुसार केवल "ए" एवं "एए" श्रेणी के अन्य विभागों में पंजिकृत संवेदक ही अपनी योग्यता सीमा तक निविदा में भाग ले सकता है।) उक्त शर्त को निविदा में से प्रत्याह्रत किया जाता है।

अतः निविदा में अंकित दिनांक / समय को शुद्धिपत्र ( Corrigendum ) में दी गई सारणी में अंकित दिनांक / समय के अनुसार पढ़ा जावे।
राज.संवाद / सी / 25 / 5036 आयुक्त, नगर परिषद सुजानगढ

**OFFICE OF THE MEDICAL SUPERINTENDENT**
RUHS HOSPITAL, Sector – 11, Kumbha Marg, Pratap Nagar, Jaipur - 302033 Ph. : 0141-279577 Email: supdt.hms@ruhsraj.org
No. :- RUHS HMS/Store/2025-26/5349 - 5350 Date :- 25/06/2025

**अल्पकालीन दर संविदा सूचना**

राज.स्वा.वि.वि. आयुर्विज्ञान चिकित्सालय के लिए कार्य की प्रकृति के आधार पर निम्नांकित सेवाओं के उपापन हेतु वार्षिक दर संविदा के लिए निर्धारित निविदा प्रपत्र में ई—उपापन प्रक्रिया के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।

| Sr. No. | Description of Tender | Estimated Cost in Rs. | Bid Security in Rs. | Tender Fee in Rs. | RISL Processing Fee | Bid Submission Start Date/Time | Bid Submission End Date/Time | Bid Opening Date/Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Rate Contract for Procurement of Skilled Man Power (Security Man) as per nature of work for RUHS Hospital, Jaipur (CMS2526SLRC00044) | 100.00 Lacs | 2.00 Lacs | 1000.00 | 1500.00 | 25/06/2025 from 3:00 PM onwards | 05/07/2025 at 2:00 PM | 07/07/2025 at 11:00 AM |
| 2. | Annual Rate Contract for Procurement of Cleaning Work with Machine & Material (Unskilled Services as per nature of work) as per Nature of work at RUHS Hospital, Jaipur (CMS2526SLRC00045) | 200.00 Lacs | 4.00 Lacs | 1000.00 | 2000.00 | 25/06/2025 from 3:00 PM onwards | 05/07/2025 at 2:00 PM | 07/07/2025 at 02:00 PM |

Details may be seen in the Bidding Document at https://eproc.rajasthan.gov.in or on https://sppp.rajasthan.gov.in.
Medical Superintendent,
RUHS Hospital, Jaipur
Raj.Samwad/C/25/5061

# ‘युवा कभी सपने देखना बंद नहीं करें’

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने आईआईटी जोधपुर के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को पदक दिये



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को आई.आई.टी. जोधपुर के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।*

जोधपुर/जयपुर, 26 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह केवल एक स्मृति नहीं, बल्कि भविष्य की दिशा तय करने वाला मील का पत्थर है। यहां से निकलने वाले स्नातक वह युवाशक्ति हैं, जो विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने युवाओं से आ ान किया कि वे कभी सीखना बंद न करें, कभी सपने देखना बंद न करें तथा अपने हर निर्णय में ‘भारत प्रथम’ की भावना को अपनाएं।

**■ मुख्यमंत्री ने कहा कि आईआईटी जोधपुर मरुधरा की धरती पर चमकता हुआ मोती है।**

शर्मा गुरूवार को जोधपुर में आईआईटी, जोधपुर के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तथा पदक विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि आपने कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण से शिक्षा पूरी कर माता-पिता के साथ समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि आईआईटी जोधपुर मरुधरा की इस धरती में एक चमकता हुआ मोती है जो पूरे भारतवर्ष में अपनी चमक बिखेर रहा है।

इस अवसर पर आईआईटी जोधपुर के अभिशासक मंडल अध्यक्ष ए.एस. किरण कुमार ने कहा कि आईआईटी जोधपुर भारतीय उच्च शिक्षा में नवाचार और उत्कृष्टता का केन्द्र है। आज यहां से उपाधि प्राप्त स्नातक विद्यार्थियों के लिए देश एवं विश्व में रोजगार के अपार अवसर मिलेंगे।

कार्यक्रम में प्लाक्षा विश्वविद्यालय चंडीगढ के कुलपति प्रो. रूद्रप्रताप ने स्नातक की उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप केवल डिग्रीधारी नहीं, भारत के भविष्य निर्माता भी हैं।

मुख्यमंत्री ने आईआईटी जोधपुर संस्थान से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियां को उपाधि प्रदान कीं। साथ ही, संस्थान के विभिन्न पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण मेधावी विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों में स्वर्ण पदक एवं पुरस्कार प्रदान किए।

# भारत व अमेरिका में ताबड़तोड़ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उपायों की गंभीर समीक्षा ज़रूरी है। ऐसे मुद्दे अक्सर मुक्त व्यापार समझौतों को लंबा खींच देते हैं। जैसे जापान के साथ भारत की व्यापार वार्ता में, जापान ने अपने कृषि उत्पादों पर कोई रियायत देने से इनकार कर दिया था, जिससे पूरी बातचीत टूटने के कगार पर पहुँच गई थी। जापान का तर्क था कि वे केवल जापानी किस्म के चिपचिपे चावल का ही सेवन करते हैं, जो भारत में उत्पादित नहीं होता। कई अन्य कृषि उत्पाद भी अड़चन बने थे। एक और महत्त्वपूर्ण मुद्दा यह है कि कई देश केवल माल को अन्य जगह पहुँचाने का जरिया बनकर रह जाते हैं। चीनी उत्पाद नेपाल के रास्ते भारत में प्रवेश करते हैं, क्योंकि भारत और नेपाल के बीच व्यापार पर कोई शुल्क नहीं है। वरना इन चीनी उत्पादों पर भारत में प्रवेश के समय भारी शुल्क लगाया जाता। इसलिए, वार्ताकारों को उस माल, जिसका व्यापार होता है, पर स्थानीयता के मानक तय करने होते हैं। कहीं यह 80 प्रतिशत तक होता है, तो कहीं केवल 30 प्रतिशत। मैक्सिको और अमेरिका के बीच एक बड़ा विवाद इसी मुद्दे पर है, अमेरिका ने आरोप लगाया कि मैक्सिको को चीन अमेरिका से अपने माल का ट्रांज़िट पॉइन्ट बना रहा है, इन उत्पादों में कोई मैक्सिकन सामग्री नहीं है। लेकिन रैसिप्रोकल टैरिफ टालने के लिए वर्तमान व्यापार वार्ताएँ बंदूक की नोक पर वार्ता जैसी हो गई हैं। बहुत से बारीक और गंभीर मुद्दों को नज़रअंदाज़ किया जा रहा है, जो भविष्य में बड़े विवाद को जन्म दे सकते हैं।

**■ पर, भारत को आत्मसम्मान से ज्यादा अभी ‘‘सर्विस सैक्टर’’ जिसमें आईटी सेवा भी शामिल है, पर, भारी टैरिफ लगाए जाने के जोखिम से बचना चाहिए। क्योंकि, यह ‘‘सर्विस सैक्टर’’ ही भारत के अमेरिका को निर्यात का सबसे बड़ा हिस्सा है, उसमें थोड़ा भी नुकसान हुआ, तो भारत को बहुत भारी पड़ेगा।**

भारत और अमेरिका के बीच माल व्यापार दोनों देशों की समग्र अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में बहुत बड़ा नहीं है। हालाँकि कुछ क्षेत्रों के लिए यह महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन समग्र रूप में इसका दोनों देशों के लिए बहुत बड़ा आर्थिक प्रभाव नहीं है। भारत के लिए जो क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण है, वह है सेवा व्यापार (सर्विस ट्रेड)। भारत का आईटी और आईटी-सेवा क्षेत्र अपने अस्तित्व के लिए अमेरिका पर निर्भर है। हमारे अधिकतर सॉफ्टवेयर और उनसे संबंधित सेवाएं अमेरिका को निर्यात होते हैं, और इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की रोक भारत के लिए गंभीर संकट खड़ा कर सकती है। वर्तमान वार्ताओं में ध्यान मुख्य रूप से माल व्यापार पर है और सेवा व्यापार को ज्यादा नहीं छेड़ा जा रहा है। इसलिए भारत को चाहिए कि वह सेवा क्षेत्र को लेकर विशेष सावधानी बरते। भले ही कुछ रियायतें देनी पड़ें, लेकिन वर्तमान स्तर को बनाए रखना और, संभव हो तो, आगे बढ़ाना, भारत के लिए बेहद जरूरी है।

# एक्सिओम -4 ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हार्मनी मॉड्यूल से भारतीय समयानुसार शाम साढ़े चार बजे धीरे-धीरे जुड़ गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इसकी पुष्टि की है। ग्रुप कैप्टन शुक्ला इस मिशन के पायलट हैं। इस मिशन ने कल फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। मिशन में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के साथ पूर्व नासा अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोज़ उज़्नान्स्की-विस्निएव्स्की और हंगरी के टिबोर कपू गये हैं। शुक्ला ने अंतरिक्ष से दिल को छू लेने वाला संदेश भेजा जिसने लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संदेश में उन्होंने कहा “ आप सभी को अंतरिक्ष से नमस्कार ! मैं यहां बिल्कुल बच्चे की तरह सब कुछ सीख रहा हूं।’’ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम पर बारीकी से नजर रखने वाले वैज्ञानिक ड़ॉ आर सी कपूर ने कहा कि डॉकिंग एक नाजुक ऑपरेशन है।

# अक्टूबर-नवम्बर में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

करोड़ की परियोजनाओं की शुरुआत की, जिनमें वंदे भारत ट्रेन और निर्यात-योग्य लोकोमोटिव शामिल हैं। इसे एनडीए की चुनावी तैयारी का हिस्सा माना जा रहा है।

उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल पर डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया और भाजपा को सामाजिक न्याय के पक्षधर के रूप में प्रस्तुत किया। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव की कथित गड़बड़ियों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि भाजपा बिहार में चुनावी ‘‘मैच-फिक्सिंग’’ की कोशिश कर सकती है।

अलीनगर से भाजपा विधायक मिश्री लाल यादव को 2019 के एक हमले के मामले में दोषी पाए जाने पर 20 जून को अयोग्य घोषित कर दिया गया। बिहपुर से भाजपा विधायक इंजीनियर शैलेन्द्र ने उस समय विवाद खड़ा कर दिया, जब उन्होंने कहा कि वे मुस्लिम वोट लेकर जीतने के बजाय हारना पसंद करेंगे।

भाजपा 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों के लिए आक्रामक तैयारी कर रही है। संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर रही है, रणनीतिक जातीय नेताओं को आगे बढ़ा रही है, और प्रधानमंत्री मोदी के हाई-प्रोफाइल अभियान का लाभ उठा रही है।

हालाँकि पार्टी को लॉजिस्टिक लाभ हैं, लेकिन घटता वोट शेयर, सहयोगियों के साथ तालमेल की चुनौती, कानूनी झटके (जैसे विधायक की अयोग्यता), और विवादास्पद बयानों से भाजपा की छवि को नुकसान पहुँच सकता है।

# ‘अगले ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रंप के दावे को और अधिक विस्तार के साथ सामने रखा। रुबियो ने कहा कि एक ‘‘कन्वर्ज़न सुविधा’’ – जो परमाणु ईंधन को उस रूप में बदलने के लिए अति महत्वपूर्ण होती है, जो रुप परमाणु हथियार बनाने के लिये जरुरी है, नष्ट कर दी गई है। इज़रायल ने भी ट्रंप के दावों का समर्थन करते हुए एक बयान जारी किया।

सैटेलाइट तस्वीरों में भारी तबाही देखी जा सकती है, लेकिन उस स्थल पर या किसी अन्य स्थान पर उसके फिर से निर्माण में कितना समय और संसाधन लगेंगे, यह जान पाना तब तक असम्भव है, जब तक कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु निरीक्षकों को वहां पहुँचने की अनुमति नहीं दी जाती।

# ईरान के सुप्रीम लीडर खामनेई ने ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दूर भले ही हो गए हों, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने मुख्य मंच की जगह कीबोर्ड को चुन लिया है और डिजिटल विद्रोही बन गए हैं तथा ईरान की ‘‘जीत’’ पर गर्व करते हुए, वाई-फाई की मदद से ‘‘एक्स’’ पर तीखी प्रतिक्रियाएँ दे रहे हैं। खामनेई ने गुरुवार को लिखा, ‘‘इस्लामिक गणराज्य ने अमेरिका के गाल पर एक जोरदार तमाचा मारा। ईरान ने अल-उदीद एयर बेस पर हमला किया और उसे नुकसान पहुँचाया, जो इस क्षेत्र में एक प्रमुख अमेरिकी बेस है।’’ सर्वोच्च नेता ने ईरान के आम नागरिकों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा, ‘‘यह तथ्य काफी महत्वपूर्ण है कि इस्लामिक गणराज्य की इस क्षेत्र के अमेरिकी केन्द्रों तक पहुँच है और जब भी इसे आवश्यक लगेगा, कार्रवाई कर सकता है। ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी दोहराई जा सकती है। यदि कोई आक्रमण होता है, तो दुश्मन को उसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।’’

उन्होंने लिखा, ‘‘हमारे प्यारे ईरान की अमेरिकी सत्ता पर जीत के लिए मेरी बधाई।’’ ‘‘अमेरिकी शासन सीधे ही युद्ध में इसलिए उतरा, क्योंकि उसे लगा कि अगर वह ऐसा नहीं करेगा, तो यहूदी राज पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा। वह युद्ध में यहूदी राज को बचाने के प्रयास में उतरा था, लेकिन कुछ हासिल नहीं कर सका।’’ आक्रामक स्वर को जारी रखते हुए, उन्होंने आगे कहा, ‘‘उस सारी हलचल और सभी दावों के साथ, यहूदी राज को व्यावहारिक रूप से इस्लामिक गणराज्य के प्रहारों ने हरा दिया और कुचल दिया।’’ उन्होंने एक पोस्ट की शुरुआत करते हुए देशवासियों को ‘‘अनैतिक यहूदी शासन पर विजय’’ की बधाई दी।

खामनेई के ये ऑनलाइन बयान एक नाजुक और विवादास्पद युद्ध विराम के बीच सामने आए हैं, जिसकी मध्यस्थता अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने की, एक ऐसी उथल-पुथल के बाद, जिसमें इज़रायली और अमेरिकी सेनाओं ने मिलकर ईरान के तीन प्रमुख परमाणु केन्द्रों पर बमबारी की थी। ईरान ने कतर में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल हमला करके उसका जवाब दिया, जिसे तेहरान ने एक सफल प्रतिशोध के रूप में सराहा। हालांकि ईरानी नेता की ऑनलाइन बयानबाजी जोरों पर है, लेकिन वे सार्वजनिक परिदृश्य से गायब हैं। सरकारी मीडिया ने युद्ध की शुरुआत के बाद से उनकी कोई भी तस्वीर या फुटेज जारी नहीं की है। ‘‘रॉयटर्स’’ के अनुसार, खामनेई के करीबी अधिकारियों का कहना है कि उन्हें एक गुप्त भूमिगत बंकर में ले जाया गया है और वे संभावित हत्या के प्रयासों से बचने के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दूरी बनाये हुये हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, इज़रायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कथित रूप से इस संभावना को खारिज नहीं किया है कि खामनेई को निशाना बनाया जा सकता है, जबकि ट्रंप ने कथित रूप से, ऐसा कदम न उठाने की सलाह दी थी। जैसा कि न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट किया है।

रिपोर्टों के अनुसार, ईरानी सरकार के शीर्ष अधिकारी भी सर्वोच्च नेता से सीधे संपर्क नहीं कर पा रहे हैं।

मंगलवार को, ईरान के सरकारी टेलीविजन पर एक प्राइम टाइम इन्टरव्यू के दौरान, एक एंकर ने खामनेई के कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी मेहदी फाजेली से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा, ‘‘लोग सर्वोच्च नेता के बारे में बहुत चिंतित हैं। क्या आप हमें बता सकते हैं कि वे कैसे हैं?’’ एंकर ने पूछा। फाजेली ने प्रश्न को टालते हुए केवल इतना कहा, ‘‘हमें सभी को प्रार्थना करनी चाहिए। जिन लोगों को सर्वोच्च नेता की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई है, वे अपना काम कर रहे हैं।’’ तेहरान में सप्ताहांत के दौरान, अमेरिका और इज़रायल विरोधी प्रदर्शनों में महिलाएं खामनेई की तस्वीरें लिये हुये दिखाई दीं।

उनके समर्थन का यह प्रदर्शन उनकी अनुपस्थिति के बावजूद हुआ, और खामनेई की ओर से उन्हें ऐसा कोई संदेश या सीधा मार्गदर्शन नहीं मिला था।

ईरानी अखबारों ने भी चिंता जतानी शुरू कर दी है। दैनिक ‘‘खानेमैन’’ के संपादक मोहसिन खलीफेह ने कहा, ‘‘उनकी (खामनेई) कई दिनों की अनुपस्थिति ने हम सभी को, जो उन्हें प्यार करते हैं, बहुत चिंतित कर दिया है।’’ उन्होंने आगे कहा, ‘‘अगर खामनेई मर चुके होते, तो उनका अंतिम संस्कार बहुत शानदार और ऐतिहासिक होता।’’

‘‘रॉयटर्स’’ के अनुसार, बढ़ते हुए असमंजस को और बढ़ाते हुए, खामनेई द्वारा बनाई गई तीन धर्मगुरुओं की कमेटी, जिसे उनका उत्तराधिकारी चिन्हित करना था, ने भी अपने काम की गति तेज कर दी है।

ईरान के एक शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने एजेंसी को बताया कि खामनेई अब इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्र्स की विशेष सैन्य इकाई, ‘‘वली-ये-अम्र’’ के संरक्षण में हैं और अपने परिवार के साथ छुपे हुए हैं। 13 जून को इज़रायल द्वारा शुरू किया गया हवाई हमला ईरान के सैन्य नेतृत्व को भारी नुकसान पहुँचाने में सफल रहा, जिसमें कई शीर्ष कमांडरों और परमाणु वैज्ञानिकों की मौत हो गई, जिसे पश्चिम एशिया के इतिहास में सबसे उल्लेखनीय और बड़ा कदम माना जा रहा है। ईरान ने जवाबी हमले में पहली बार इज़रायल की उन्नत हवाई रक्षा प्रणालियों को बड़ी संख्या में नष्ट करने में सफलता प्राप्त की। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि हमलों के परिणामस्वरूप, उनकी सीमा के भीतर 627 लोग मारे गये और लगभग 5,000 घायल हुए हैं। हालांकि, इस कथन का स्वतंत्र सत्यापन कठिन है, क्योंकि मीडिया तक पहुंच पर कड़ी पाबंदियाँ हैं। इज़रायल में अधिकारियों ने 28 मौतों की पुष्टि की है।

# संविधान ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा, ‘‘न्यायाधीश को हमेशा यह याद रखना चाहिए कि हमारा कर्तव्य है, और हम नागरिकों के अधिकारों तथा संवैधानिक मूल्यों और सिद्धांतों के संरक्षक हैं। हमारे पास सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि एक दायित्व भी है,’’ उन्होंने कहा। ‘‘हमें स्वतंत्र रूप से सोचना चाहिए। लोग क्या कहेंगे, यह हमारे निर्णय की प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहिए।’’




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com **कोटा कार्यालयः**-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालयः**-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 **उदयपुर कार्यालयः**-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 **अजमेर कार्यालयः**-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :**- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :**- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालयः** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908